जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 30 संख्याः 129 प्रभात उदयपुर, सोमवार 13 मार्च, 2023 आर.जे. 7202 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.




*सन् 2020 में, नेपाल के सुदूर पश्चिम में दादेलधुरा जिले के जंगलों में नियमित पैट्रोलिंग के दौरान वन्यकर्मी विष्णु प्रसाद आचार्य ने एक अजीब सी बात सुनी। एक मंदिर के पुजारी ने बताया कि, पहाड़ी के जंगलों में उसने कई बार एक बंगाल टाइगर देखा है। विष्णु को यकीन नहीं हुआ, क्योंकि नेपाल में टाइगर दक्षिणी मैदानों में मिलते हैं, जो कि चुरे रेंज की तलहटी तक है। वहीं, दादेलधुरा का मंदिर महाभारत रेंज, अर्थात् हिमालय के निचले भाग में है, जो कि चुरे रेंज से अधिक ऊँचाई पर है। विष्णु ने सोचा कि, अगर पुजारी ने वाकई में टाइगर देखा था तो इसका अर्थ हुआ कि टाइगर दो पर्वत श्रृंखलाओं के पार तथा अपने ज्ञात आवास से 2000 मीटर से अधिक ऊंचाई पर विचरण कर रहा है। आचार्य के अनुरोध पर, डब्ल्यु. डब्ल्यु.एफ. के तराई आर्क लैण्डस्केप कार्यक्रम (टी.ए.एल.) ने इस क्षेत्र में मार्च-अप्रेल 2020 में 62 कैमरे लगाए। शोधकर्ता तब हैरान रह गए जब 2511 मीटर की ऊंचाई पर लगे कैमरे में एक टाइगर की तस्वीरें कैद हुईं। नेपाल के लिए यह एक रिकॉर्ड था। यह रिकॉर्ड बाद में पूर्वी नेपाल में टूटा, जब 3,165 मीटर की ऊँचाई पर लगे कैमरा ट्रैप में टाइगर की तस्वीरें कैद हुईं। यह खबर नेपाल में ही नहीं दुनिया भर में फैली। कहा गया कि, जलवायु परिवर्तन की वजह मैदानों में रहने वाले टाइगर, ठंडक की तलाश में ऊंचे पहाड़ी भागों में जाने लगे हैं। एक पूर्व अध्ययन में पूर्वी हिमालय के इस भाग को "क्लाइमेट रिफ्यूज़ियम" के रूप में चिन्हित किया गया है, छोटा सा एक ऐसा क्षेत्र जहां तापमान स्थिर रहता है। कैमरा ट्रैप के नतीजों के अध्ययन में सामने आया कि, दादेलधुरा के जंगल सिर्फ टाइगर के लिए ही नहीं बल्कि कई ऐसे स्तनपायी जीवों के लिए आवश्यक हैं, जो अब तक निचले भागों में ही देखे जाते थे। शोध के मुख्य लेखक और डब्ल्यु.डब्ल्यु.ई. नेपाल के कंचन थापा ने कहा, शोध के दौरान हमें 2,030 मीटर की ऊंचाई पर एक हायना की तस्वीर भी मिली, यह एक रिकॉर्ड है। शोधकर्ताओं ने कहा कि यह क्षेत्र इतने सारे स्तनपायी वन्य जीवों के लिए अनुकूल बन गया है, इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। इसका एक कारण है क्षेत्र का "फॉरेस्ट कवर"। यह वन क्षेत्र 1143 वर्ग कि.मी. क्षेत्र में फैला है। शोध यह भी बताता है कि, टाइगर के मूल आवास क्षेत्र, दक्षिणी मैदानों में टाइगर आबादी बढ़ गई है इसलिए नई जगह की तलाश कर रहे टाइगरों को ऊँचाई के क्षेत्र रास आ रहे हैं। आचार्य, जो शोध के सहलेखक हैं, ने कहा कि, नेपाल की पहाड़ियों व मैदानों में कनैक्टिविटी अच्छी है इससे टाइगर को घूमने में आसानी होती है।*

# तेलंगाना में सत्तारूढ़ बी.आर.एस. ने केन्द्र सरकार के खिलाफ खड़ा किया पोस्टर वॉर

## भारत राष्ट्र समिति (बी.आर.एस.) ने पोस्टर में प्र.मंत्री मोदी को "रावण" व अमित शाह को वॉशिंग पाउडर निरमा के "निरमा गर्ल" के रूप में दर्शाया

- **बी.आर.एस. ने गृह मंत्री अमित शाह के स्वागत में लगे पोस्टर में अन्य दलों से भाजपा में शामिल हुये नेताओं के चेहरे वॉशिंग पाउडर निरमा के "निरमा गर्ल" के चेहरों पर लगाकर तेलंगाना में जगह-जगह पोस्टर लगवाये हैं।**
- **पोस्टर में बी.आर.एस. ने तंज कसते हुए पोस्टर के माध्यम से यह कहा है कि, दूसरे दलों से भाजपा में शामिल होने वाले नेता विभिन्न घोटालों से जुड़े होने के बावजूद अब किसी केंद्रीय एजेंसी के छापे का सामना नहीं कर रहे हैं। पोस्टर पर नीचे लिखा है,"अमित शाह का स्वागत"।**

हैदराबाद, 12 मार्च (वार्ता)। तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बी.आर.एस.) पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'रावण' करार देकर और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 'स्वागत' में वाशिंग पाउडर निरमा गर्ल के चेहरे पर भारतीय जनता पार्टी में आये अन्य दलों के नेताओं का चेहरा लगाकर नया विवाद खड़ा कर दिया है।

बी.आर.एस.ने तंज कसते हुए पोस्टर के माध्यम से यह कहा है कि ऐसे नेता विभिन्न घोटालों से जुड़े होने के बावजूद अब किसी केंद्रीय एजेंसी के छापे का सामना नहीं कर रहे हैं। पोस्टर पर नीचे लिखा है,'अमित शाह का स्वागत'।

इसे राजनीतिक हलकों में विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच पोस्टर युद्ध छिड़ने का संकेत माना जा रहा है। शाह आज यहां के पास हकीमपेट में 54वें सी.आई.एस.एफ. स्थापना दिवस में भाग लेने के लिए शहर में थे।

बी.आर.एस.ने शाह का स्वागत करते हुए , निरमा गर्ल के चेहरे पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा, पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी, आंध्र प्रदेश के उद्योगपति सुजाना चौधरी और केंद्रीय मंत्री नारायण राणे का चेहरा लगाया गया है। इनमें से अधिकांश पर विभिन्न अनियमितताओं में आरोपों का सामना कर रहे थे।

शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) द्वारा दिल्ली आबकारी नीति मामले में बी.आर.एस. की विधान परिषद एम.एल.सी. और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता से पूछताछ की पृष्ठभूमि में पोस्टरों के माध्यम से भाजपा पर हमला किया गया है।

भाजपा में शामिल होने वाले और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा जांच की जा रही घोटालों की जांच से बचने वाले राजनीतिक दलों की आलोचना करते हुए कल शहर भर में कई पोस्टर सामने आए जब कविता नई दिल्ली में ई.डी. के सामने पेश हुई।

विभिन्न क्षेत्रों में 'बाय बाय मोदी' और उन्हें 'लोकतंत्र का विनाशक' और 'पाखंड के दादा' कहने वाले पोस्टर भी लगाए गए थे।

इन पोस्टरों में, ई.डी., सी.बी.आई., आई.टी., अदानी, ई.सी., डी.आर.आई., आई.बी., एन.सी.बी. और एन.आई.ए. नामक जांच एजेंसियों पर व्यंग्यात्मक ताने के साथ इन्हें रावण की तरह मोदी के सिर के रूप में चित्रित किया गया है।

कविता को ई.डी. के समक्ष पेश किया गया था और दिल्ली आबकारी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )


क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com


# प्रधानमंत्री मोदी ने लंदन में राहुल गांधी के संबोधन पर चुप्पी तोड़ी

## मोदी ने कहा, कांग्रेस बस मेरी कब्र खोदने में लगी हुई है

- **प्रधानमंत्री मोदी ने कर्नाटक के मांड्या में रविवार को रोड शो करके भाजपा के लिए चुनाव प्रचार का शंखनाद किया।**
- **मोदी बैंगलुरु-मैसूर एक्सप्रैस-वे का उद्घाटन करने कर्नाटक गये हैं, वे साथ ही कर्नाटक में लगभग 16 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे।**

मांड्या (कर्नाटक), 12 मार्च (वार्ता)। कर्नाटक में दो इंजन वाली सरकार की वकालत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर करारा निशाना साधते हुए कहा कि, प्रतिद्वंद्वी पार्टी उनकी मौत के सपने देखने में व्यस्त है, लेकिन वह कर्नाटक के विकास का सपना देखने में व्यस्त हैं।

मोदी ने यहां कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा,कांग्रेस मोदी की कब्र खोदने के सपने देखने में व्यस्त है, लेकिन मैं कर्नाटक के विकास के सपने देखने में व्यस्त हूं। मोदी की कब्र खोदने का सपना देखने वाले कांग्रेसी नहीं जानते कि मोदी का सबसे बड़ा सुरक्षा कवच देश की करोड़ों मां-बहनों का आशीर्वाद है।

मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 में उनकी सरकार बनने के बाद से उन्होंने पूरी ईमानदारी से गरीबों की सेवा करने की कोशिश की और लगातार गरीबों के जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम करने की कोशिश की।

प्रधानमंत्री ने कहा, 2014 में जब आपने मुझे वोट दिया और सेवा का अवसर दिया, तब देश में एक संवेदनशील सरकार बनी जो गरीबों के दर्द और पीड़ा को समझती है। इसके बाद भाजपा की केंद्र सरकार ने गरीबों की सेवा करने का प्रयास किया। पूरी ईमानदारी से। गरीबों के जीवन में आने वाली मुश्किलों को कम करने का लगातार प्रयास किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कर्नाटक के मांड्या में रविवार को रोड शो करके भाजपा के लिए चुनाव प्रचार का शंखनाद किया। रोड शो के दौरान लोगों में काफी उत्साह देखा गया। लोगों ने 'मोदी-मोदी' के नारों के साथ प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन पर फूलों की वर्षा की। इस दौरान इलाके में पांच हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

मोदी बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## तेलंगाना के मु.मंत्री की तबीयत बिगड़ी

नई दिल्ली, 12 मार्च। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की तबीयत बिगड़ने की खबर आ रही है। मीडिया में आई जानकारी के अनुसार आज सुबह उनके पेट में दर्द उठा, जिसके बाद उन्हें एक निजी अस्पताले में भर्ती कराया गया। जहां जांच में मालूम हुआ है कि उनके पेट में अल्सर बन गया है, जिसके बाद डॉक्टरों की एक टीम ने तुरंत उनका

- **जांच में मालूम हुआ है कि, मु.मंत्री के.सी.आर. के पेट में अल्सर बन गया है उनका तेलंगाना के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।**

ईलाज शुरू कर दिया। वहीं ए.आई.जी. अस्पताल प्रशासन ने के.सी.आर. का हैल्थ बुलेटिन जारी करते हुए बताया कि पेट में दर्द की शिकायत के बाद डॉक्टर नागेश्वर रेड्डी की टीम ने उनकी जांच की। इस दौरान उनके पेट में एक छोटा सा अल्सर निकला, जिसके बाद उन्हें उचित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नागालैण्ड में भाजपा के साथ गठबंधन करेंगे शरद पवार

## नागालैण्ड में सुगबुगाहट है कि, एन.सी.पी. के जीते हुये सभी 7 विधायक भाजपा की तरफ पहले से ही झुके हुये हैं अतः शरद पवार ने भी गठबंधन के लिए हामी भरना ही मुनासिब समझा

- **एन.सी.पी. के इस फैसले से महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी (एम.वी.ए.) के भीतर कुछ सुगबुगाहट शुरू हो गई है।**

नई दिल्ली, 12 मार्च। नागालैण्ड में एन.डी.पी.पी.-भाजपा गठबंधन में शरद पवार की नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) शामिल होने जा रही है। गठबंधन में शामिल होने के एन.सी.पी. के फैसले से महा विकास अघाड़ी (एम.वी.ए.) के भीतर कुछ सुगबुगाहट शुरू हो गई है। पार्टी सूत्रों ने कहा कि एन.सी.पी. ने नागालैण्ड में गठबंधन में शामिल होने का फैसला इसलिए लिया, क्योंकि एन.सी.पी. के सात नवनिर्वाचित विधायकों में से अधिकांश नेफ्यू रियो के नेतृत्व वाली सरकार हिस्सा बनना चाहते हैं। रियो पांचवीं बार पूर्वोत्तर राज्य के मुख्यमंत्री बने हैं।

एन.सी.पी. के पूर्वोत्तर प्रभारी नरेंद्र वर्मा ने एन.सी.पी. प्रमुख शरद पवार को नागालैण्ड विधायक दल की भावनाओं से अवगत कराया। अगर पार्टी ने नागालैण्ड में विपक्ष में बैठने का फैसला किया होता, तो उसे विभाजन का डर था। एन.सी.पी. सूत्रों ने बताया कि एन.सी.पी. के सभी विधायकों के भाजपा में शामिल होने की भी संभावना है। क्योंकि एक पुरानी कहावत है कि यदि आप उन्हें हरा नहीं सकते हैं तो उनके साथ शामिल हों। इसी के तहत शरद पवार ने अपनी पार्टी के विधायकों को गठबंधन में शामिल होने की अनुमति देने का फैसला किया, क्योंकि उन्हें पता था कि बाद वाले को विपक्ष की भूमिका निभाने के लिए राजी करना व्यर्थ होगा। पवार का छह दशक लंबा राजनीतिक करियर इस तरह के हथकंडों से भरा पड़ा है। महाराष्ट्र में कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर राकांपा से अपनी निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा, राजनीति धारणा का जिक्र करते हुए कहा कि एन.सी.पी. को नागालैण्ड जैसे छोटे राज्यों में अपनी वैचारिक स्थिति

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने किया नरेंद्र से नरेंद्र तक पुस्तक का विमोचन

जयपुर, 12 मार्च (का.सं.)। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व सांसद डॉक्टर सुधांशु त्रिवेदी ने एक होटल में डॉ. बुद्धि प्रकाश शर्मा की पुस्तक 'नरेंद्र से नरेंद्र तक' का विमोचन किया।

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि विश्व के

- **भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व सांसद डॉक्टर सुधांशु त्रिवेदी ने एक होटल में डॉ. बुद्धि प्रकाश शर्मा की पुस्तक 'नरेंद्र से नरेंद्र तक' का विमोचन किया।**

बदलते परिदृश्य में भारत की भूमिका और भारत जी 20 की अध्यक्षता के बारे में बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के कारण आज भारत विश्व में अग्रणी राष्ट्रों में है। राजीव गांधी ने कहा था कि केंद्र सरकार जो पैसा भेजता है भ्रष्टाचार में चले

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'शासन की अकर्मण्यता से जनप्रतिनिधियों पर हमले बढ़ रहे हैं'

जयपुर, 12 मार्च (का.सं.)। भाजपा प्रदेश प्रभारी सांसद अरूण सिंह ने पुलवामा मे शहीद हुऐ वीर सैनिकों की वीरांगनाओं के अधिकार और सम्मान की लड़ाई के दौरान पुलिस दुर्व्यवहार मे घायल हुए भाजपा सांसद

- **भाजपा प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने वीरांगनाओं की हक की लड़ाई में भाजपा नेताओं के साथ हुये पुलिस दुर्व्यवहार का मुद्दा उठाया।**

डा. किरोड़ीलाल से मुलाकात करने जयपुर एस.एम.एस. अस्पताल पहुंच कर डॉ.मीणा के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों से भी उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

अस्पताल में प्रभारी अरूण सिंह ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# समलैंगिक विवाह के खिलाफ केन्द्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा पेश किया

## केंद्र ने कहा, प्रकृति में विषमलैंगिक तक सीमित विवाह की वैधानिक मान्यता पूरे इतिहास में आदर्श है और देश और समाज के अस्तित्व और निरंतरता दोनों के लिए ये मूलभूत सिद्धांत है

- **सुप्रीम कोर्ट 13 मार्च को यानी आज समलैंगिक विवाह की कानूनी वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा।**

नई दिल्ली, 12 मार्च। केंद्र सरकार ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने की मांग वाली याचिकाओं का सुप्रीम कोर्ट में कड़ा विरोध किया है। सुप्रीम कोर्ट में अपने जवाबी हलफनामे में, केंद्र सरकार ने कहा कि, आई.पी.सी. की धारा 377 को डिक्रिमिनलाइज़ करने से समलैंगिक (होमो सैक्सुअल) विवाह को मान्यता देने का दावा नहीं हो सकता है। केंद्र ने कहा कि प्रकृति में विषमलैंगिक तक सीमित विवाह की वैधानिक मान्यता पूरे इतिहास में आदर्श है और देश और समाज के अस्तित्व और निरंतरता दोनों के लिए ये मूलभूत सिद्धांत है। केंद्र सरकार के लाइव लॉ द्वारा दायर किए गए जवाबी हलफनामे में कहा गया है कि, "इसलिए, इसके सामाजिक मूल्य को ध्यान में रखते हुए, केवल विवाह/संघों के अन्य रूपों के बहिष्कार के लिए विषमलैंगिक विवाह को ही मान्यता दी जानी चाहिए।"

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने के खिलाफ हलफनामा दायर किया है। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि समलैंगिक संबंध और विषमलैंगिक संबंध स्पष्ट रूप से अलग-अलग हैं जिन्हें समान नहीं माना जा सकता है।

केंद्र ने कहा कि "यह प्रस्तुत किया गया है कि इस स्तर पर यह पहचानना आवश्यक है कि विवाह या संघों के कई अन्य रूप हो सकते हैं या समाज में व्यक्तियों के बीच संबंधों की व्यक्तिगत समझ हो सकती है, देश में विवाह की मान्यता को विषमलैंगिक रूप तक सीमित करता है। हम ये नहीं कह रहे हैं कि विवाह के इन अन्य रूपों या संघों या समाज में व्यक्तियों के बीच संबंधों की व्यक्तिगत समझ गैरकानूनी नहीं हैं।"

केंद्र ने समान-लिंग विवाह का विरोध करने के लिए सामाजिक संगठनों का हवाला दिया और कहा कि एक मानक स्तर पर, समाज में परिवार की छोटी इकाइयां होती हैं जो मुख्य रूप से एक विषम रिश्ते के प्रति ही संगठित होती हैं। "समाज के बिल्डिंग ब्लॉक का यह संगठन बिल्डिंग ब्लॉक्स यानी परिवार इकाई की निरंतरता पर आधारित है," जबकि समाज में संघों के अन्य रूप भी मौजूद हो सकते हैं जो गैरकानूनी नहीं होंगे, यह एक समाज के लिए खुला है कि वह एक ऐसे संघ के रूप को कानूनी मान्यता दे जिसे समाज अपने अस्तित्व के लिए सर्वोत्कृष्ट निर्माण कर सकता है और समाज इसे मानता है। केंद्र ने जोर देकर कहा कि समान-सेक्स विवाहों को मान्यता न

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## फ्रांस की नौसेना के साथ भारत का समुद्री साझेदारी अभ्यास

नयी दिल्ली, 12 मार्च (वार्ता) भारतीय नौसेना ने फ्रांसीसी नौसेने का साथ अरब सागर में इस सप्ताह समुद्री साझोदारी का दो दिन का एक अभ्यास पूरा कर लिया है। रक्षा मंत्रालय की रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए कहा गया है कि भारत के स्वदेश निर्मित गाइडेड मिसाइल युद्धक पोत आईएनएस सह्याद्री जहाज ने 10 - 11 मार्च 2023 को अरब सागर में फ्रांस की नौसेना के दो युद्धपोतों -एम्फीबियस असॉल्ट शिप (उभयचर आक्रामक पोत) एफएस डिक्सम्यूइड और एफएस ला फेयेट के साथ समुद्री साझेदारी अभ्यास (एमपीएक्स) में भाग लिया।

विज्ञप्ति के अनुसार इस अभ्यास में समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में विकासात्मक परिवर्तन के एक व्यापक स्पेक्ट्रम को परखा गया, जिसमें क्रॉस डेक लैंडिंग, बोर्डिंग अभ्यास और सीमैनशिप विकास जैसी गतिविधियों को शामिल किया गया था। अभ्यास के निर्बाध संचालन ने दोनों नौसेनाओं के बीच पारस्परिकता एवं उच्च स्तर के सहयोग की पुष्टि की।




## विचार बिन्दु

जिस प्रकार बिना जल के धान नहीं उगता उसी प्रकार बिना विनय के प्राप्त की गई विद्या फलदायी नहीं होती। –भगवान महावीर

# बाल विवाह रोके जाएं, लेकिन कैसे?

बाल विवाह एक ऐसी रीति है जिससे अधिकांश समझदार लोग असहमत हैं और जिसे रोकना चाहते हैं। हमारे देश में लागू बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अनुसार विवाह के लिए लड़की की उम्र अठारह वर्ष और लड़के की उम्र इक्कीस वर्ष होनी चाहिए। अगर इससे कम उम्र में विवाह किया जाता है तो उसके लिए दण्ड के प्रावधान हैं। इस मामले में कानून का उल्लंघन होने पर दो वर्ष के सश्रम कारावास और एक लाख रुपये के ज़ुर्माने का प्रावधान है। इस कानून में महिलाओं को यह विशेष रियायत है कि दोषी पाये जाने पर भी उन्हें जेल नहीं भेजा जाता है। इस कानून में यह भी व्यवस्था है कि अगर किसी का बाल विवाह होता है तो वह बालिग़ होने के दो साल के भीतर अदालत में चुनौती देकर इस विवाह को निरस्त करा सकता/सकती है। देश के अलग-अलग राज्यों में ऐसे अधिकारियों की नियुक्ति की गई है जिनका दायित्व बाल विवाह को रोकना, कानून का उल्लंघन करने वालों को दंडित करवाना और काउंसलिंग करना तथा बाल विवाह के खिलाफ माहौल तैयार करना है। यह बताने की ज़रूरत नहीं है कि जिन्हें ये सारे अधिकार दिये गए हैं वे इन अधिकारों का कितना पालन करते या कर पाते हैं। सरकारी तंत्र की अपनी सीमाएं हैं जिनसे हम सब भली भांति परिचित हैं। यही वजह है कि यूनिसेफ़ द्वारा ज़ारी आंकड़ों के अनुसार भारत दुनिया का ऐसा देश है जहां तेईस करोड़ बाल वधुएं हैं और हर साल लगभग पंद्रह लाख लड़कियों का विवाह उनके अठारह वर्ष की होने से पहले ही हो जाता है। यूनिसेफ़ यह भी बताता है कि भारत में सात प्रतिशत महिलाएं 15-19 साल की उम्र में गर्भ धारण कर लेती हैं। देश में इतनी बड़ी संख्या में बाल विवाह के चलन के मूल में हमारा पारंपरिक सोच और ग़रीबी दोनों प्रमुख कारक हैं। बावज़ूद इस बात के कि कम उम्र में होने वाला विवाह लड़कियों से समानता का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, नौकरी का अधिकार आदि जैसे उनके अनेक अधिकार छीन लेता है वहीं कच्ची उम्र का मातृत्व उनकी देह और उनके स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिप्रद साबित होता है। भारत में सरकार के अलावा अनेक स्वैच्छिक संगठन भी अपने-अपने स्तर पर बाल विवाह पर नियंत्रण करने के लिए सक्रिय हैं और अपने सीमित साधनों के बावज़ूद लगातार सक्रिय रहकर हालात को बदलने के लिए प्रयत्नरत हैं। नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने सन 2022 में बाल विवाह मुक्त भारत आंदोलन प्रारम्भ किया है जिसका लक्ष्य है कि सन 2030 तक भारत से बाल विवाह को पूरी तरह समाप्त कर दिया जाए। सत्यार्थी के अनुसार अभी देश में 23.3 प्रतिशत बाल विवाह होते हैं और वे वर्ष 2025 तक इसे घटाकर दस प्रतिशत तक कर लेना चाहते हैं। वैसे उनका अंतिम लक्ष्य इसे शून्य पर ले आना है।

इसी बीच असम सरकार बाल विवाह को लेकर विशेष रूप से सक्रिय हुई है और उसकी सक्रियता को जहां देर से उठाया गया सही कदम बताया जा रहा है वहीं कुछ बातों को लेकर उसकी आलोचना भी की जा रही है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पिछले दिनों एक बयान में कहा था कि उनकी सरकार ने बाल विवाह पर अंकुश लगाने के लिए बड़े पैमाने पर राज्य व्यापी अभियान शुरू करने का फैसला किया है। उनके अनुसार, "जो युवक 14 साल से कम उम्र की लड़की से शादी करेगा, हम उनके ख़िलाफ़ पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई करेंगे।" उन्होंने यह भी कहा था कि असम में शिशु मृत्यु दर को कम करने और ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह को रोकने के लिए उनकी कैबिनेट ने सभी 2197 ग्राम सचिवों को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत बाल विवाह रोकथाम (निषेध) अधिकारी के रूप में नामित करने का फैसला किया है और ये अधिकारी पॉक्सो एक्ट के तहत उन मामलों में प्राथमिकी दर्ज़ कराएंगे जहां दुल्हन की उम्र चौदह साल से कम है। लड़की की उम्र चौदह साल से अठारह साल के बीच होने पर बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत प्राथमिकी दर्ज़ कराई जाएगी। यहां यह भी जान लिया जाए कि पॉक्सो (प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेज़ एक्ट) ऐसा कानून है जो यौन अपराधों से बच्चों को संरक्षण प्रदान करता है और जिसमें सात साल से लगाकर उम्र क़ैद तक और अर्थ दण्ड का प्रावधान है। यह बात भी ग़ौर तलब है कि जहां बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की कुछ धाराओं में अभियुक्तों को जमानत मिल जाती है वहीं पॉस्को के अभियुक्तों को जमानत नहीं मिलती है। असम के मुख्यमंत्री ने कहा था कि उनके राज्य में मातृ मृत्यु दर और बाल मृत्यु दर बढ़ जाने की सबसे बड़ी वजह बाल विवाह है। एक सरकारी वक्तव्य के अनुसार नेशनल फेमिली सर्वे के आंकड़ों के अनुसार असम में अठारह वर्ष की होने से पहले शादी करने वाली महिलाओं की संख्या बत्तीस प्रतिशत है और वहां बारह प्रतिशत महिलाएं ऐसी हैं जो बालिग होने से पहले ही गर्भवती हो जाती हैं। ये दोनों ही आंकड़े राष्ट्रीय औसत से ज़्यादा हैं। बाल विवाह रोकने के लिए असम सरकार की सक्रियता के परिणामस्वरूप कुछ ही दिनों में चार हज़ार से ज़्यादा मामले दर्ज़ कर लिए गए और 2800 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। हालत यह हो गई कि जेलों में इतनी जगह न होने के कारण इन्हें अस्थायी जेलों में रखा गया। बड़े पैमाने पर हुई कार्रवाई से राज्य में अफरा तफरी का माहौल भी बना। राजनीतिक हलकों में इस बात की भी चर्चा हुई कि असम सरकार की इस कार्रवाई का ज़्यादा असर अल्पसंख्यकों पर पड़ा है, सरकार ने इसके जवाब में कहा कि जहां गिरफ्तार लोगों में साठ प्रतिशत मुस्लिम हैं वहीं शेष चालीस प्रतिशत हिंदू भी तो हैं। इस मामले पर असम के एक वरिष्ठ वकील ने जो कहा, वह ध्यातव्य है। उनका कहना है, "बाल विवाह अवैध है। इसमें कोई शक नहीं है। साल 2006 से बाल विवाह कानून का जो प्रावधान है उसके मुताबिक यह एक अपराध है। लेकिन सरकार 2006 से कुछ नहीं कर रही थी। अचानक से इतने सालों बाद अब सरकार लोगों को गिरफ़्तार कर रही है। ये सब ग़रीब लोग हैं जिन्हें पता नहीं कि इस तरह का कानून मौज़ूद है। इनमें जागरूकता की कमी है लेकिन वे खूंखार अपराधी नहीं हैं जो इस तरह के अपराध को बार-बार करेंगे। तो इन लोगों को गिरफ्तार करने की क्या ज़रूरत थी? मुझे यह समझ में नहीं आ रहा है। सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश हैं कि गिरफ़्तारी अंतिम उपाय होना चाहिए।"

> **मूल बात यह कि बेशक बाल विवाह रोके जाएं। लेकिन ऐसे नहीं। पहला तरीका समझाइश है, और हम सब जानते हैं कि ऐसा करना न तो सरकार के वश में है और न उसकी आदत में यह बात शामिल है। यह काम विभिन्न सामाजिक धार्मिक संगठनों को करना चाहिए। अभी भी कर रहे हैं लेकिन इस काम में और गति आनी चाहिए। दूसरी बात यह कि कोई ग़लत काम जब होने वाला हो तभी उसे रोक दिया जाए।**

बाल विवाह को रोकने के प्रयास किए जाएं, इस पर कोई असहमत हो ही नहीं सकता। लेकिन विचार का मुद्दा यह है कि यह काम सुधार के नज़रिये से किया जाए या सज़ा के नज़रिये से। आप किसी भी कानून का उल्लंघन करने वाले को जेल भेज सकते हैं, लेकिन क्या यह सोचने की ज़रूरत नहीं महसूस करेंगे कि अगर वह घर का इकलौता कमाने वाला हो तो उसके पीछे परिवार जन पर क्या गुज़रेगी? जिन्होंने कोई अपराध नहीं किया है, उन्हें किस बात की सज़ा भुगतनी पड़ेगी? असम में ऐसा हो रहा है। इसलिए हो रहा है कि बाल विवाह का अधिक प्रचलन ग़रीब तबके में है। दूसरी बात यह कि हमारी सरकारों की यह आदत-सी बन चुकी है कि वे लम्बे समय तक सोई रहती हैं और अचानक चौंक कर उठती है और ताबड़तोड़ कार्रवाई करके अपने होने का प्रमाण देने लगती हैं। जैसा अभी असम में बाल विवाह के मामले में हो रहा है वैसा ही हम आए दिन अपने आस-पास अतिक्रमणों के मामले में भी होता देखते हैं। पूरी इमारतें बन कर खड़ी हो जाती हैं, बस्तियां बस जाती हैं। किसी के कान पर जूं तक नहीं रेंगती। और अचानक एक दिन अतिक्रमण नष्ट करने वाला दस्ता बुलडोज़र लेकर आता है और सबको रौंद डालता है। क्या यह सही तरीका है? जब इमारत बन रही थी या बस्ती बस रही थी तब सारी सरकारी मशीनरी कहां थी, क्या यह सवाल नहीं पूछा जाना चाहिए? अगर वह सही समय पर सक्रिय हो गई होती तो बड़े नुकसान को रोका जा सकता था। इसी तरह बाल विवाह को होने से रोका जाना चाहिए, बजाय इसके कि जिनके हो गए हैं उन्हें जेल में डाला जाए।

मूल बात यह कि बेशक बाल विवाह रोके जाएं। लेकिन ऐसे नहीं। पहला तरीका समझाइश है, और हम सब जानते हैं कि ऐसा करना न तो सरकार के वश में है और न उसकी आदत में यह बात शामिल है। यह काम विभिन्न सामाजिक धार्मिक संगठनों को करना चाहिए। अभी भी कर रहे हैं लेकिन इस काम में और गति आनी चाहिए। दूसरी बात यह कि कोई ग़लत काम जब होने वाला हो तभी उसे रोक दिया जाए। हम हर बरस अपने राज्य में देखते हैं कि अक्षय तृतीया के पहले खूब माहौल बनाया जाता है कि बाल विवाह नहीं होने देंगे। लेकिन बात माहौल बनाने से बहुत आगे तक नहीं जा पाती है। क्यों? इस पर विचार होना चाहिए। अंधाधुंध कार्रवाई, भले ही वह किसी सही मकसद से भी हो, समस्या का सही समाधान नहीं है। इस मुद्दे पर खुले मन से विचार करने की बहुत ज़रूरत है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**(शिक्षाविद और साहित्यकार)**

# पुलवामा शहीदों के प्रति अधिक सद्भावना का परिचय दे सरकार



महावीर सिंह

पुलवामा शहीदों की विरांगनाओ को अपनी मांगे मनवाने के लिए, राजधानी में आकर धरना देने पड़े, ऐसी नोबत ही क्यों आई?

राजस्थान सरकार के बयान पर बयान आ रहे हैं कि शहीदों के परिवर्तन के लिए राजस्थान का पैकेज सर्वोत्तम --तो फिर उन वीरांगनाओं को धरना क्यो देना पड़ रहा है?

राजस्थान के मुख्य मंत्री जी का बयान आ रहा है कि कुछ राजनीतिक दलों ने इनको बहका डित और यह राजनीतिक दल इनकी आड़ में घिनोनी राजनीति कर रहे है? क्या यह वीरांगनाएं व उनके परिवार जन इतने अबोध हैं कि कोई भी उन्हें बरगला दे और वे धरना देने लगे, विरोधी दलों के इसरो पर नाचने लगे?

नहीं--सरकार की नीति कागजों में बहुत बढ़िया किन्तु अगर उसका सही सही इम्पलेमेंटसन नही हो तो बढ़िया नीति भी घटिया बन जाती है, यही हो रहा है।

सरकार नें समस्या को सम्पूर्णता में देखने के बजाए, स्टैंड ले लिया कि कुछ मांगे गैरवाजिब है और शहीदों की वीरांगनाओं को आगे कर घिनोनी राजनीति की जा रही है।

शहीदों की याद में स्कूल इत्यादि के नामकरण में 4, 5 साल की देरी, कैसे उचित? उच्चतम स्तर से सरकार इस देरी को कैसे जस्टिफाई कर सकती है? सबसे पहले तो यह समझना होगा कि नाता प्रथा क्या है::--

नाता प्रथा, तथाकथित, उच्च वर्णों यथा ब्राह्मण, क्षित्रय, वैश्य वर्ग में नहीं है। ब्राह्मण, वैश्य वर्ग से बहुत ही कम युवक सेना में नौकरी करने जाते हैं।

आंदोलनरत तीन वीरांगनाएं ओबीसी, अति पिछड़ा जाति और अनुसूचित जनजाति से आती है। इन जातियों में किसी युवा स्त्री के पति की मृत्यु हो जाने पर नाता प्रथा (यदि देवर से नाता होता है तो उसे चूड़ा पहनना, कहते हैं) का प्रचलन शदियो से है। यह पुनर्विवाह के समान है।

इस से पर विधवा और पहले पति से बच्चे के उसी परिवार में सम्मान-संरक्षण - हक -हकूक- दर्ज बने रहते हैं।

यह समाजिक हकीकत है। हो सकता है, ब्यूरोक्रेट्स इन वास्तविकताओं को या उनके महत्व से अनिभिज्ञ हो, कानून-कायदों से बंधे हों, किन्तु सरकार के मंत्रों लोग इससे अनिभिज्ञ हो यह कैसे माना जाए??

इनमें से अति पिछड़ा वर्ग की वीरांगना ने तो देवर का चूड़ा पहन भी लिया है। पिछड़ा वर्ग की वीरांगना का बयान आया है कि घरवालों से बात करने पर इस पर विचार करेगी। इनमें से एक वीरांगना का देवर पहले से ही शादीशुदा है तो तर्क दिया जा रहा है कि एक व्यक्ति दो स्त्रियों को पत्नियां कैसे रख सकता है?

उच्चतम न्यायिक स्तर से भी यह व्याख्या आ गई कि कोई पुरुष और महिला बिना शादी के भी लिविंग इन रिलेशनशिप में रह सकते हैं। शादीशुदा देवर के साथ नाता (चूड़ा पहनना) लगभग लिविंग इन रिलेशनशिप जैसा ही है। सरकार को कोई ऐतराज नहीं होना चाहिए। ऐसे मामलों को बढ़ावा देना चाहिए।

सरकार को तो शहीदों के बदले किसी ऐसे व्यक्ति को नौकरी देनी है। इसलिए जो व्यक्ति वीरांगना और उसकी संतान का संरक्षण, पालण पोषण, पढाई-लिखाई आदि करा सके तो इन दो वीरांगनाओं की मांग को मानने में कोई ऐतराज नहीं होना चाहिए।

समस्या के न्यायोचित निराकरण के लिए नियमों में संसाधनों के सुझावः-

एक तर्क जिस पर सरकार अड़ी हुई है, वह है कि, यदि शहीद वीरांगना नें पुनः शादी--नाता- कर लिया तो उसके नए पति को नौकरी नहीं मिल सकती, यह शहीद के पुत्र, पुत्री के प्रति नाइंसाफी होगी। प्रथम दृष्ट्या तो बात सही प्रतीत होती है किंतु इसका समाधान निकाला जा सकता है।

(1) यदि वीरांगना, 25 लाख के बदले भूमि, भवन लिए हैं या मांग रखती है तो उस भूमि भवन को वीरांगना और नाबालिग पुत्र के संयुक्त नाम से आवंटन पत्र जारी करें और उसमें शर्त लगा दें कि नाबालिग पुत्र के बालिग होने तक इस आवंटित सम्पति का किसी प्रकार से हस्तांतरण नहीं होगा। आवंटन पत्र पूर्व में जारी हो गया तो संशोधन कर दें।

(2) यदि वीरांगना, भूमि, भवन के बजाय नकद 50 लाख रुपए लेना चाहती है या ले लिए तो तो यह राशि 50 के अनुपात में वीरांगना और उसके नाबालिग पुत्र के मध्य बांट दी जाए। नाबालिग के अकाउंट की संरक्षक, नॉमिनी वीरांगना को बनाया जाए और उसे शर्त से पाबंद किया जाए कि नाबालिग के हिस्से की राशि केवल नाबालिग की उच्च शिक्षा के लिए उपयोग में आएगी। नाबालिग के 15 साल होने से पहले इस अकाउंट के साथ कोई छेड़छाड़-निकासी नहीं की जा सकेगी।

(3) जिस नाता पति को नौकरी दी जाए, उस नियुक्ति पत्र में यह प्रावधान कर दें कि यदि किसी स्टेज पर, वीरांगना अथवा उसके पुत्र की शिकायत पर यह साबित हो जाए कि नौकरी प्राप्त व्यक्ति परिवार-वीरांगना के नाबालिग के पालन-पोषण, शिक्षण में कोताही बरत रहा है तो नियुक्ति तत्काल निरस्त कर दी जाएगी और इस शर्त व इसके अंतर्गत की गई कार्यवाही को किसी न्यायालय में चुनोती नहीं दी जा सकेगी। इस आशय का शपथ पत्र भी नियुक्ति से पहले लिया जा सकता है।

एक वीरांगना को यह कहें कि वह ताजिंदगी विधवा का जीवन बिताए या अगर उसका पुत्र 2,3,4,5 साल का है तो वह उसकी नौकरी के लिए 10,15 साल ईंतजार करे, कितना अन्यायपूर्ण है, इस पर विचार करें, है सर्व शक्तिमान सरकार। सरकार 2,3,4 साल के नाबालिग की 18 साल आगे के लिए तो चिंतित लगती है किंतु इन वीरांगनाओं की वर्तमान वेदनाओं के अनजान बनना चाहती है? हास्यस्पद!!!

तर्क नियमों में प्रावधान नहीं का है तो नियम भी सरकार नें बनाए है, उनमें आवश्यकता-मांग के मध्यनजर सरकारें नियमों में सैंकड़ों बार संसोधन करती है तो अब भी नियम में सरकार संशोधन कर ले। सरकार का काम उचित मांगे मानने का ही तो है।

**–महावीर सिंह,**
**पूर्व आईएएस**

# निर्माणाधीन सीसी रोड का लोकार्पण होने से पहले उखड़ने लगी गिट्टी और सीमेंट

**देवली, (निसं)।** पालिका प्रशासन द्वारा देवली शहर के नाम पर बाहरी क्षेत्र में करोड़ों रुपए के खर्च पर सडक का निर्माण कार्य करवाया जा रहे हैं। उक्त निर्माण कार्य मिलीभगत के फेरे में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। इसलिए कि संबंधित अधिकारी की मौजूदगी के बीच ठेकेदार द्वारा जिस रोड का निर्माण कार्य किया जा रहा है,

> ■ **देवली पालिका लगभग 15 करोड़ की लागत से रोड का निर्माण करवा रही है**

इसमें इस्तेमाल की गई घटिया सामग्री के कारण अभी से ही गिट्टी और सीमेंट उखाड़ना शुरू हो गई है। मामला यह भी सामने आया है कि रोड निर्माण कार्य में चढ़ी भ्रष्टाचार की परत को छुपाने के लिए ठेकेदार ने सीमेंट रोड में नजर आ रही गिट्टी को दबाने के लिए केमिकल की पुताई तक करवा दी गई है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यहां रोड निर्माण के लिए बनाई गई ड्राइंग और जी शेड्यूल के अनुरूप रोड का निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा है। वहीं इधर कोटा रोड पर रोड साइड खुदाई कर के ग्रेवल मुरम कार्य कर किया जा रहा है वहां तक तो ठीक है। लेकिन सीमेंट बजरी और गिट्टी से प्राइमरी लेयर डाली जा रही है। इस पर जी शेड्यूल में सीमेंट का अनुपात क्या ले रखा है इसकी जानकारी से अधिकारियों ने वंचित बनाए रखा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार पालिका प्रशासन ने यहां लगभग 5 किलोमीटर तक की सड़क के निर्माण कार्य हेतु लगभग 15 करोड़ रुपए खर्च किए जाने की योजना बनाई है। उक्त रोड निर्माण कार्य में साफ तौर पर दिखाई दिया गया है कि पालिका के चहेते ठेकेदार ने सीसी रोड के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया है। जिसके कारण नवनिर्मित सीसी रोड से सीमेंट और गिट्टीया अभी से ही उखड़ जाना शुरू हो गई है।



**देवली में 15 करोड़ रुपए की लागत से बनवाए जा रहे सीसी रोड पर गिट्टी अभी से उखड़ने लग गई है।**

उल्लेखनीय है कि अभी कुछ माह पहले पालिका प्रशासन ने शहर के जयपुर कोटा रोड की चौड़ाई बढ़ाई जाने को लेकर उक्त मार्ग पर फिर से रोड निर्माण करवाये जाने की नीति बनाई थी। इस नीति के तहत पालिका प्रशासन ने अपने चहेते ठेकेदार को टेंडर देने के लिए योजनाबद्ध नीति के तहत ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया के आवेदन दौरान एक अनैतिक शर्त यह रखी गई थी कि जिस संवेदक ने नेशनल हाईवे विभाग के कार्य प्राप्त किए हो या नेशनल हाईवे रोड निर्माण कार्य कर चुके हो उसी संवेदक की फर्म को उक्त टेंडर प्रक्रिया में हिस्सा लेने की अनुमति प्रदान की जाएगी। पालिका की इस अनैतिक शर्त के कारण क्षेत्र के अन्य ठेकेदार उक्त दौरान इस कार्य हेतु आवेदन किए जाने का हिस्सा नहीं बन सके।

ऐसे में उक्त दौरान ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया में चंद आमंत्रित प्राप्त आवेदनों के पश्चात पालिका ने अपने चहते ठेकेदार को उक्त रोड निर्माण कार्य का टेंडर जारी कर दिया और रोड का निर्माण किए जाने के लिए कार्य आदेश जारी कर दिए थे। उस दौरान पालिका प्रशासन ने उक्त रोड के निर्माण को दो हिस्से में करवाने की नीति तैयार की। जिसमें शहर के जयपुर चुंगी नाके से लेकर कोटा चुंगी नाके तक के बीच वाली सड़क के हिस्से को नवनिर्मित रोड निर्माण में शामिल नहीं किया गया। तो वही देखे जाने वाला मामला तो यह है कि पालिका प्रशासन द्वारा लगभग 15 करोड़ रूपए की लागत पर लगभग ढाई प्लस ढाई किलोमीटर के दो अलग-अलग हिस्सों में शहर से जुड़ी सड़क का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है।

इसमें शहर की सीधी सडक होने के बावजूद पेट्रोल पंप चौराहे के कोटा और जयपुर मार्ग को उक्त निर्माणधीन सड़क में क्यों शामिल नहीं किया गया है। यह भी जांच का विषय बनता है। ऐसे में उक्त रोड निर्माण कार्य में हो रही धांधली को लेकर कई बार लोगों से जानकारियां यह भी सामने आई की ठेकेदार उक्त रोड का निर्माण कार्य पालिका में इंद्राज ड्राइंग और जी शेड्यूल में दिए गए सामग्री के अनुसार नहीं कर रहा है। ऐसे हालातों की मिली जानकारी पर जब पालिका के अधिशासी अधिकारी से उक्त रोड निर्माण कार्य से संबंधित ड्राइंग व जी शेड्यूल और कार्य आदेश की जानकारी चाही गई। मगर इस पर अधिशासी अधिकारी की और से कोई स्पष्ट जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी।

सुरेश कुमार मीणा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका देवली का कहना है कि इस पर ठेकेदार को नोटिस देंगे, वहीं ढाई किलोमीटर की सड़क निर्माण कार्य में एक दो जगह अगर कोई छोटी मोटी मिस्टेक आ गई है तो उसे ठीक करवा दिया जाएगा। यह कोई बड़ी बात नहीं आगे का रोड तो सही बन रहा है ना, अभी ठेकेदार को बिल का भुगतान तो नहीं किया गया है।

# ओवरलोड वाहनों व क्रेशर प्लांटों पर उड़ती धूल-धुआं से आमजन परेशान

**पाटन, (निसं)।** इन दिनों क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों के आवागमन से आमजन में भय का माहौल बना हुआ है, वहीं खनन क्षेत्र व क्षेत्र में लगे रोड़ी क्रेशर प्लांटों पर दिन भर उड़ने वाली धूल भरी आंधी से आमजन का जीवन दूभर हो रहा है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा इस बारे में स्थानीय प्रशासन को अनेकों बार ज्ञापन के माध्यम से जानकारी भी दी गई उसके बावजूद भी प्रशासन का ध्यान न तो ओवरलोड की तरफ जा रहा है तथा नहीं धूल के गुब्बारों की तरफ जा रहा है, ऐसे में क्षेत्र के दर्जनों गांव रोज भय के साए में जीने को मजबूर है।

सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश मीणा भराला ने जानकारी देते हुए बताया कि पाटन वाटी एवं नीमकाथाना क्षेत्र में स्वीकृत खदानों में भारी ब्लास्टिंग के द्वारा खनन कार्य किया जाता है जिस कारण सैकड़ों मकानों को क्षति हो चुकी है। खदानों से व क्रेशर प्लांटों से दिनभर धूल भरी आंधी चलती है जो स्वास्थ्य के साथ फेफड़ों में पहुंच रही है। खदानों एवं क्रेशर प्लांटों के पास रहने वाले सैकड़ों लोगों को दमा एवं सिलिकोसिस जैसी गंभीर बीमारियों ने जकड़ लिया है। पत्थर से भरे ओवरलोड वाहनों को ग्रामीण सड़कों पर एवं मुख्य सड़कों पर दौड़ते हुए देखा जा सकता हैं इनसे अनेकों बार दुर्घटनाएं भी घट चुकी है।

> ■ **स्थानीय प्रशासन को अनेकों बार ज्ञापन के माध्यम से जानकारी भी दी गई**
>
> ■ **उसके बावजूद भी प्रशासन का ध्यान ओवरलोड वाहनों की तरफ नहीं जा रहा है**

कैलाश मीणा ने यह भी बताया कि जीर की चौकी, रायपुर मोड़, गुसाई का मठ, इंदिरा कॉलोनी डोकण, बंजारा बस्ती, न्योराणा स्टैंड, देवी माई मंदिर, मीणा की नांगल, किशोरपुरा, स्यालोदडा, एवं रैला में स्थित स्वीकृत खदान तथा क्रेशर प्लांट लगे हुए हैं जो नियमों को ताक में रखकर कार्य कर रहे हैं। इन क्षेत्रों में पूरे दिन धूल भरी आंधी उड़ती रहती है जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

क्षेत्र में रहने वाले लोगों की जांच के लिए प्रशासन से कई बार मांग भी कर चुके हैं उसके बावजूद भी प्रशासन क्षेत्र के लोगों की जांच करवाने में नाकाम सिद्ध हो रहा है। इससे साबित होता है कि प्रशासन के इशारे पर ही खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। अगर शीघ्र ही प्रशासन ने ओवरलोड एवं क्रेशर प्लांटों से उड़ने वाली धूल धुआं पर कार्रवाई नहीं की तो क्षेत्र में सैकड़ों लोग समय से पहले ही मौत की आगोश में समा जाएंगे।

राजवीर यादव उपखंड अधिकारी नीम का थाना का कहना है इस बारे में शीघ्र ही परिवहन विभाग के अधिकारियों को पाबंद किया जाएगा तथा कानून विरुद्ध कार्य करने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 13 मार्च, 2023**

चैत्र मास, कृष्ण पक्ष, षष्ठि तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2079, विशाखा नक्षत्र प्रातः 8:21 तक, हर्षण योग सांय 5:10 तक, गर करण प्रातः 9:45 तक, चन्द्रमा आज वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-मिथुन, बुध-कुम्भ, गुरू-मीन, शुक्र-मेष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज कुमार और यमधट योग सूर्योदय से प्रातः 8:21 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग प्रातः 8:21 से सूर्योदय तक है। रवियोग प्रातः 8:21 से आरम्भ होगा। भद्रा रात्रि 9:28 से मंगलवार प्रातः 8:55 तक है। आज श्री एकनाथ षष्ठि है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** अमृत सूर्योदय से 8:11 तक, शुभ 9:40 से 11:08 तक, चर 2:05 से 3:33 तक, लाभ-अमृत 3:33 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:44, सूर्यास्त 6:29

### मेष
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। परिवार में वाद-विवाद बढ़ने का भय बना रहेगा।

### वृष
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा।

### मिथुन
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा।

### कर्क
परिजनों के व्यवहार के कारण दुःख हो सकता है। मन खिन्न रहेगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में दिन अच्छा रहेगा।

### सिंह
घर-परिवार के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है।

### कन्या
आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित अड़चनें दूर होने लगेंगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### तुला
आर्थिक कारणों से अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। विवादित मामलों से राहत मिलेगी।

### वृश्चिक
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### धनु
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### मकर
आर्थिक/वित्तीय मामलों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

### कुंभ
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।

### मीन
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता यथावत बनी रहेगी।

# ‘उदयपुर स्मार्ट सिटी के कार्य डेनमार्क की तर्ज पर करने की जरूरत’

उदयपुर, (कासं)। इंस्टिट्यूट ऑफ़ टाऊन प्लानिंग सभागार में रविवार को भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटैक) उदयपुर चैप्टर साधारण सभा की बैठक में उदयपुर स्मार्ट सिटी योजना के विकास कार्यो पर समीक्षात्मक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। पूर्व अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक

- उल्लेखनीय कार्य करने वाले इंटेक के आजीवन सदस्य पीएल मेघवाल, सतीश श्रीमाली, गौरव सिंघवी, हर्ष भू, अर्जुन पंचोली एवं दीपेंद्रसिंह चौहान को सम्मानित किया

सतीश श्रीमाली ने डेनमार्क की तर्ज पर उदयपुर स्मार्ट सिटी के विकास कार्य कराए जाने की आवश्यकता बताई।

उन्होंने कहा यहां जनसंख्या का दबाव अधिक है। उदयपुर शहर को हरा भरा बनाने, स्वच्छ रखने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए शहर


उदयपुर में इंस्टिट्यूट ऑफ़ टाऊन प्लानिंग सभागार में रविवार को भारतीय सांस्कृतिक निधि ( इंटैक ) उदयपुर चैप्टर साधारण सभा की बैठक में उदयपुर स्मार्ट सिटी योजना के विकास कार्यो पर समीक्षात्मक व्याख्यानमाला आयोजित हुई।

वासियों को शिक्षित करने की जरूरत बताई।इस अवसर पर प्रो. महेश शर्मा ने उदयपुर स्मार्ट सिटी के प्रस्तावित विकास कार्यों एवं वास्तविक विकास कार्यों पर तुलनात्मक व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि उदयपुर को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए और अधिक कार्य किए जाने की महती आवश्यकता है।

पूर्व सहायक वन संक्षक डॉ. सतीश शर्मा ने मेवाड़ में वसंत ऋतु के दौरान खिलने वाले फूलों और वनस्पतियों संबंधित क्षेत्रों पर व्याख्यान देते हुए बताया वसंत एवं वर्षा ऋतु में यहां की प्रकृति नूतन आवरण धारण करती है। यहां के प्राकृतिक दृश्य देखने लायक होते हैं। संयोजक डॉ. ललित पांडे ने बताया कि आगामी वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा भारत सरकार की अनुशंसा पर अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किया गया है। इंटेक उदयपुर स्थित विश्वविद्यालयों में इसके महत्व को उजागर करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस अवसर पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले इंटेक के आजीवन सदस्य पीएल मेघवाल, सतीश श्रीमाली, गौरव सिंघवी, हर्ष भू ,अर्जुन पंचोली एवं दीपेंद्रसिंह चौहान को सम्मानित किया गया। सह संयोजक गौरव सिंघवी ने इंटेक द्वारा वर्ष 2022-23 में आयोजित कार्यक्रमों का विवरण प्रस्तुत किया। बैठक में पूर्व संयोजक डॉ. बी पी भटनागर सहित आजीवन सदस्यों ने भाग लिया। 2 मिनट का मौन रखकर आजीवन सदस्य स्वर्गीय प्रोफेसर पुष्पेंद्र सिंह राणावत को श्रद्धांजलि दी गई।

## प्रभारी नियुक्त

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान में होने वाले आम चुनाव से पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया ने भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ प्रवीण खंडेलवाल को भाजपा प्रदेश नेतृत्व की ओर से प्रतापगढ जिला प्रभारी नियुक्त किया है।

भारतीय जनता पार्टी के अग्रिम संगठन विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शहर के अग्रिम संगठन विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शहर एडवोकेट महेंद्र नागदा ने बताया कि उदयपुर जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एडवोकेट डॉ प्रवीण खंडेलवाल को प्रतापगढ़ का जिला प्रभारी बनाए जाने पर विधि प्रकोष्ठ देहात की इकाई की ओर से आज उनके निवास पर जाकर अधिवक्ताओं ने उनका सार्वजनिक अभिनंदन एवं स्वागत किया है।

# संगठित ब्राह्मण समाज का नहीं है कोई विकल्प : भवानी जोशी

बांसवाड़ा, (निसं)। विसनागर ब्राह्मण समाज का होली मिलन समारोह एवं बैठक पलकेश त्रिवेदी के लोधा आवास पर हुई। जिसमें समाज के उत्थान एवं विकास के लिए विचार व्यक्त करते हुए पुर्व राज्य मंत्री भवानी जोशी ने कहा कि संगठित ब्राह्मण समाज का कोई विकल्प नहीं है समाज की एकता और संगठित रूप से समाज और देश का हर विकास सम्भव है इसलिए समाज को संगठित होकर रहना चाहिए।

समाज की कमान युवा वर्ग को सौंपना चाहिए। समाज अध्यक्ष भवानी शंकर दवे ने कहा कि समाज की युवा पीढी आगे आए और समाज की एकता को और मजबूत करें।

- सर्वसम्मति से समाज संचालन के लिए ग्यारह सदस्यों की कमेटी और पांच सदस्यीय मार्गदर्शन मण्डल का गठन किया

समाज की एकता में ही समाज की शक्ति निहित है। समाज के समस्त पधारे हुए बंधुओं ने अनेक सुझावों के साथ विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर सर्वसम्मति से समाज संचालन के लिए ग्यारह सदस्यों की कमेटी और पांच सदस्यीय मार्गदर्शन मण्डल का गठन किया। युवा मण्डल की ओर से भवानी शंकर दवे, पल्केश त्रिवेदी का सम्मान किया गया। समाज के वरिष्ठ देवशंकर जोशी, गिरजाशकर जोशी, दिनेश दवे, हरीश जोशी, ललित मेहता, महेश व्यास, अनिल व्यास, लक्ष्मी नारायण त्रिवेदी, धुव कुमार व्यास, नितिन त्रिवेदी, प्रकाश द्विवेदी, ओम प्रकाश जोशी, मनोज त्रिवेदी, सुरेश भट्ट, कल्याण जोशी, राकेश शर्मा, दिनेश शर्मा ने सम्बोधित किया। संचालन प्रदीप शर्मा ने किया जबकि आभार कृष्ण कान्त त्रिवेदी ने माना। बैठक के पश्चात समाज जनों ने एक दुसरे को रंग लगाकर स्नेह व्यक्त किया। स्नेह भोज पल्केश त्रिवेदी द्वारा दिया गया।

# पिछोला अमरकुण्ड पर श्रमदान किया

उदयपुर, (कासं)। नदी सुधार मे जुटे व नदियों को बचाने के लिए संघर्षरत नागरिक संगठन 14 मार्च को एक्शन फॉर रिवर्स डे नदियों के लिए कार्यवाही दिवस के रूप मे मनाते है।

उदयपुर को यह दिवस आयड नदी की बर्बादी रोकने के संकल्प दिवस के रूप मे मनाना चाहिए। यह विचार रविवार को आयोजित नदी संवाद में व्यक्त किये गए। संवाद मे झील संरक्षण समिति के डॉ. अनिल मेहता ने कहा कि जंहा आयड को सदानीरा व वेनिस बनना था , वंही अब इसके विपरीत नदी को पानी के एक धोरे के रूप मे सिमटाया जा रहा है। वेनिस बनाने का विचार विनाश करने के कार्यों मे बदल गया है। यह नदी पर

- ‘जांच पूरी होने तक नदी टाइलिंग व नदी को छोटा किये जाने के कार्य को रोकने के आदेश जारी करें’


झील संरक्षण समिति के सदस्यों ने झील संवाद कर श्रमदान किया।

अत्याचार है। अधिकारी वर्ग द्वारा किये जा रहे इस पर्यावरण अपराध पर राज्य के सत्ता पक्ष व विपक्ष के राजनीतिक दलों की चुप्पी आश्चर्यजनक है। झील विकास प्राधिकरण के पूर्व सदस्य तेज शंकर पालीवाल ने कहा कि नदी को एक छोटे से धोरे मे बदल देने के पीछे भूमाफिया का हाथ हो सकता है। उन्होंने आशंका जताई कि नदी पेटे के हिस्सों को भविष्य मे खुर्द बुर्द किया जा सकता है।गांधी मानव कल्याण समिति के निदेशक नंद किशोर शर्मा ने कहा कि एन जी टी ने झील संरक्षण समिति की याचिका पर जांच के लिए कमेटी बनाई है। कमेटी सदस्य होने के नाते कलेक्टर जांच पूरी होने तक नदी टाइलिंग व नदी को छोटा किये जाने के कार्य को रोकने के आदेश जारी करे। झील प्रेमी कुशल रावल व द्रुपद सिंह ने कहा कि जहां भी नदी के मूल स्वरूप को बदलने के अपराध हुए है, वंहा के लोगों को बाढ़ से पीड़ित होना पड़ा है। अधिकारियों को नदी एवं नागरिकों के जीवन के साथ खिलवाड करने से रोकना ही होगा। संवाद से पूर्व पिछोला अमरकुण्ड पर आयोजित श्रमदान में पॉलीथीन, कांच व प्लास्टिक की बोतलें, घरेलू कचरा व अन्य गंदगी हटाई गई।

## ‘मेला’ 23 मार्च से

उदयपुर, (कासं)। राजस्थानी, ऊर्दू और हिंदी भाषा के साहित्य के साथ ही संगीत, नाटक एवं कला के विविध रूपों का महाकुंभ ‘मेला’ 23 से 26 मार्च को आयोजित होगा। मेले में भाग लेने देशभर से नामी हस्तियाँ उदयपुर आएंगी।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के पत्र क्रमांक F1(4)SEIAA/SEAC-Raj/Sectt./Project/Cat. B1 (21040) 2022-23 Jaipur Dated: 08-3-2023 के द्वारा मै. श्री भगवती प्रसाद टांक सहखातेदार श्री किशन सिंह ML No. 14/2018 क्षेत्रफल 2.6689 हे. वास्ते खनिज क्वार्ट्ज, फैल्सपार, ग्रेनाईट निकट ग्राम लालजी का खेड़ा त. देवगढ़ जिला राजसमंद Proudction Capacity Granite 133392 (TPA) (Quartz Feldspar 14286 TPA (ROM) के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA जयपुर एवं राजस्थान प्रदुषण नियंत्रण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic.in पर देखी जा सकती है। श्री भगवती प्रसाद टांक सहखातेदार श्री किशन सिंह

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के पत्र क्रमांक F1(4)SEIAA/SEAC-Raj/Sectt./Project/Cat.B2 (21049) 2021-22 Jaipur Dated: 25-11-2022 के द्वारा मै.नीलकण्ठ ग्रेनाईट ML No. 27/2021 क्षेत्रफल 1.8285 हे. वास्ते खनिज ग्रेनाईट निकट ग्राम आंजना तहसील देवगढ़ जिला राजसमद(राज.) Proudction Capacity ग्रेनाईट 208334 TPA (ROM) के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA जयपुर एवं राजस्थान प्रदुषण नियंत्रण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic.in पर देखी जा सकती है। मै.-नीलकण्ठ ग्रेनाईट

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के पत्र क्रमांक F1(4)SEIAA/SEAC-Raj/Sectt./Project/Cat.B2 (21687) 2022-23 Jaipur Dated: 20-01-2023 के द्वारा मै. तुलसी मिनरल्स ML No. 11/2021 क्षेत्रफल 2.0283 हे. वास्ते खनिज क्वार्ट्ज, फैल्सपार निकट ग्राम हरियाव तहसील वल्लभनगर जिला उदयपुर (राज.) Proudction Capacity क्वार्ट्ज, फैल्सपार 133334 TPA (ROM) के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA जयपुर एवं राजस्थान प्रदुषण नियंत्रण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic.in पर देखी जा सकती है। मै. तुलसी मिनरल्स


# जंगल सफारी का हुआ आयोजन


उदयपुर में हिंदुस्तान जिंक की मेजबानी में जंगल सफारी का आयोजन किया गया।

उदयपुर, (कासं)। रविवार को हिंदुस्तान जिंक द्वारा उदयपुर की खूबसूरत पहाड़ियों के बीच नेचर ट्रेक का आयोजन किया। हिंदुस्तान जिंक के वरिष्ठ प्रबंधन और वन अधिकारियों की उपस्थिति में जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने प्रकृति प्रेमियों को झंडी दिखाकर रवाना किया। मीणा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन न सिर्फ प्रकृति से जुडने का अवसर प्रदान करते है बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है, हमें समय समय पर प्रकृति से जुड़कर इसके संरक्षण और नेचर को हमारे लियर महत्वपूर्ण होने का संदेश आमजन तक पहुचाना चाहिए। हिंदुस्तान ज़िंक के उदयपुर, जावर और देबारी से कर्मचारियों ने नेचर राइड में भाग लिया। 5 किमी की ट्रेकिंग साहसिक ट्रेकिंग यादगार था जो सज्जनगढ़ किले से शुरू हुआ और बड़ी झील पर समाप्त हुआ जिसमें जिला कलेक्टर सहित 70 से अधिक प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने दिन की शुरुआत एक साहसिक विजुअल ट्रीट के साथ की। हिंदुस्तान ज़िंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा ने इसे सराहनिय पहल बताते हुए कहा कि, जैव विविधता की रक्षा और संवर्धन सतत विकास के लिए हिंदुस्तान ज़िंक की प्रतिबद्धता का एक अभिन्न अंग है। जंगल सफारी जैसी पहल न केवल हमें प्रकृति के करीब लाता है बल्कि एक स्वास्थ्य जीवन शैली को विकसित करने में भी हमारी मदद करता है।

- जिला कलेक्टर सहित 70 से अधिक लोगों ने सज्जनगढ़ किले से बड़ी झील तक 5 किमी लंबी ट्रेकिंग अभियान में लिया भाग

विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों और जीवों के बीच ढलान वाली पहाड़ियाँ और घास के मैदान ट्रेकर्स के लिए एक रोमांचक और रमणीय अनुभव था।































# मामूली विवाद में युवक को मारी गोली, जिला अस्पताल में भर्ती कराया

## गोली मारने वाले आरोपी की तलाश में पुलिस ने सम्भावित ठिकानों पर छापा मारा

**धौलपुर, (निसं)।** लाल बाजार धौलपुर में शनिवार रविवार की रात मामूली विवाद में एक युवक को गोली मार दी। जो उसके पेट में लगी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पुलिस की मदद से जिला अस्पताल धौलपुर लाया गया। जहां युवक की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उपचार के लिए हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। वहीं युवक को गोली मारने वाले आरोपी की तलाश में पुलिस ने रात को ही उसके छिपे होने के सम्भावित ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की। लेकिन आरोपी का कोई पता नहीं चला।

वहीं घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी मनोज कुमार ने रविवार दोपहर को घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया और लोगों से बातचीत कर पूरे मामले की जानकारी ली। इसके साथ ही एसपी ने निहालगंज थाना प्रभारी विजय मीणा को आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए। घटना को लेकर थाना प्रभारी विजय मीणा ने बताया कि घायल ने पर्चा बयान में पुलिस को बताया है कि वह बाजार से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसे शराब के नशे में अर्पित उर्फ भूरा पंडित निवासी पुराना शहर धौलपुर मिल गया। जिसके साथ में मामूली विवाद के बाद आरोपी भूरा पंडित ने उसके पेट में गोली मार दी। पेट में गोली लगने से घायल हुए युवक हिमांशु (24) पुत्र मुकेश निवासी पुराना शहर धौलपुर को मौके पर पहुंचे परिजनों और पुलिस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी डॉक्टर ने युवक की हालत गंभीर होने पर उसे उपचार के लिए रेफर कर दिया।



घायल युवक को अस्पताल में ले जाया गया, इस दौरान पुलिस जाप्ता तैनात रहा।

- **पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया**

थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के बाद आरोपी की तलाश में देर रात तक दबिश की कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश की कार्रवाई जारी है। जिसे शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना को लेकर घायल के पर्चा बयान के आधार पर आरोपी भूरा पंडित सहित 3-4 अन्य युवकों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# विधवा से शादी का झांसा देकर बलात्कार

## पीड़िता ने कराया मुकदमा दर्ज

**अजमेर, (कासं)।** विधवा महिला को बहला-फुसला कर शादी का झांसा देकर युवक ने पहले तो बलात्कार करने और बाद में अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने क्रिश्चियन गंज थाने में युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना पुलिस ने बताया कि एक विधवा महिला ने थाने में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज करवाई, जिसमें बताया कि उसके रिश्तेदार की लड़की ने तीन महीने पहले सलमान नामक युवक से उसकी मुलाकात करवाई थी और उसने झांसा दिया कि वह विधवा है, ऐसे में उसे सहारा चाहिए। इसलिए सलमान उससे शादी करना चाहता है। बाद में दोनों के बीच नजदीकी बढ़ गई।

पीडिता ने शिकायत में बताया कि 15 जनवरी को आरोपी और उसके रिश्तेदार की बेटी उसके घर आए, दोनों ने बहला फुसलाकर उस पर दबाव डालकर अपने साथ ले गए, जहां उसके साथ सलमान ने जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने शिकायत में आरोप लगाया कि जब उसने इसे लेकर मना किया तो उसे शादी का झांसा देकर वायदा किया कि एक दो दिन में उससे शादी कर लेगा। उसके बाद से ही आरोपी युवक और उसके रिश्तेदार की लड़की उसे रोज बुलाती थी। रिश्तेदार की लड़की मकान के बाहर निगरानी रखती और आरोपी उसके साथ दुष्कर्म करता था। उसने इसका विरोध किया तो उसे उसकी अश्लील फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी देकर चुप करा देता था। साथ ही उसे जान से मारने की धमकियां भी दी गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने बलात्कार सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच थाना प्रभारी करण सिंह खंगारोत कर रहे है।

# नाबालिग से दुष्कर्म कर किया ब्लेकमेल, रिपोर्ट दर्ज

**टोंक, (निसं)।** जिले के थाना टोडारायसिंह में नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने तथा अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने तथा ब्लेकमेल करने की रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पुलिस उपाधीक्षक मालपुरा सुशील मान को सौंपी है। पीड़िता की मां ने थाना रिपोर्ट दर्ज में बताया कि मेरी पुत्री के मोबाइल नम्बर किसी से लेकर खुशीराम गुर्जर जुलाई-अगस्त 2022 में बहला फुसला कर अपने साथी राजेश उर्फ बुद्धि के साथ केरली के स्कूल में ले गया। जहां पुत्री के साथ दबाव बनाकर दुष्कर्म किया तथा अश्लील वीडियो बना लिया। तब से ही वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मेरी पुत्री से कई बार सामुहिक दुष्कर्म किया। रिपोर्ट में बतया कि यही नहीं मेरी पुत्री कहीं भी जाती है, उसका पीछा करते हैं और शारीरिक सम्बंध के लिए दबाव बनाते हैं। पीड़िता ने रिपोर्ट में बताया कि जनवरी फरवरी में खुशीराम व राजेश उर्फ बुद्धि ने स्कूल के समीप रह रहे सुनील पारीक के घर ले जाकर मेरी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया।

साथ ही धमकी दी कि इस बात को किसी को बताएगी तो जान से मार देंगे तथा मुहं दिखाने लायक नहीं रखेंगे। उसे के बाद से आरोपी लगातार सुनील पारीक के मकान पर बुलाते है और दुष्कर्म करते हैं। इस पर परेशान होकर मेरी पुत्री ने परिवारजनों को सारी घटना के बारे में बताया। इसके बाद भी आरोपियों में समझाने के लिए उनके घर गए, लेकिन आरोपी झगड़ा करने का आमदा हो गए तथा वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहे हैं।

# ज्वैलर-वायदा कारोबारी के यहां करोड़ों रुपए के सोने के बेनामी आभूषण मिले

## 'व्यापारी के परिवार सहित 10 ठिकानों पर छापेमारी शुरू की गई थी'

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** शहर में ज्वैलरी-वायदा कारोबारी के विभिन्न ठिकानों पर आयकर विभाग की इन्वेस्टिगेशन विंग की छापेमारी जारी रही। कार्रवाई के दरमियान विभागीय अधिकारियों ने बड़ी मात्रा में दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए हैं। इस दौरान बड़ी गड़बड़ी उजागर हुई है। टीमें लगातार दस्तावेजों को खंगाल रही हैं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि व्यापारी के यहां से करोड़ों रुपए कीमत का सोने का एक्स्ट्रा स्टॉक मिला है।

श्रीगंगानगर शाखा के डिप्टी डायरेक्टर अशोक चारण का कहना है कि जब्त किए गए दस्तावेजों से मिलान का काम जारी है। विभागीय अधिकारी हर एंगल से जांच करने में जुटे हुए हैं। जल्द ही पता चल जाएगा कि कितनी गड़बड़ी की गई है। चारण का कहना है कि अपर निदेशक जयपुर दिनेश बड़गुर्जर भी श्रीगंगानगर आए हुए हैं, उन्हीं के मार्गदर्शन में टीमें काम कर रही हैं। विभाग की ओर से व्यापारी के परिवार सहित 10 ठिकानों पर शुक्रवार को एक साथ छापेमारी शुरू की गई थी। इनमें से एक ठिकाने पर कार्रवाई पूरी हो गई। जबकि 4 प्वाइंट पर पूरी कर ली गई। अब 5 जगहों- 4 मकान व एक ज्वैलरी शोरूम पर कार्रवाई जारी है।

इन्वेस्टिगेशन विंग की ओर से कार्रवाई से पूर्व ही सभी तरह की तैयारियां की गई हैं। कंप्यूटर पर डेटा व खातों के मिलान आदि काम के लिए गुजरात व राजस्थान से 2-2 साइबर फोरेंसिक एक्सपर्ट श्रीगंगानगर बुलाए गए। ये एक्पर्ट अकाउंटेंट व कंप्यूटर एक्सपर्ट के साथ डेटा एकत्रित करने में जुटे हुए हैं। ठीक इसी तरह बीकानेर से ज्वैलर्स एक्सपर्ट को बुलाया गया है। यह एक्सपर्ट कारोबारी के यहां से मिले सोना, चांदी सहित अन्य आभूषणों की क्वालिटी, कीमत, कैरेट आदि की अच्छे से जानकारी देंगे।

सूत्रों के अनुसार एक्सट्रा स्टॉक मिलने की एक ही वजह होती है। आय होने पर ही कोई चीज खरीद की जा सकती है या अधिकतर खरीद बिल से होती है। वहीं, जिन वस्तुओं को बिना बिल के खरीद किया जाए यह भी जांच के दायरे में आता है। संभावना जताई जा रही है कि कारोबारी के यहां से करोड़ों रुपए की गड़बड़ी सामने आएगी, इस पर विभाग की ओर से आगे कार्रवाई की जाएगी। डिप्टी डायरेक्टर चारण का कहना है कि कर चोरी की बजाय तय समय पर निर्धारित आयकर जमा कराने से करदाता को ही लाभ मिलता है। एक तो विभागीय कार्रवाई का डर नहीं रहता, दूसरा इससे अन्य व्यापारी भी प्रेरित होते हैं।

# चुनाव की हलचल

**करौली, (निसं)।** विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं वैसे वैसे प्रत्याशियों की बहार सी आती दिखाई दे रही है और वह अलग-अलग तरीकों से जनसंपर्क में जुट गए हैं। आगामी विधानसभा के चुनाव नवंबर माह में होंगे लेकिन चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों ने अभी से जनसंपर्क शुरू कर दिया है। कोई प्रत्याशी होडिंग, बैनर,पोस्टर लगाकर लोगों को दीपावली, होली, नव संवत्सर, शबे बरात और ईद की शुभकामनाएं देते नजर आ रहे हैं तो कई प्रत्याशी धार्मिक कार्यक्रमों में पहुंचकर लाखों रुपए की चंदा राशि दान स्वरूप भेंट कर रहे हैं। होली पर शहर के लोगों को गुलाल के पाउच तक वितरण कर चुके हैं। इसी कड़ी में करौली शहर के एक संत ने नरेश गोपाल दास गिरी भी विधानसभा चुनाव लड़ने की ताल ठोकते हुए साइकिल से जनसंपर्क शुरू कर दिया है। जिसमें साइकिल पर एक बोर्ड लगा कर सबका साथ सबका विकास का नारा देते हुए जनसंपर्क पर निकलते हैं।

# पिता की प्रथम पुण्यतिथि पर बेटी को पगड़ी बंधाई



पगड़ी की रस्म अदा करते हुए।

**फुलेरा, (निसं)।** एक पिता और परिवार के लिए सबसे गर्व की अनुभूति तब होती है जब उनके जाने के बाद उस जिम्मेदारी को किसी और को पहना दिया जाता है। लेकिन जब बेटा नहीं हो तो कई प्रकार के अनसुलझे सवाल वहां खड़े होते हैं।

कुछ ऐसा ही वाकया उस समय हुआ, जब 67 वर्ष की उम्र में भंवर सिंह पंवार का निधन हुआ। कोरोना काल में जब पगड़ी का दस्तूर नहीं हो पाया तब सबके मन में यही शंका थी कि पुत्र के अभाव में यह कैसे होगा। क्योंकि रस्में, रिवाज इस मामले में बेटो की हिमायत करते हैं। क्योंकि पगड़ी की रस्म का अर्थ है, परिवार के मुखिया के निधन के बाद पगड़ी के जरिये जिम्मेदारी का अंतरण।

दिवंगत भंवर सिंह के निधन के बाद बड़ी बेटी रूपा कंवर ने अपने पिता की जिम्मेदारी को अपने कंधों पर लेते हुए दस्तूर के माथे बेटियों की दस्तारबंदी की तो रस्मों रिवाज खुद ब खुद झुक गई और एक भावुकता का माहौल हो गया। रेल नगरी फुलेरा में शायद ये पहला मौका था जब बेटी के सिर पिता की पगड़ी बंधी। बड़ी बेटी रूपा कंवर ने प्रचलित रस्म का प्रतिकार किया और परिवर्तन की प्रतिमा बन कर खड़ी हो गई। सामाजिक स्वीकृति के बीच रूपा कंवर के सिर पिता की पगड़ी बंधी तो उसका चेहरा बदलाव की रोशनी से दमक उठा।

# पैंथर का मूवमेंट दिखा

**अजमेर, (कासं)।** तारागढ़ की पहाड़ियों में शनिवार देर रात पैंथर की चहल कदमी को कार सवार युवकों ने कैमरे से वीडियों में कैद कर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। तारागढ़ की पहाड़ियों पर पेंथर के होने की सूचना से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल हो गया। वहीं वन विभाग ने क्षेत्र के लोगों से सावधान रहने की अपील की है। जानकारी के अनुसार शहर के नजदीकी तारागढ़ की पहाडियों पर शनिवार रात तारागढ़ की पहाड़ी पर स्थित पृथ्वीराज स्मारक मोड के नजदीक एक पैंथर के मूवमेंट को कार सवार ने युवक देखा और वीडियो बना ली।

- **कार सवार युवकों ने वीडियो वायरल किया, वन विभाग ने लोगों से सावधान रहने की अपील की**

कार सवार युवक ने अपने मोबाइल से पैंथर के मूवमेंट को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। तारागढ़ की पहाड़ी पर पैंथर के मूवमेंट की सूचना मिलते ही क्षेत्र में दहशत फैल गई। वन विभाग के अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों और जायरीनों से सावधान रहने की अपील की है। उधर वन विभाग को भी इसकी सूचना मिल गई है। वन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि तारागढ़ रोड पर देर रात तक स्थानीय लोगों के साथ ही जायरीनों की आवाजाही लगी रहती है। ऐसे में अगर पैंथर किसी पर हमला कर नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने वन विभाग से मामले में तुरंत पिंजरा लगाकर पैंथर को पकडने की कार्रवाई करने की अपील की है।

# डोडा-चूरा से भरी कार जब्त

**उदयपुर, (निसं)।** खेरोदा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध डोडा-चूरा से भरी कार जब्त कर तस्कर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर खैरोदा थानाधिकारी पवनसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने शनिवार रात में भटेवर वासुदेव होटल के सामने पहुंच कर राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर नाकाबंदी की। इस दौरान मंगलवाड की तरफ से आ रही कार का चालक पुलिस को देख गाडी लेकर वापस मंगलवाड की तरफ भागा। जिसका पिछा किया तो चालक स्वागत होटल के पास कार छोड़ फरार हो गया। इस पर मौके पर पहुंच कर तलाशी ली तो कार में रखे 7 कट्टों में 101 किलो अवैध डोडा-चूरा पाया गया। इस पर कार जब्त कर जांच वल्लभ नगर थानाधिकारी घनश्याम को सौंपी।

# पांच हजार रुपये का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** रेस्टोरेंट में घुस कर मारपीट करने के मामले में एक वर्ष से फरार पांच हजार के इनामी बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर चन्द्रशील ठाकुर, एएसपी शिप्रा राजावत के निर्देशन में गठित पुलिस दल ने एक साल से अधिक समय से फरार चल रहे आरोपी नरेन्द्र गौतम उर्फ नानू पुत्र जमनाशंकर को गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार राजकुमार सालवी पिता कालू लाल सालवी निवासी गांव नवानिया थाना वल्लभनगर हाल वर्धमान स्कूल के पास, उत्तरी सुन्दरवास थाना प्रतापनगर जिला उदयपुर ने गत 30 मार्च 2022 को थाना प्रतापनगर पर रिपोर्ट पेश की कि नरेन्द्र गोतम निवासी मनवाखेडा से मेरी करीब दो साल से जान पहचान हैं। नरेन्द्र गौतम वाहन खरीद फरोख्त का काम करता है। नरेन्द्र गौतम ने अपने व्यसाय के लिए 2 वर्ष पूर्व 5 लाख रुपये उधार लिये थे। मैंने कई बार रुपयों की मांग कि तो वो मेरे से टालमटौली कर रहा था। गत 28 मार्च 2022 को मैंने नरेन्द्र को फोन किया तो उसका फोन नही लगा। उसके बाद उसने मुझे वॉट्सअप पर मैसेज कर किया। उस समय मै मेरे दोस्त सुभाष लौहार व ललित लौहार के साथ केसरिया बालम रेस्टोरेन्ट पर बैठा हुआ था। नरेन्द्र गोतम कार लेकर अपने 4-5 दोस्तों के साथ केसरिया बालम रेस्टोरेन्ट पर आकर मेरे साथ जातिगत गाली गलौच की।

नरेन्द्र गोतम ने मेरे साथ रेस्टोरेन्ट में तलवार से तलवार की बोटी साइट से मारपीट की जिससे मेरे दोनो पैरों पर चोट लगी। मेरे दोस्तो ने मेरा बीच बचाव किया मै अपनी जान बचाकर वहा से भागा। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरु किया गया। इस मामले में झामर कोटडा रोड़ मनवाखेड़ा निवासी नरेन्द्र गौतम उर्फ नानू, सौरभ मीणा पुत्र सतवीर मीणा निवासी बीबाबसर ढाणी जाट मौहल्ला झुझनू एक वर्ष से फरार होने से जिला पुलिस अधीक्षक ने 5 हजार का इनाम घोषित किया था।

# हादसे में बाइक सवार की मौत

**बौंली, (निसं)।** क्षेत्र के मित्रपुरा थाना अंतर्गत बपूई गांव के पास के डूंगरी रपट पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई।

सूचना पाकर मित्रपुरा पुलिस मौके पर पहुंची एवं शव को मित्रपुरा चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मित्रपुरा सर्किल इंस्पेक्टर श्रीकिशन मीणा ने बताया कि रविवार को सुबह सूचना मिली की डूंगरी के पास सड़क मार्ग पर एक बाईक एक युवक पड़ा है। सूचना पर मित्रपुरा पुलिस मौके पर पहुंची एवं युवक को मित्रपुरा चिकित्सालय लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बाइक सवार की पहचान शोराज रेगर उम्र 32 वर्ष निवासी कुटका के रूप में हुई है जो की आस पास का ही है।

# कार पलटने से तीन युवकों की मौत, दो गंभीर घायल

**पिंडवाड़ा, (निसं)।** पिण्डवाड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के सिरोही-पिंडवाड़ा राष्ट्रीय फोरलेन हाईवे जाखर गांव की हाईवे सड़क मार्ग पर कार पलटने से कार में सवार पांच युवकों में से तीन की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना की खबर मिलते ही पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे। वहीं 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार कर घायलों की स्थिति गंभीर देखकर इलाज के लिए सिरोही ट्रोमा सेंटर रेफर किया।

जानकारी के अनुसार चुरू जिले के सरदार शहर के रूपली एरिया में रहने वाले विक्रम सिंह पुत्र महेंद्र सिंह, विक्रम सिंह पुत्र भंवर सिंह व उनके साथी शिव शंकर सिंह, प्रताप सिंह, करण सिंह पांचों युवक अपने गांव से कार में सवार होकर गुजरात की ओर जा रहे थे। रविवार शाम 4 बजे करीब फोरलेन मार्ग के झाडोली हाईवे तिराहे से कुछ ही दूरी पर खेतलाजी मंदिर के पास पहुंचे ही थे। तभी अचानक सड़क पर कोई आ गया और उसे बचाने के चलते कार पलट गई। अचानक ब्रेक लगाने से कार सड़क के किनारे पचास फीट दूर के खड्डे में जा गिरी। जिसमें सवार शिव शंकर, करणसिंह और प्रताप सिंह की चोट लगने से मौके पर मौत हो गई। वहीं दो एक ही नाम के युवक विक्रम सिंह गंभीर घायल हो गए। वहीं सड़क से गुजर रहे वाहन चालकों ने दुर्घटना को देखकर अपने वाहन को सडक के किनारे रोककर 108 एंबुलेंस को और पुलिस थाने को दुर्घटना की सूचना दी। जिसके बाद वाहन चालकों और लोगों की मदद से पांचों युवकों को कार में से बाहर निकाला। उसी दौरान घटना की जानकारी पुलिस को मिलते ही पिंडवाडा पुलिस उप अधीक्षक जेठू सिंह करनोत, थानाधिकारी चंपालाल बारड मय जाब्ता घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं घटना की जानकारी पिंडवाडा उपखंड अधिकारी हंसमुख कुमार को मिलते ही तहसीलदार मादा मीणा के साथ अस्पताल पहुंचे। दुर्घटना के बाद गंभीर घायलों को उपचार के लिए सिरोही रेफर किया। वहीं तीन मृतक युवकों के शवों को राजकीय चिकित्सालय के मोर्चरी में रखवाया।

- **घायलों का प्राथमिक उपचार कर इलाज के लिए सिरोही ट्रोमा सेंटर रेफर किया**
- **सिरोही-पिंडवाड़ा फोरलेन हाईवे जाखर गांव की हाईवे सड़क मार्ग पर हुआ हादसा**

# खान संचालकों की दबंगई और जिम्मेदारों की लापरवाही से सीज खदान में हो रहा अवैध खनन

## माइनिंग नियमों की अवहेलना पर खनिज विभाग ने 4 सोप स्टोन की खदानों को एक सप्ताह पूर्व सीज किया था

**मांडलगढ़, (निसं)।** मांडलगढ़ में यूएमडीएस गोलच्छा ग्रुप की 4 खदानों को खनिज विभाग ने एक सप्ताह पूर्व सीज कर बन्द करा दिया और खदानों पर नोटिस चस्पा कर खान संचालकों को पाबंद किया गया हैं। फिर भी संचालकों द्वारा मौक़े पर चस्पा नोटिस के दस्तावेजों को हटा कर खदानों में लुकाछिपी कर अवैध खनन किया जा रहा है। वहीं 2 खदानों के नाम पर तथा कथित रवन्ना-बिल्टी बनाकर हजारों टन मिनरल राज्य से बाहर भेजने का मामला सामने आया है। खनिज विभाग की इस कार्रवाई से अन्य खदान संचालकों में हड़कम्प मच गया हैं।

मांडलगढ़ और कोटड़ी में उदयपुर मिनरल डेवलपमेंट सिंडिकेट प्राइवेट लिमिटेड गोलच्छा ग्रुप को भारत सरकार द्वारा सोप स्टोन की 4 खदानें करीब 8 दशक पहले 1 हजार हेक्टेयर में आवंटित की थी। जो कोटडी के गेवरिया, बागवासा और मांडलगढ़ के चैनपुरा व आसन माता में स्थित है। सरकार ने वन भूमि को खनिज के लिए समर्पण कर खदानें आवंटित की थी। खान संचालकों ने केवल गेवरिया और चैनपुरा की की खदानों में ही जमकर सोपस्टोन का खनन किया। जबकि आसन माता और बागवासा की खदानों में खनन कार्य बहुत कम मात्रा में किया और दो दशक पहले खदानों को बन्द कर दिया। क्योंकि इन दोनों खदानों में टॉप क्वालिटी का सोपस्टोन मिनरल निकला था। जो विदेश में एक्सपोर्ट किया गया था। लेकिन आसन माता व बागवासा की खदानों के नाम से मिनरल का रवन्ना व बिल्टी जारी होते रहे और अन्य खदानों का मिनरल यहां से अन्य राज्यों में जाता रहा हैं।



मांडलगढ़ के चैनपुरा में खनिज विभाग द्वारा सीज की गई सोपस्टोन की खदान में अवैध खनन जारी है।

इन गोलच्छा ग्रुप की खदानों में खनिज विभाग की टीम ने जाँच की तो कई अनियमिताएं निकल कर सामने आई। खदानों में खान श्रमिक सुरक्षा, सीमा पीलर,माइनिंग नियमों की अवहेलना, प्रदूषण नियम और पर्यावरण को नुकसान समेत कई तरह की खामियां सामने आई।

खदानों से निकलने वाले मलबे को बनास नदी और वन भूमि में डम्प किया जाता रहा है। जिससे नदी के बहाव में बदलाव आ गया और पानी प्रदूषित होता रहा। वहीं वन भूमि के पेड पौधों में हानि हुई हैं। इस मामले में गोलच्छा ग्रुप को खनिज विभाग द्वारा ने कई बार नोटिस जारी किए। लेकिन इनका जवाब नहीं दिया गया। खनिज विभाग के अधिकारियों की टीम गत दिसम्बर 2022 में खदानों की फिर से जांच की तो भी माइनिंग नियमों की धज्जियां उड़ती मिली।

इस मामले को गम्भीरता से लेते हुए खान एवं भू-विज्ञान निदेशक उदयपुर सन्देश नायक ने 2 मार्च को गोलच्छा ग्रुप की चारों खदानों के खनन पट्टे को खारिज करने के आदेश जारी किए और 4 मार्च को भीलवाड़ा खनिज विभाग द्वारा गेवरिया, बागवासा, चैनपुरा और आसन माता में सोपस्टोन की खदानों को सीज कर खनिज विभाग ने अपने कब्जे में ले लिया और मौक़े पर नोटिस चस्पा कर खान संचालकों को पाबंद किया गया। खान संचालकों ने इन चस्पा नोटिस को भी हटा कर फैंक दिया हैं। गोलच्छा माइंस ग्रुप के संचालकों के राजनीतिक और प्रशासनिक रसूखात के चलते नियमों को ताक में रख अब तक बेतरतीब ओर अंधाधुंध सोपस्टोन का खनन होता आया है। ओर खान संचालकों द्वारा बनास नदी और वन भूमि में खनन मलबा डाल कर पर्यावरण को भारी नुक्सान पहुंचाया हैं।हालांकि इस मामले में ठामीणों द्वारा कई बार शिकायतें भी की थी।लेकिन भीलवाडा खनिज विभाग के पूर्व अधिकारियों का संरक्षण मिलने के कारण बड़ी कार्रवाई नहीं होती थी।

उधर गोलच्छा ग्रुप संचालकों का कहना है कि विभाग की कार्रवाई के बाद खदान में खनन कार्य पूर्ण रूप से बन्द कर दिया गया हैं।

भीलवाड़ा खनिज विभाग के खनिज अभियंता जिनेश हुमड ने बताया कि गोलच्छा ग्रुप की चारों खदानों को सीज कर मौक़े पर सुरक्षा गार्ड तैनात कर दिए गए है। मौक़े पर अवैध खनन की शिकायत मिली तो कार्रवाई की जाएगी।

# संगठन धरातल पर मजबूत होगा तो वह हमारे विचार की ताकत बनेगा : सतीश पूनियां

**जयपुर।** भाजपा के मिशन 2023 और 2024 को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में बूथ सशक्तिकरण अभियान एवं जिला जन आक्रोश महाघेराव का लेकर प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष और जिला प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां, प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह, प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर, प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, राष्ट्रीय बूथ सशक्तिकरण अभियान टोली के सदस्य प्रदीप वाघेला इत्यादि ने संबोधित किया।

सतीश पूनियां ने संबोधित करते हुए कहा कि, 2023 में जन आकांक्षाओं के अनुरूप भाजपा की लोक-कल्याणकारी सरकार बनेगी, जो राजस्थान के सपनों को पूरा करने का काम करेगी और 2024 में एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केन्द्र में प्रचण्ड जीत के साथ भाजपा की सरकार बनेगी और तीसरी बार नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे। इन दोनों संकल्पों के लिए हम सभी भाजपा कार्यकर्ता पूरी तरह प्रतिबद्ध है। देश और दुनिया में भाजपा और जनसंघ पर शोध होने लगे हैं, क्योंकि दुनिया के इतिहास में एक प्रमुख प्रबल विचार को लेकर चलते हैं, किस तरीके से एक संगठन जो कभी भी 3 प्रतिशत मतों व 3 सीटों से शुरू होता है और उसकी परिणति विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में 330 सीटों पर होती है और भारतवर्ष की जनता ने भाजपा पर मजबूती से भरोसा जताया है।

भाजपा कार्यकर्ता तीन आयामों पर काम करते हैं, संगठन की एक विशेष संरचना है, हम केवल नारों की नहीं सरोकारों की राजनीति करते हैं, इसलिए हम समाज से भी जुड़े हैं और राजनीति से भी, लेकिन सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कुशल संगठनकर्ता के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देशन में हम सब लोगों ने इस पार्टी को रचनात्मक रूप से भी समाज में भागीदार बनाया है। आज गर्व से कह सकता हूं कि भाजपा राजस्थान का संगठन धरातल पर सुदृढ़ है, आज हमारी पार्टी की फोर्स राजस्थान के 52 हजार बूथों पर किसी न किसी रूप में तैनात हैं, 50 हजार बूथों पर फोटोयुक्त बूथ समितियों के गठन के साथ भाजपा सक्रिय है।

इसलिए लोग मुझे पूछते हैं कि राजनीति में बूथ का क्या काम, बूथ की समितियों का क्या काम तो मैं पूरे गौरव से कहता हूं कि 2023 के चुनाव में भले ही कितने समीकरण होंगे, कितने राजनीतिक समीकरण होंगे, लेकिन भाजपा के बूथ के कार्यकर्ताअें का पसीना यह भाजपा की प्रचण्ड जीत का बड़ा कारक बनेगा। एक मजबूत संगठन राजनीति के हर सवाल का जवाब है, इसलिए संगठन धरातल पर मजबूत होगा तो वह हमारे विचार की ताकत बनेगा। नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के बुनियादी विकास से लेकर वैचारिक मुददों के समाधान के जरिए देश के लोगों का भरोसा जीता और पूरी दुनिया में भारत का मान बढ़ाया।

मोदी सरकार ने आम आदमी के जीवन में बुनियादी सुविधाओं के दरवाजे खोल दिए। नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में भारत हर चुनौती को पछाड़ते हुए आत्मनिर्भर बन रहा है।

अरूण सिंह ने कहा कि, बूथ सशक्तिकरण अभियान की प्रादेशिक कार्यशाला संगठन में सभी आयामों और कार्यक्रमों के लिये बूथ की मजबूती के साथ-साथ सशक्त मंडल, सक्रिय बूथ एवं पन्ना समिति का गठन को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना है, बूथ सशक्तिकरण अभियान से भाजपा 2023 में तीन चैथाई बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।



भाजपा प्रदेश कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां, प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह, प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर, प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, राष्ट्रीय बूथ सशक्तिकरण अभियान टोली के सदस्य प्रदीप वाघेला ने संबोधित किया।

**■ भाजपा के मिशन 2023 और 2024 को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में बूथ सशक्तिकरण अभियान एवं जिला जन आक्रोश महाघेराव को लेकर बैठक आयोजित**

प्रदीप वाघेला ने कहा कि, राजस्थान के सभी उत्साही एवं ऊर्जावान कार्यकर्ता कमर कसकर बूथ सशक्तिकरण के साथ भाजपा को जन-जन तक पहुंचाते हुए आगामी विधानसभा चुनाव 2023 में भव्य विजय के लिए तैयार हैं और 2023 की भाजपा की जीत नया इतिहास रचेगी।

विजया राहटकर और चंद्रशेखर ने संबोधित करते हुए कहा कि, बूथ और पन्ना संगठन की महत्वपूर्ण इकाई है जो मतदाताओं को जागरूक करने से लेकर पार्टी के विचार और केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। 2023 और 2024 में भाजपा की ऐतिहासिक जीत में बूथ और पन्ना के कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान होगा। बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत भाजपा प्रदेशभर में बूथ स्तर तक के करीब 60 हजार व्हाट्सएप ग्रुप्स का निर्माण करेगी, व्हाट्सएप ग्रुप हेतु चलाये जाने वाले अभियान के प्रभारी हीरेंद्र कौशिक ने बैठक में इस अभियान से जुड़ी पीपीटी का प्रजेन्टेशन प्रस्तुत किया।

## सिंधु मेले में साकार हुई सिंधी सभ्यता

**जयपुर, (का.सं.)।** पूज्य सिंधी पंचायत समिति अग्रवाल फॉर्म और चेटीचंड सिंधी मेला समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को एस एफ एस सामुदायिक केंद्र ,अग्रवाल फॉर्म मानसरोवर पर विशाल सिंधु मेले का आयोजन किया गया।

मेला संयोजक मुकेश लख्यानी ने बताया कि इस मेले में सिंधु संस्कृति के दर्शन कराए गए। मुख्य आकर्षण में भगवान श्री झूलेलाल का मनोहारी मंदिर था। मेले में ही सिंध के गांव में बड़े बुजुर्ग पंचायत घर में बैठे दिखे तो महिलाएं पापड़ और अन्य कार्य करते हुए दिखी। अन्य झांकियों में भी सिंधियों की जीवटता के दर्शन हुए।

नन्हें सुकुमार गुरुकुल में सिंधी भाषा का अध्ययन कर रहे थे। श्रीअमरापुर दरबार में वेदों की वाणी गूंज रही थी। सिंध के प्रसिद्ध संत शहीद भगत कंवर राम के स्वरूप संगीत के माध्यम से भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की त्रिवेणी बहा रहे थे।

इस मौके पर बालक बालिकाओं के लिए रंग भरो प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। श्री अमरापुर मंडलाध्यक्ष सतगुरु स्वामी भगत प्रकाश जी महाराज की सिंध यात्रा की तस्वीरों को भी मेले में दर्शाया गया। लोक नृत्य छेज और सिंधी शहनाई की धुन पर नौजवान नवयुवतियां थिरकते रहे।

## हैल्थ कनैक्ट कार्यक्रम में स्वास्थ्य पर चर्चा हुई




**जयपुर।** फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल के सभागार में श्री खण्डेलवाल वैश्य विकास समिति सोडाला एवम फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल के सयुक्त तत्वाधान में हैल्थ कनेक्ट कार्यक्रम (स्वास्थ्य चर्चा) का आयोजन किया गया जिसमे खण्डेलवाल वैश्य समाज सोडाला के प्रतिष्ठित पुरुष एवम महिलाओं द्वारा भाग लिया गया।

इस अवसर पर फोर्टिस हॉस्पिटल के डॉ. विकास गुप्ता, एडिशनल डायरेक्टर, न्यूरोलॉजी द्वारा अपने ब्रेन का बचाव कैसे करे विषय पर, डा. राहुल सिंघल, एडिशनल डायरेक्टर, कार्डियोलॉजी द्वारा हार्ट अटैक बचाव एवम उपाय विषय पर तथा डायबिटीज एवम हार्मोन रोग विशेषज्ञ डा. मनोज खंडेलवाल द्वारा डायबिटीज तथ्य एवम मिथक विषय पर व्याख्यान देते हुए लोगो की भ्रांतियां एवम प्रश्नों का जवाब दिया गया। इस अवसर पर श्री खण्डेलवाल वैश्य विकास समिति सोडाला के अध्यक्ष योगेश झालानी द्वारा सभी वक्ताओं के साथ साथ फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल के जोनल डायरेक्टर नीरव बंसल को खंडेलवाल समाज सोडाला को आउटडोर, इंडोर एवम जांच3 आदि में 10 प्रतिशत छूट देने का एग्रीमेंट करने हेतु धन्यवाद दिया गया।

# केवल एक ही नया संक्रमित मिला

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर।** प्रदेश में रविवार को केवल एक ही नया करोना संक्रमित मिला है। हालांकि इस बीच किसी भी मरीज के ठीक नहीं होने से एक्टिव केस बढ़कर 37 हो गए हैं।

प्रदेश में रविवार को उदयपुर में एक नया संक्रमित पाया गया है। इससे पहले शनिवार को नौं रोगी मिले थे। इधर राजधानी जयपुर में आज कोई भी नया संक्रमित नहीं मिलने से फिलहाल एक्टिव केस 8 ही बने हुए हैं। राज्य में पिछले चौबीस घंटे में किसी भी मरीज के रिकवर नहीं होने से एक्टिव केस बढ़कर 37 हो गए हैं। इनमें उदयपुर में 17, जयपुर में 8, राजसमंद में 6, अलवर, चूरू, जैसलमेर, जोधपुर, नागौर और सीकर में 1-1 मामला है। प्रदेश में रविवार को करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि अब तक इस बीमारी से 9556 लोगों की मौत हो चुकी है।

# एब्डॉमिनल कैंसर जागरूकता अभियान का पोस्टर लांच

**जयपुर।** एब्डॉमिनल कैंसर ट्रस्ट के तत्वावधान में एब्डॉमिनल कैंसर डे जो की वैश्विक रूप से 19 मई को आयोजित होगा के पांचवे एडिशन के अवेयरनेस इस पावर थीम पर आधारित 70 दिवसीय एब्डॉमिनल कैंसर जागरूकता अभियान का पोस्टर रविवार को लॉन्च किया गया। पोस्टर लॉन्चिंग के साथ एब्डॉमिनल कैंसर के खिलाफ 70 दिवसीय जागरूकता अभियान शुरू हुआ। एब्डॉमिनल कैंसर जागरूकता के लिए यह अब तक का यह सबसे लंबा जागरूकता अभियान है जिसका समापन 21 मई को होगा। इस दौरान एब्डॉमिनल कैंसर के खिलाफ जागरूकता अभियान के तहत ब्रिटश संसद में लॉच, ऑनलाइन टॉक शो,जयपुर वॉकर अवार्ड , अवेयरनेस मेगा शो और जयपुर एबीसीडी वॉकिंग फेस्ट जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक किया जाएगा। एब्डॉमिनल




कैंसर ट्रस्ट के फाउंडर डॉक्टर सुन्दीप जैन और जयपुर मेराथन के सीईओ मुकेश मिश्रा ने आज जयपुर में पोस्टर लांच के साथ केम्पेन की शुरुआत की।

## यमन से लौटा यात्री गिरफ्तार

**जयपुर (कासं)।** एयरपोर्ट थाना पुलिस ने यमन से लौटे एक यात्री को इमिग्रेशन अधिकारीयों की सूचना पर एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी दिगपाल सिंह ने बताया गिरफ्तार आरोपित संदीप सिंह गांव उडपल्टा सहिया, देहरादून का रहने वाला है। आरोपित करीब ढाई साल पहले दुबई में रेस्टोरेंट पर काम करने गया था। इस दौरान वह यमन भी कुछ माह के लिए गया था, जोकि भारत के नागरिक के लिए प्रतिबंधित देश है। वह 11 मार्च को दुबई से जयपुर एयरपोर्ट आया तो इमिग्रेशन अधिकारीयों ने पासपोर्ट चेक किया, जिसमें यमन देश की मोहर लगी हुई थी।

# दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जयपुर में निकालेंगे तिरंगा यात्रा

**जयपुर, (का.सं.)।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 13 मार्च को राजस्थान के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी राजस्थान के दौरे पर होंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विशाल तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए राजस्थान के जयपुर आ रहे हैं। यह विशाल तिरंगा यात्रा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में 13 मार्च को दोपहर दो बजे जयपुर के बापू बाजार से शुरू होगी।

**■ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी दौरे में केजरीवाल के साथ रहेंगे**

जयपुर के बापू बाजार से शुरू होने वाली विशाल तिरंगा यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल राजस्थान के लोगों से संवाद भी करेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान के तिरंगा यात्रा में शामिल होने पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री और राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि 13 मार्च को जयपुर में हमारे नेता अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए आ रहे हैं। इस विशाल तिरंगा यात्रा की शुरूआत बापू बाजार के सांगानेरी गेट से होगी। इस तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए आप सभी के सहयोग की जरूरत है।

राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक ने आगे कहा कि आप सभी अपने दोस्तों और जान पहचान के लोगों के साथ इस तिरंगा यात्रा में शामिल हों। देश को और राजस्थान को नंबर वन बनाने के लिए तिरंगा यात्रा एक अभियान है। इस अभियान के माध्यम से हम देश के हर कोने में एक सकारात्मक राजनीति की शुरुआत करना चाहते हैं। देश को हम अरविंद केजरीवाल की राजनीति से जोडना चाहते हैं।

# जयपुर की छात्रा ने हासिल की दूसरी रैंक

**जयपुर, (का.सं.)।** साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) द्वारा आयोजित एसओएफ इंटरनेशनल सोशल स्टडीज ओलंपियाड में जयपुर की छात्रा सिद्धिक्षा टाक ने इंटरनेशनल रैंक में दूसरा स्थान हासिल किया है। वहीं छात्रा ने जोनल रैंक और स्कूल रैंक में पहला स्थान प्राप्त किया है। सिद्धिक्षा जयपुर के हिंदुस्तान इंटरनेशनल अकेडमी स्कूल की छात्रा हैं। इस उपलब्धि पर छात्रा को पुरस्कार में गिफ्ट्स, इंटरनेशनल सिल्वर मेडल, मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन, आउटस्टैन्डिंग परफॉर्मेंस और डिस्टिंक्शन सर्टिफिकेट के साथ-साथ स्टूडेंट परफॉर्मेंस रिपोर्ट प्रदान की।

## अर्जुन का बढ़ाया हौसला

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को बांसवाड़ा के नन्हे स्केच आर्टिस्ट अर्जुन शुक्ला को मुख्यमंत्री निवास पर बुलाकर उत्साहवर्धन किया। गहलोत ने कक्षा 5 में अध्ययनरत 11 वर्षीय अर्जुन की की एक पेटिंग पर आटोग्राफ देते हु उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। साथ ही, स्केच बोर्ड और संबंधित आवश्यक सामग्री देकर हौसला बढ़ाया।

# साठ घंटे बाद वीरांगना मंजू जाट का वीडियो सामने आया

**यह वीडियो हरमाड़ा इलाके में स्थित आनंद विहार कॉलोनी में प्लॉट नम्बर 26 का है जिसमें घर के बाहर पुलिस खड़ी है और वह अंदर नजरबंद दिखाई दे रही है**

**जयपुर।** पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के बंगले के बाहर धरनास्थल से गायब हुई वीरांगना मंजू जाट का 60 घंटे बाद वीडियो सामने आया है। जिसमें उसे हरमाड़ा इलाके में स्थित आनंद विहार कॉलोनी में प्लॉट नम्बर 26 में बने घर में दिखाई दे रही है। हालांकि सांसद किरोड़ीलाल मीणा का आरोप है कि पुलिस ने वीरांगना को नजरबंद कर रखा है।

धरना स्थल से वीरांगना मंजू जाट के गायब होने के बाद उसका रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है। वीडियों उसे हरमाड़ा इलाके में स्थित आनंद विहार कॉलोनी में प्लॉट नम्बर 26 में होना बताया जा रहा है। जिस जगह पर मंजू जाट मौजूद है, उस कॉलोनी में चारों तरफ पुलिस तैनात की गई है। मंजू ने कई दिनों से खाना नहीं खाया है। कई बार पूछने के बाद भी वह कुछ नहीं बोल पा रही है। वह सदमे में बताई जा रही है।

वहीं अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप का कहना है कि किसी को भी नजरबंद नहीं रखा गया है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर जानकारी मिली कि कुछ लोग वीरांगना मंजू जाट की मांगों से सहमत नहीं हैं और वे लोग उसके घर पर प्रदर्शन करने वाले हैं। इससे देखते हुए वीरांगना के घर के बाहर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस का जाप्ता तैनात किया गया है। वीरांगना मंजू जाट से मिलने उसके किसी भी परिजन, रिश्तेदार, मीडियाकर्मी या किसी भी जानकारी व्यक्ति को नहीं रोका जा रहा है।

गौरतलब है कि, पुलवामा हमले में शहीद रोहिताश्व लांबा की पत्नी मंजू जाट दो अन्य वीरांगनाओं सुंदरी देवी गुर्जर और मधुबाला मीणा के साथ जयपुर में धरने पर बैठी थीं। 9 मार्च की देर रात 3 बजे पुलिस ने तीनों वीरांगनाओं को जबरदस्ती धरना स्थल से हटा दिया था। मंजू को धरना स्थल से उठाकर पुलिस ने उनके गांव गोविंदपुरा बासड़ी छोड़ा था। फिर उन्हें अमरसर पीएचसी में भर्ती करवाया गया था। इसके बाद से मंजू जाट का कोई अता-पता नहीं था। घरवाले पुलिस पर आरोप लगा रहे थे। रविवार को मंजू का एक वीडियो सामने आया है। इधर, राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा का एसएमएस अस्पताल के आईसीयू में इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार किरोड़ी की तबीयत ठीक है। वह लोगों से भी मिल रहे हैं। एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की तबीयत पहले से काफी ठीक है। हालांकि उन्हें हाथ पैर में सुन्न और दर्द की शिकायत थी। जिस पर उनकी जांच की गई जिसमें उनका ब्रेन नॉर्मल है। हालांकि उनकी गर्दन की नस पर थोड़ी सूज है। इस पर उन्हें कॉलर लगाकर आराम करने की सलाह दी गई है। रविवार सुबह बीजेपी प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह जयपुर पहुंचे। शाम को वह किरोड़ीलाल मीणा से मिलने एसएमएस अस्पताल गए। जानकारी अनुसार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी फोन पर किरोड़ीलाल मीणा से तबीयत के बारे में जानकारी ली। वहीं, दूसरी तरफ पुलिस शनिवार को प्रदर्शन के दौरान तोड़फोड़ करने वाले प्रदर्शनकारियों की तलाश में जुटी है। पुलिस 12 से ज्यादा वीडियो की मदद से इन्हें ट्रेस करने में जुटी है।




जयपुर के हरमाड़ा इलाके की आनंद विहार कॉलोनी में रविवार को वीरांगना मंजू जाट के घर के बाहर तैनात पुलिस जाब्ता।

**■ अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप का कहना है कि वीरांगना को किसी ने भी नजरबंद नहीं किया है। सोशल मीडिया पर उसकी मांगों से असहत होकर कुछ लोगों द्वारा वहां प्रदर्शन करने की सूचना मिली थी। इसे रोकने के लिए जाब्ता तैनात किया गया है।**

## पथराव करने वालों की तलाश शुरू

बीजेपी के प्रदर्शन के दौरान कुछ प्रदर्शन करने वालों ने पुलिस के वाहनों पर पथराव किया था। इसमें कई लोग घायल भी हुए थे। पुलिस के हाथ में कुछ वीडियो लगे हैं। जिस में युवक पुलिस के वाहनों पर पथराव कर रहे हैं। इनकी तलाश के लिए पुलिस जगह-जगह पर दबिश दे रही हैं। पुलिस ने बताया- प्रदर्शन के दौरान कई उपद्रवियों ने पथराव किए हैं। जिसमें कुछ ने सरकारी वाहनों को भी तोड़ा है। पुलिस के पास इन बदमाशों के वीडियो फुटेज है। जिस के आधार पर प्रदर्शन करने वाले नेताओं से इन युवकों के बारे में पूछताछ की जा रही है। कुछ युवकों की पहचान हो चुकी है।

## 'महात्मा गांधी के संदेश' पोस्टर विमोचन

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर 'महात्मा गांधी के संदेश' पोस्टर का विमोचन किया। शांति एवं अहिंसा विभाग द्वारा तैयार पोस्टर में सात पाप, रचनात्मक कार्यक्रम और एकादश-व्रत के बारे में उल्लेख किया गया है।

## विदेशी युवती से छेड़छाड़ करने वाला बदमाश पकड़ा

**जयपुर (कासं)।** राजधानी जयपुर में विदेशी युवती से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। वह बैंकॉक से होली फेस्टिवल मनाने के लिए जयपुर आई थी। होटल की पार्किंग में खड़ी विदेशी युवती के पास आए तीन व्यक्तियों में से एक ने छेड़छाड़ की। विधायकपुरी थाने में पीड़िता ने मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने शिकायत पर तुरंत एफआईआर दर्ज कर तलाश शुरू की। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया हा।

पुलिस ने बताया कि बैंकॉक के थाईलैंड निवासी 20 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि होली फेस्टिवल मनाने के लिए जयपुर आई थी। गत 6 मार्च को वह जयपुर पहुंचकर माणकचौक इलाके में स्थित होटल में रूकी थी। अगले दिन होली फेस्टिवल एंजॉय करने के लिए एम.आई. रोड स्थित खासाकोठी होटल आई थी। जहां होली खेलने के बाद दोपहर करीब 11:30 बजे वह होटल की पार्किंग में गई। वहां खड़े होकर अपने उबर कार का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान 3 आदमी उसकी ओर आए और उनमें से एक ने विदेशी युवती को हैप्पी होली बोलकर विश किया। जिसके बाद विदेशी युवती के गालों पर कलर लगाया। जिसके बाद उसने विदेशी युवती के साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता के विरोध करने पर वह भाग निकले। इसके बाद विदेशी युवती ने विधायकपुरी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर आरोपी की तलाश कर गिरफ्तार कर लिया।

# प्रतियोगिता में 37 महिला वेटलिफ्टर ने भाग लिया

**जयपुर।** खेलो इंडिया "10 का दम" महिला वेटलिफ्टिंग लीग यूनियन फुटबॉल क्लब ग्राउण्ड नं 2, रामनिवास बाग, जयपुर पर न्यायधिपति गोवर्धन बाढदार और भारतीय भारोत्तोलन संघ के द्वारा नियुक्त किए गए ऑब्जर्वर कैप्टन धर्मपाल सिंह शेखावत की अध्यक्षता और देख रेख में संपन्न हुई।

एसआर ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन महिपाल स्वामी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न भार वर्ग में 37 महिला वेटलिफ्टर ने भाग लिया। जिसमें सर्वाधिक मैडल जयपुर यूनीयन फिटनेस क्लब ने जीते।




स्कीम इंचार्ज सत्यनारायण पारीक, कोच (ओम प्रकाश कल्याणी, नितुल दास), शशि स्वामी ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अनुपमा शर्मा, पूनम महेंद्रा ड्रग इंस्पेक्टर, कुसुम यादव पार्षद सहित सैकडों अभिवावक थे।

## महिला के गले से चेन तोड़ी

**जयपुर ।** आदर्श नगर इलाके में बाइक सवार बदमाश एक महिला की सोने की चेन तोड़ ले गए। पुलिस ने बताया गोविंद मार्ग निवासी कनुप्रिया खुराना 10 मार्च की दोपहर लिटिल मिलेनियम स्कूल के पास से घर की तरफ आ रही थी। इस दौरान पीछे से आए बाइक सवार गले पर झपट्टा मार सोने की चेन तोड़ ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## 'पारदर्शी व जवाबदेह प्रशासन में कर्मचारियों की भूमिका अहम'

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य में संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन देने में कर्मचारियों की भूमिका अहम है। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान है। राज्य सरकार के लिए सभी श्रेणियों के कार्मिक सम्मान के पात्र हैं। गहलोत रविवार को जयपुर में राजस्थान राज्य अन्य प्रशासनिक सेवा परिसंघ (रॉसकॉन) की कार्यकारिणी के शपथ-ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

## सार-समाचार

### नकदी हड़पने का मामला दर्ज

**डूंगरपुर, (निसं)।** पंचायत समिति चिखली अन्तर्गत बडगामा ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना में फर्जीवाडा कर 2.40 लाख रुपए हडपने का मामला सामने आया है। पंचायत क्षेत्र के रहने वाले 2 लोगों ने सरपंच, सचिव, तत्कालीन सचिव और जियो टैगिंग करने वाले कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। कुंआ थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।थानाधिकारी गोपालनाथ ने बताया कि बडगामा निवासी सोहनलाल पुत्र भूरालाल अहारी और धन्ना पुत्र कलजी अहारी ने 2 अलग-अलग केस दर्ज कराए हैं। सोहनलाल ने रिपोर्ट में बताया कि साल 2018-19 में उसके प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत हुआ था। योजना के तहत 1.20 लाख रुपए आवास और 12 हजार रुपए में शौचालय बनाना था, लेकिन सरपंच कांतिलाल पुत्र रामचंद्र अहारी, सचिव सविता देवी अहारी और जियो टैगिंग करने वाले दिनेश पुत्र मावजी पारगी ने मिलकर उसके मकान के रुपए हडप लिए।पीडित ने बताया कि मकान की जियो टैगिंग करने के लिए दिनेश पारगी उसके घर आया था और फोटोग्राफी करने के बाद उससे से 1 हजार रुपए भी लेकर गया था, लेकिन उसके खाते में आवास योजना के रुपए नहीं आए। सरपंच और सचिव से पूछने पर वो टालमटोल करते रहे। 18 नवंबर 2०22 को पीएम आवास योजना की वेबसाइट पर पता करने पर जानकारी मिली कि सरपंच, सचिव और जियो टैगिंग करने वाले कर्मचारी ने मिलकर फर्जी तरीके से उसके मकान के रुपए दूसरे के खाते में डालकर उठा लिए। इसी तरह धन्ना पुत्र कलजी अहारी निवासी बडगामा ने रिपोर्ट दी कि उसके 2015 -2०16 में पीएम आवास स्वीकृत हुआ था, लेकिन सरपंच कांतिलाल अहारी, तत्कालीन सचिव शंकरलाल डामोर और दिनेश पारगी ने मिलकर रुपए हडप लिे। थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस ने दोनों अलग-अलग केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

### जयंती की तैयारियों को लेकर बैठक

कपासन, (निसं)। न्याय शास्त्र के प्रणेता महर्षि गौतम जयंती की तैयारियों को लेकर स्थानीय गौतम आश्रम में समाज बंधुओं की बैठक अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मनोज कुमार चाष्टा ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति गौतम जयंती की तैयारियों को लेकर समाज बंधुओं की बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से 22 मार्च को गौतम जयंती परंपरा अनुसार मनाने का निर्णय लिया गया। 22 मार्च बुधवार को प्रात: काल 9:00 बजे गौतम आश्रम परिसर में यज्ञ हवन पूजा अनुष्ठान कार्यक्रम संपादित होगा। जिसके लिए पंडित जगदीश चंद्र,पूरण कुमार, राधेश्याम,दत्तात्रेय के नेतृत्व में समिति का गठन किया गया। बुधवार दोपहर 3 बजे गौतम आश्रम से भव्य शोभायात्रा आयोजित की जाएगी। जो नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई गौतम आश्रम पहुंच संपन्न होगी। वहां समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित होगा।तत्पश्चात सांयकाल 5 बजे समाज बंधुओं द्वारा स्नेह भोज का आयोजन किया जाएगा।बैठक में राधेश्याम, कैलाश,जगदीश चंद्र, रतनलाल, बंटी, कांति कुमार, शंकर लाल, बाबू, गोपाल लाल चाष्टा, विष्णु कुमार, राजेंद्र कुमार व्यास, सत्य प्रकाश, राधेश्याम व्यास,सत्य नारायण, रतनलाल, राजेंद्र कुमार उपाध्याय सहित कई समाज बंधु उपस्थित रहे।

### तालाब में डूबने से दो युवकों की मौत

**आकोला, (निसं)।** क्षैत्र के जाशमा गांव के तालाब प्रथम फिल्म सड़क मार्ग पर दो युवक तालाब में 20 फीट अड्डा में पानी भरा हुआ होने से दोनों की मौत हो गई। जाशमा तालाब पर 3 बजे शौच करने के लिए आए भगवानपुरा के दो बच्चे पानी में डूबकर मृत्यु हो गई तीसरे बच्चे ने चिल्लाया और जूही ठााम वासियों को सूचना मिलते ही गांव से भीड़ की भीड़ अपने अपने वाहन लेकर तालाब पर पहुंचे जो 2 बच्चे डूब कर पानी में रह गए ठााम वासियों ने नाव में बैठकर युवक डुबकी लगाई,गई मगर वह हत्थे नहीं चढ़े। राजसमंद जिले के सुल्तान सिंह ने खड्डे में डुबकी लगाकर दोनों बच्चे को हाथ पकड़कर बाहर ले आए ,साथ ही गांव ठााम जाशमा के जीशु लाल जाट, किशन लाल माली ,जगदीश चंद्र जाट ,काला जी के खेड़ा दो तीन युवक नाव में बैठकर मृत बच्चों की पानी में तलाश की मगर हाथ में नहीं आया। ठााम पंचायत जाशमा के सरपंच देवी लाल लोहार दिलीप कुमार जैन लोकेश कुमार खटीक पुलकित राव शंकर लाल खटीक आदि गांव के सैकड़ों लोग तालाब पर देखने के लिए उमड़ पड़े।पुलिस चौकी जाशमा के हेड कांस्टेबल कैलाश चंद्र जाखड़ रामचंद्र सैनी मुकेश चंद्र आदि मौके पर पहुंचे भूपालसागर थाना प्रभारी एसएचओ भगवती लाल पालीवाल जगपाल आदि पुलिस थाना भोपाल सागर से आप कर मौके पर पहुंचे और दोनों बच्चे मिले और दो बच्चों की मृत्यु राजू पिता रतन लाल जाट उम्र 15 वर्षीय दूसरा बच्चा कार्तिक पिता नारायण लाल सुथार उम्र 10 वर्ष निवासी भगवानपुरा यह दोनों की पानी में डूबकर मृत्यु हो गई। साथ में एक बच्चा और भी इसके साथ में आए, जो चेतन कुमार ने चिल्लाया और गांव में सूचना चली गई। मौके पर पुलिस प्रशासन जाशमा तालाब प्रथम पर नजारा देखा दोनों बच्चे की मौत हो गई।

### वांछित स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** रामसागडा पुलिस ने वांछित फायर स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मोहनलाल मीणा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया के निर्देशन में जिले में वांछित फरार चल रहे अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रामसागडा पुलिस की विषेश टीम ने एजेएम न्यायालय डूंगरपुर के प्रकरण संख्या एन आई एक्ट में वांछित स्थाई वारंटी लाला शंकर खराडी निवासी शरम गेसु का वागा पुलिस थाना रामसागड़ा जो विगत एक माह से फरार चल रहा था। जिसे पुलिस की विशेष टीम ने मुखबिर की सहायता से वांछित स्थाई वारंटी गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया गया।

### फागोत्सव धूमधाम से मनाया

**कपासन**, (निसं)। महर्षि च्यवन ऋषि मंदिर पर सुकन्या महिला मंडल के तत्वावधान में नगर के ब्रह्मपुरी स्थित महर्षि च्यवन ऋषि मंदिर में फागोत्सव धूमधाम से मनाया इस दौरान भगवान कृष्ण व राधा सजी झांकी बनाई गई इस दौरान महिला मंडल द्वारा महर्षि च्यवन ऋषि मंदिर में होली के गीतों के साथ फागोत्सव मनाया इस दौरान महिला ने होली के गीत नैना नीचे करलें श्याम ने, रंग मत डारे सांवरिया समेत कई भजनों पर नृत्य किया इस दौरान महिला ने एक दुसरे पर रंग गुलाल लगाया साथ ही ढोलक पर भजन कीर्तन किया इस अवसर पर सभी महिला उपस्थित थी।

# केन्द्र सरकार की आर्थिक नीतियों के विरोध में प्रदर्शन किया

**कपासन, (निसं)।** केन्द्र की भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियों के विरोध मे रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन किया।

स्थानीय स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया कपासन के बाहर रविवार को ब्लॉक कांठोस अध्यक्ष गोविन्द गुर्जर की अध्यक्षता में केन्द्र सरकार की आर्थिक नीतियों के विरुद्ध धरना प्रदर्शन किया। आयोजन के मुख्य अतिथि कपासन विधायक प्रत्याक्षी आनन्दीराम खटीक थे। विशिष्ठ अतिथि पूर्व ब्लॉक कांठोस अध्यक्ष प्रकाश चौधरी थे। धरना प्रदर्शन मे अपने उद्बोधन मे आनन्दीराम खटीक ने केन्द्र सरकार की आर्थिक नीतियों पर जमकर प्रहार करते हुऐ मंहगाई व बेरोजगारी, पेट्रोल-डीजल, गैस के दाम बढ़ाने पर मोदी सरकार को आडे हाथों लिया एवं देश की अर्थव्यवस्था पर चिन्ता व्यक्त करते हुए अडानी व अम्बानी के द्वारा सरकारी पैसो का दुरुपयोग एवं एस.बी.आई. बैंक व एल.आई.सी. के पैसो को मोदी सरकार के द्वारा हडपने एवं अपने चहेतों को लाभ देने की नीति का विरोध प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियां सिर्फ प्रधान मंत्री के मित्र अडानी और पूंजीपतियों के लिए है। इनकी नीतियों से देश बर्बाद होने के कगार पर है। केंद्र की आर्थिक नीतियों से देश में आम जनता मंहगाई, बेरोजगारी से त्रस्त हैं। किसान, मध्यम वर्ग और मजदूर का हाल बेहाल है। कांठोस नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार सरकारी उपक्रमों को निजी हाथों में बेच रही है। सरकारी जांच एजेंसियों का दुरुपयोग विपक्ष को लगातार दबाने में किया जा रहा है। केंद्र सरकार अपने पिछले 9 वर्ष के कार्यकाल में सिर्फ और अपने मित्र पूंजीपतियों को ही फायदा पहुंचाने में लगी हुई है। इसके साथ ही कांठोस नेताओं ने राज्य सरकार की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने और प्रचार प्रसार करने का आव्हान किया। धरने को ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद गुर्जर ,पूर्व ब्लाक अध्यक्ष प्रकाश चौधरी नगर अध्यक्ष हिमांशु बारेगामा , महात्मा गांधी जीवन दर्शन के सदस्य व एडवोकेट खुशबू बारेगामा, महात्मा गांधी जीवन दर्शन के ब्लॉक संयोजक शंकर लाल प्रजापत, पार्षद लोकेश राव, शिव शंकर उपाध्याय शिव शंकर उपाध्याय, मुकेश जाट, सैयद अख्तर अली, सहित आदि कांग्रेस पदाधिकारियों ने संबोधित किया। इस अवसर पर धरने पर पार्षद कुलदीप सोनी, नरेश खटीक, रोशन सोनी, मनोनीत पार्षद अशफाक तुरकिया पार्षद प्रतिनिधि ललित टाक, विजय बारेगामा, भवानी शंकर लोहार, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रामेश्वर लाल सुखवाल, अब्दुल रहमान मंसूरी, सत्यनारायण चोटिया, दिनेश गुर्जर।, मधुसूदन कुमावत, ऋत्विक व्यास ,फारुख नीलगर , सहित सैकड़ों ब्लॉक कमेटी और नगर कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन पूर्व पार्षद गुड्डू खान ने किया।



आनन्दीराम खटीक ने केन्द्र सरकार की आर्थिक नीतियों के विरोध मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन को संबोधित किया।

### सम्मानित किया

**बांसवाड़ा, (निसं)।** चिकित्सा क्षेत्र, महिला सशक्तिकरण, बेटियों में शिक्षा स्तर बढाने और जागरूकता के बेहतरीन कार्य के लिए जिले के सीएचसी छोटी सरवन की नर्सिंग ऑफिसर अर्पणा नाकु को द इंडियन सोसाइटी ऑफ इंटरनेशनल लॉ वीके कृष्ण मेनन भवन दिल्ली में शक्ति शिरोमणि अवार्ड से नवाजा गया। सहायक डायरेक्टर डॉ मोहन चंद्र, कनाडा एंबेसी की प्रतिनिधि स्ट्रेली श्रेयस डेजी, राज्यपाल अनुलां मौर्य, पूर्व कुलपति जगतगुरु रामानंदाचार्य, नेपाल सरकार के प्रथम उपराष्ट्रपति न्यायमूर्ति परमानंद झा ने उन्हें अवार्ड प्रदान किया। इस दौरान हरियाणा, पंजाब, नई दिल्ली, राजस्थान, मेघालय, बिहार, कर्नाटक से भी उत्कृष्ट कार्य करने वाली अलग-अलग क्षेत्र की महिलाओं का चयन कर 85 महिलाओं को सम्मानित किया।

# जिला रोजगार सृजन केन्द्र का हुआ उद्घाटन

**राजसमंद, (निसं)।** शहर में स्वावलंबी भारत अभियान के तत्वावधान में जिला रोजगार सृजन केन्द्र का उद्धघाटन रविवार को किया गया।

समारोह के मुख्य वक्ता प्रांत समन्वयक स्वावलंबी भारत अभियान मन कुमार सूद ने कहा कि युवाओं को मैकाले की शिक्षा पद्धति से बाहर निकल कर स्वरोजगार के लिए कौशल विकसित करना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे विभाग संघ चालक फतह चंद सामसुखा ने कहा कि संघ की शाखाओं के माध्यम से युवाओं को देश विकास में भूमिका निभानी चाहिए। मुख्य अतिथि जेके टायर के वरिष्ठ महाप्रबंधक अनिल मिश्रा ने अपने उद्धबोधन में कहा कि सरकारी नीतियों में स्वरोजगार एवं बडे उधोग को विभिन्न इंसेंटिव, आयकर छूट के जैसे परिवर्तन किए जाने चाहिए ताकि युवा स्थानीय नवीन स्टार्टअप शुरू कर सके। जिससे स्वरोजगार को बढावा मिल सकेगा। विशिष्ट अतिथि मार्बल गैंगसा एसोसिएशन अध्यक्ष रवि शर्मा ने बताया कि जिले से 35० करोड का मार्बल वेस्ट बाहर जाता है, उससे तैयार टाइल्स, सिरेमिक आइटम वापस बन कर आते हैं। यहां पर भी ऐसी छोटी इंडस्ट्री स्थापित हो जिससे स्थानीय रोजगार पैदा हो सके। उन्होंने बताया केवल 3 से 4 लाख में वाल पुट्टी निर्माण करने का प्लांट लग जाता है। स्वदेशी जागरण मंच के राजस्थान क्षेत्र संयोजक सतीश कुमार आचार्य ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं प्रस्तावना प्रस्तुत की। आभार प्रांत संयोजक स्वदेशी जागरण मंच पुरुषोत्तम शर्मा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष हर्षलाल नवलखा, सचिव संदीप सामसुखा, सहकार भारती के गिरिराज मुदगल, सेवा भारती के गंगाराम भील, भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष दिनेश पालीवाल, पवन सुरोलिया आदि उपस्थित थे।

# प्रबोधकों की पुरानी सेवा की गणना करने की मांग, ज्ञापन सौंपा

**डूंगरपुर, (निसं)।** प्रबोधकों की पुरानी सेवा की गणना करने की मांग को लेकर अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ डूंगरपुर के जिलाध्यक्ष रविन्द्र सिंह ददोडीया के नेतृत्व में रविवार को चौरासी विधायक राजकुमार रोत को ज्ञापन सौंपकर इसे विधानसभा में उठाने की मांग की गई।

विधायक को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 1999 से लेकर 2002 तक की अवधि में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने राजीव गांधी पाठशालाएं खोलकर शिक्षा सहयोगी की नियुक्ति की थी। बाद में वर्ष 2008 में तत्कालीन भाजपा सरकार ने 5 वर्ष का अनुभव मानते हुए प्रशिक्षित शिक्षा सहयोगियों को प्रबोधक शिक्षक के रूप में नियुक्त किया था। पांच वर्ष से अधिक अनुभव होने पर तीन वर्ष का आधार मानकर प्रोबेशन काल के बाद एक अतिरिक्त वेतन वृद्धि दी गई। ज्ञापन में बताया कि उस दौरान वर्ष 1986 से सेवारत शिक्षाकर्मियों को भी दो से तीन वेतन वृद्धि देकर प्रबोधक बनाया गया।



प्रबोधकों की पुरानी सेवा की गणना करने की मांग को लेकर विधायक रोत को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान रमणलाल पाटीदार, पोपटलाल कलाल, अनिल जैन, रामचंद्र, डायालाल कलाल, भारतेश, हरीश चौबीसा, धनपाल पारगी, रतनलाल कलासुआ, जयंतीलाल, मणिलाल कलासुआ, कांतिलाल, हितेश मेहता, मोहनलाल पाटीदार, शंकरलाल, दिनेश भोई, किशोर खांट,. देवीलाल खराडी आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### फाग एवं गणगौर महोत्सव मनाया

**चितौड़गढ़, (निसं)।**सारस्वत महिला संस्थान चितौडगढ की और से जिला मुख्यालय पर फाग नव वर्ष और गणगौर महोत्सव पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में बहुरंगी वस्त्रों और वेशभूषा में महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं ने परंपरागत गीत, संगीत और नृत्य के साथ नव वर्ष,गणगौर और फ़ाग पर्वों की शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दी और रंगों एवं फूलों की होली खेलते हुए उत्साह और उमंग से विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। महोत्सव में राधा-कृष्ण बने युगल ने सभी का मन मोह लिया।सारस्वत महिला संस्थान चितौडगढ की अध्यक्ष साधना सारस्वत ने आयोजन विषयक जानकारी और स्वागत करते हुए बताया की उत्सव हमें अपनी पुरातन, सदाबहार और गौरवमई संस्कृति से जोड़ते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विदुषी बिल्लू के सानिध्य में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं के आयोजन किये गए। थाली महोत्सव में वर्षा सारस्वत प्रथम, संजना ओझा द्वितीय औरअंशु शर्मा तृतीय रहे। भजन प्रतियोगिता में शांता ओझा प्रथम, अभिलाषा ओझा द्वितीय और वर्षा सारस्वत तृतीय रहे। सरप्राइज गेम में स्नेहा वशिष्ठ प्रथम और संजना ओझा द्वितीय स्थान पर रही।

### चालक,खलासी के खिलाफ मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** टीडी थाना पुलिस ने ताला तोड़ कर सामान चोरी कर कंटेनर को लावारिस हालत में छोड़ जाने वाले चालक व खलासी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अमित चौहान पुत्र राजेन्द्रसिंह राजपूत निवासी पोस्टलुहान रेवाडी हरियाणा ने टीडी पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि कंटैनर चालक तालिम पुत्र तोता निवासी विश्वंभरा छाता मथूरा युपी तथा खलासी शाहरूख पुत्र हसन निवासी पलवन हरियाणा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि 1 मार्च को हरियाणा से फ्लीपकार्ड कंपनी का मालभर कर अहमदाबाद पहुंचने के लिए रवाना किया था।2 मार्च को कंटेनर पाटिया हाइवे पर लावारिस हालत में पडता मिला तो अन्य वाहन चालकों को मौके पर पहुंचने का कहा। इस पर मौके पर पहुंच कर ताला टूटा हुआ था एवं सामान गायब था। इधर गश्त के दौरान लावारिस हालत में पडे कंटेनर को पुलिस ने कब्जे में लिया तथा प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। प्रारंभिक पडताल में करीब 4 लाख 63 हजार से अधिक का माल जिनमें करीब 18 मोबाईल, मेमोरी कार्ड, जूते कपडे गायब थे। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की।

### नकदी व जेवर चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के अम्बामाता थाना क्षैत्र में स्थित सूने मकान का चोर ताला तोड़ कर नकदी व जेवरात चुरा ले गए।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अम्बामाता थाना क्षैत्र सज्जनगर ओडबस्ती निवासी रामचन्द्र पुत्र बसन्तीलाल कुम्हार के सूने मकान का अज्ञात चोर ताला तोड़ कर चादी के पायजेब व 20 हजार रूपये नकदी चुरा ले गए। 6 मार्च को रामचन्द्र परिवार सहित अपने गांव बिछीवाड़ा गया था। पिताजी सांय होटल में चौकीदारी करने गए थे। दूसरे दिन घर लौटे तो मकान एवं कमरों का ताला टूटा हुआ एवं सामान बिखरा पडा था। तलाशी ली तो जेवर व नकदी गायब थी। इस संबंध में पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। इससे पूर्व वर्ष 2019 में भी चोरी हो चुकी है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। वहीं सुखेर थाना क्षैत्र आकेजन सी गार्डन से गत 9 मार्च रात में अज्ञात चोर साउण्ड सिस्टम व मिक्सिंग मशीन चुरा ले गए। मल्लातलाई अम्बामाता निवासी विकान्त चौहान ने पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

### फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**कुशलगढ़, (निसं)।** पुलिस हिरासत से फरार अभियुक्त हेमेन्द्र उर्फ आकाश की तलाश हेतु डीवाईएसपी रूपसिंह कुशलगढ के निर्देशन में थानाधिकारी महीपालसिंह कुशलगढ द्वारा थाना स्तर पर टीम गठीत कर एक टीम मध्यप्रदेश तलाश हेतु रवाना की गई। होली का पर्व होने से बाजार बंद होने से टिम को तलाश करने में काफी कठीनाई हुई इसी बिच पता चला की मुल्जिम ऑनलाईन सट्टा खेलता है तथा उसके कुछ सम्पर्क भोपाल में होने से भोपाल म.प्र. में मिलने की सम्भावना होने पर टीम शहडोल से रवाना हो भोपाल पहुंची तथा भोपाल में आसुचना व साईबर तकनीकी के माध्यम व स्थानिय पुलिस की मदद से उसके सम्भावित ठिकाने पर तलाश करते हुए फरार अभियुक्त नजर आया जिसको टीम द्वारा अपनी सजगता से घेरा देकर पकड़ कर थाने पर लेकर आये जिसको प्रकरण में गिरफ्तार किया गया जिसे बाद अनुसंधान न्यायालय में पेश किया जावेगा।

### दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** नाबालिग को बंधक बना उसके साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित ने आरोपी पिटाराम निवासी काली बोरवाटा बैकरिया के खिालाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि 9 मार्च को आरोपी मेरी नाबालिग पुत्री का अपहरण कर अपने घर ले गया। जहां दो दिन बंधक बनाए रख कर उसके साथ दुष्कर्म करने के बाद 11 मार्च को छोड़ कर फरार हो गया।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा की बैठक

**बांसवाड़ा, (निसं)।** भाजपा ओबीसी मोर्चा नगर कार्यकारिणी की बैठक के मुख्य अतिथि ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष लाभचंद पटेल रहे जबकि अध्यक्षता नगर अध्यक्ष ओम प्रकाश सोनी ने की। बैठक में नजरबाग विट्ठल राय मंदिर में होली मिलन समारोह को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ वयोवृद्ध नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं ओबीसी वर्ग के समाज के वरिष्ठों का समारोह में सम्मान करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर महामंत्री मनीष सुथार, रामचंद्र पंचाल, दीपक सोनी, ममता प्रजापत, दीपिका भावसार, विनोद तेली, भंवर तम्बोली, हरबंस लाला, अशोक टेलर, चुनीलाल टेलर, प्रकाश सोनी, विवेक वैष्णव, दिनेश गहलोत आदि मौजूद रहे।

### आईटी एक्ट में मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** सूरजपोल थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ युवती की फैक आईडी बना कर आपत्तिजनक फोटों वायरल करने का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आमिर नामक आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि आरोपी ने इंस्टाग्राम पर मेरे नाम से फैक आईडी बना आपत्तिजनक फोटों वायरल कर रखे है। परिचितों ने इस संबंध में मुझे बताया तब फैक आईडी होने का पता चला।

# रचना धर्मिता के लिए संवेदनात्मक अनुभूति आवश्यक : प्रो. त्रिवेदी

**बांसवाड़ा**, (निसं)। साहित्य सृजन ईश्वरीय प्रेरणा का सूचक है रचना धर्मिता के लिए संवेदनात्मक अनुभूति आवश्यक होती है। उक्त उद्गार गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आईवी त्रिवेदी ने हरिदेव जोशी रंगमंच पर युवा लेखक मोहित सोलंकी की पुस्तक विजयपथ व अविजय के लोकार्पण अवसर पर अध्यक्षीय उद्बोधन में व्यक्त किये।

प्रो. त्रिवेदी ने मात्र 23 वर्ष की उम्र में युवा रचनाकार मोहित सोलंकी के साहित्यिक पडाव की सराहना करते हुए कहा कि युवा रचनाकार में उज्जवल भविष्य और सुदृढ रचनात्मकता की विपुल संभावनाएं नजर आती हैं। उन्होंने उपन्यास और काव्य संग्रह दोनों ही पुस्तकों को परिपक्व अभिव्यक्ति का सूचक बताते हुए कुलपति ने कहा कि सोलंकी की पुस्तकों को विश्वविद्यालय के माध्यम से हर एक युवा के हाथों में पहुंचाने का प्रयास किया जायेगा। मुख्य अतिथि सिरोही के ब्रांड एम्बेसेडर दिलीप पटेल ने कहा कि इस तरह की युवा प्रतिभाएं समाज को नई दिशा दे सकती है। उन्होंने कहा कि साहित्य समाज को चिन्तन की ओर ले जाता है। विशिष्ट अतिथि नगर परिषद् सभापति जैनेन्द्र त्रिवेदी ने सोलंकी के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि साहित्य के क्षेत्र में युवाओं का रुझान शुभ संकेत है। उप जिला प्रमुख डॉ. विकास बामनिया ने कहा कि साहित्य के माध्यम से व्यक्ति अपने विचारों को अमर कर देता है। वर्तमान में अच्छी पुस्तकों की कमी महसूस की जा रही है। इस अवसर पर वालेंग सोलंकी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। साहित्यकार हरीश आचार्य ने सोलंकी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। आरम्भ में शिक्षाविद धर्मेन्द्र चौहान ने अतिथियों का स्वागत करते हुए दोनों पुस्तकों का परिचय कराया। मंच पर हाडखरा पटेल समाज के नाहरसिंह सियापुर, जमनालाल जोशी, डॉ नरेन्द्र पानेरी, राजेन्द्र द्विवेदी, पुष्पेन्द्र पण्डया, गौतम भाई, भारतसिंह गोयल, अर्जुनसिंह बोरवट, रूपेंग पटेल छींच, अबाडेंग कोहाला, मयंक लालवानी, सूरज पाटीदार, ललित आचार्य भी बतौर अतिथि मंच पर मौजूद रहे।




हरिदेव जोशी रंगमंच पर मोहित सोलंकी की पुस्तक विजयपथ व अविजय का लोकार्पण किया।

### ग्यारह सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

**राजसमंद, (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की जिला बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष यशवंत जोशी की अध्यक्षता और प्रदेश उप सभाध्यक्ष राजेश्वर त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य में गोपाल कृष्ण वाटिका में सम्पन्न हुई। जिला मंत्री नारायण सिंह चुंडावत ने बताया कि प्रदेश स्तरीय अभियान के तहत सम्पूर्ण प्रदेश में अभियान के क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और शिक्षा मंत्री डॉ बीडी कल्ला के नाम जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं पत्रकार सोसायटी के जिलाध्यक्ष अलकेश सनाढ्य को 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर मांगे पूरी करने के लिए प्रेस के माध्यम से मांग पत्र की मांगे पूरी करने का आग्रह किया गया। साथ ही आगामी विभिन्न कार्यक्रमों की चर्चा की गई। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों की मौजूदगी में होली मिलन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें सभी सदस्यों ने आपस में गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संगठन के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई। इस अवसर पर प्रदेश उप सभाध्यक्ष राजेश्वर त्रिपाठी, तिलकेश त्रिपाठी जिला सभाध्यक्ष, मधु पालीवाल महिला मंत्री आदि उपस्थित थे।

# चातुर्मास आयोजन को लेकर सर्वसमाज की बैठक आयोजित

**मंडफिया, (निसं)।** अमरा भगत जी की तपस्या स्थली अनगढ़ बावजी तीर्थ स्थल पर सूरजकुंड आश्रम के संत अवधेशानंद महाराज के प्रस्तावित चातुर्मास आयोजन को लेकर सर्व समाज की बैठक आयोजित हुई।

इस बैठक में सूरजकुंड के संत अवधेशानंद जी महाराज एवं अन्य संतों का अनगढ़ बावजी पावन स्थली पर पधारने पर सनातन धर्मावलंबियों ने उनकी आगवानी की। इससे पूर्व आयोजित बैठक में भव्य सनातन चातुर्मास आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसमें रतन लाल गाडरी को अध्यक्ष नियुक्त किया है। जानकारी के अनुसार अनगढ़ बावजी तीर्थ स्थल पर आगामी जुलाई माह से तीन माह के लिए आयोजित होने वाले सनातन वर्षावास की व्यवस्थाओं को लेकर अवधेशानंद जी महाराज सहित संतों का इस पावन तीर्थ स्थली पर शनिवार शाम 6 बजे पहुंचने पर चित्तौड़गढ़ सहित विभिन्न जिलों से आए धर्मावलंबियों ने उनके जयकारे लगाते हुए उन पर पुष्प वर्षा करते हुए उनकी अगवानी की एवं चरण छू कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।



चातुर्मास आयोजन को लेकर सर्वसमाज की बैठक आयोजित हुई।

संतो ने इस अवसर पर अनगढ़ बावजी के दर्शन किए तथा यहां उपस्थित धर्म प्रेमियों से चातुर्मास आयोजन को लेकर व्यवस्थाओं पर चर्चा की। बाद में अवधेशानंद महाराज सहित संतो ने यहां चातुर्मास के लिए अस्थाई तौर पर बसने वाले धर्म नगरी का मौका निरीक्षण भी किया। बैठक का शुभारंभ भगवान सांवरिया सेठ एवं अमरा भगत अनगढ़ देव का स्मरण कर बैठक प्रारंभ की गई। जिसमें सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने अपना अपना परिचय दिया। तत्पश्चात पूर्व जिला अध्यक्ष रतन लाल गाडरी के संचालन में वक्ताओं के द्वारा अपने अपने विचार व्यक्त किए गए एवं चातुर्मास समिति का नामकरण सर्वसमाज सनातन चातुर्मास सेवा समिति नाम दिया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए रतन लाल गाडरी को अध्यक्ष बनाया गया, सचिव पद के लिए भूपालसागर प्रधान हेमेंद्र सिंह राणावत एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए प्रदीप लड्ढा तथा कार्यालय प्रमुख पद पर घनश्याम लाल महुडिया को नियुक्त किया गया।



मैं यह इसीलिये कह रहा हूं क्योंकि जब हमने 1983 में विश्वकप जीता तो यह 60 ओवर का हुआ करता था। लोगों का आकर्षण कम हुआ तो यह 50 ओवर बन गया। मुझे लगता है कि अब समय आ गया कि इसे 40 ओवर कर देना चाहिये।

- रवि शास्त्री

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, एकदिवसीय क्रिकेट को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## शुभमन गिल



**ऑस्ट्रेलिया** के खिलाफ चौथे टेस्ट में घरेलू सरजमीं पर अपना पहला टेस्ट शतक जड़ने वाले युवा भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि वह बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की अब तक की बल्लेबाजी की सबसे अनुकूल पिच पर ढीले शॉट नहीं खेलने के लिए प्रतिबद्ध थे। गिल ने शनिवार को यहां खेल के तीसरे दिन 235 गेंद में 128 रन की पारी खेली। 'बीसीसीआई.टीवी' पर डाले गए वीडियो में गिल ने अपने साथी खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा को दिए साक्षात्कार में कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो मैं सोच रहा था कि मुझे नहीं पता कि मुझे इस तरह का विकेट दोबारा कब मिलेगा।

**क्या आप जानते हैं ?...** गोल्फ एक मात्र ऐसा खेल है जिसे चांद पर भी खेला गया है। 6 फरवरी 1971 को एलन शेफर्ड नामक अंतरिक्ष यात्री ने चन्द्रमा पर गोल्फ के दो स्ट्रोक खेले।

## चीन ने वर्ल्ड शॉर्ट ट्रैक चैम्पियनशिप में पुरुषों की पांच हजार मीटर रिले का स्वर्ण जीता

सियोल, 12 मार्च। चीन ने रविवार को यहां वर्ल्ड शॉर्ट ट्रैक चैंपियनशिप में पुरुषों की 5000 मीटर रिले का खिताब जीत लिया। ली वेनलॉन्ग, लिन जिआओजुन, लियू गुआनी और झोंग युचेन की चीनी टीम ने सात मिनट 4.412 सेकंड में दौड़ पूरी कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इटली 04.484 सेकेंड का समय निकाल कर उपविजेता रहा जबकि दक्षिण कोरिया के खाते में 04.884 सेकेंड के साथ कांस्य पदक आया।

## मिराज, शांतों के दम पर बांग्लादेश जीता

ढाका, 12 मार्च। मेहदी हसन मिराज़ (12/4) की शानदार गेंदबाजी और नजमुल हसन शांतो (47 गेंद, 46 रन) की धैर्यवान बल्लेबाजी की बदौलत बंगलादेश ने रविवार को रोमांचक दूसरे टी20 में इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर तीन मैचों की शृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। इंग्लैंड ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए बंगलादेश के सामने 118 रन का लक्ष्य रखा, जिसे मेजबान टीम ने 18.5 ओवर में हासिल कर लिया। बंगलादेश की सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाने वाले मिराज़ ने चार ओवर में मात्र 12 रन देकर चार विकेट लिये। इसके अलावा तस्कीन अहमद, मुस्ताफिजुर रहमान, शाकिब अल हसन और हसन महमूद को एक-एक सफलता हासिल हुई। सलामी बल्लेबाज फिलिप सॉल्ट ने 19 गेंद पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 25 रन बनाकर इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई मगर मिराज़ की फिरकी में फंसकर अन्य इंग्लिश बल्लेबाज असफल हो गये। बेन डकेट ने 28 गेंद पर 28 रन की पारी खेलकर टीम को ऑलआउट होने से पहले 117 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। इंग्लैंड ने जोफ्रा आर्चर (13/3) की शानदार गेंदबाजी के सहारे इस छोटे स्कोर का शानदार तरीके से रक्षण करते हुए बंगलादेश के छह विकेट गिरा दिये। शांतो ने हालांकि संकटमोचक की भूमिका निभाई और 46 रन की नाबाद पारी खेलकर मेजबान टीम की जीत सुनिश्चित की। शांतो ने अपनी 47 गेंद की पारी में मात्र तीन चौके जड़े। उनका साथ देते तौहीद ह्रदोय ने 17 (18) जबकि मिराज़ ने 20 (16) रन का योगदान दिया। टी20 सीरीज अपनी मुट्ठी में करने के बाद अब बंगलादेश तीसरे मुकाबले में मंगलवार को इंग्लैंड का सामना करेगा।

## चेल्सी की एक और जीत, लीवरपूल हारा

लंदन, 12 मार्च। चेल्सी ने शनिवार को यहां लीसेस्टर को 3-1 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत दर्ज की जबकि उतार-चढ़ाव वाले सत्र में लीवरपूल को एक और हार का सामना करना पड़ा। चिर प्रतिद्वंद्वी मैनचेस्टर यूनाईटेड को रिकॉर्ड 7-0 से हराने के बाद लीवरपूल को निचली लीग में खिसकने का खतरा झेल रहे बोर्नेमाउथ के खिलाफ 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। लीवरपूल ने अगस्त में अपने मैदान पर बोर्नेमाउथ को 9-0 से हराया था। मैनचेस्टर सिटी की टीम एक बार फिर पूरी तरह से लय में नजर नहीं आई लेकिन क्रिस्टल पैलेस को 1-0 से हराकर शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल पर दबाव बनाए रखने में सफल रही। आर्सेनल की टीम 26 मैच में 63 अंक के साथ शीर्ष पर है। दूसरे स्थान पर मौजूद मैनचेस्टर सिटी के 61 अंक हैं लेकिन उसने आर्सेनल से एक मैच अधिक खेला है।

## नेपोली ने अटलांटा को हराकर सिरी-ए में 18 अंक की बढ़त बनाई

मिलान, 12 मार्च। ख्विचा कवारात्सखेलिया के गोल से नेपोली ने अटलांटा को 2-0 से हराकर सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट के शीर्ष पर अपनी बढ़त 18 अंक की कर दी। कवारात्सखेलिया ने विक्टर ओसिमहेन से मिले पास पर विरोधी टीम की रक्षापंक्ति को छकाते हुए 60वें मिनट में नेपोली की ओर से पहला गोल दागा। टीम की ओर से दूसरा गोल आमिर रहमानी ने 77वें मिनट में किया। इस जीत से नेपोली के 26 मैच में 68 अंक हो गए हैं। दूसरे स्थान पर मौजूद इंटर मिलान के इतने ही मैच में 50 अंक हैं। लाजियो ने हालांकि बोलोग्ना से गोल रहित ड्रॉ खेलकर दूसरे स्थान पर आने का मौका गंवा दिया। टीम 26 मैच में 49 अंक के साथ तीसरे स्थान पर बनी हुई है। एक अन्य मुकाबले में रोड्रिगो बेको के गोल से उडिनेस ने एम्पोली को 1-0 से हराया

## एमबाप्पे के गोल से पीएसजी ने ब्रेस्ट को 2-1 से हराया

पेरिस, 12 मार्च। काइलियान एमबाप्पे के अंतिम लम्हों में दागे गोल की बदौलत पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने शनिवार को ब्रेस्ट को 2-1 से हराकर फ्रेंच फुटबॉल लीग के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। एमबाप्पे ने 90वें मिनट में लियोनल मेस्सी के थ्रोबॉल को ब्रेस्ट के गोलकीपर मार्को बिजोट को छकाते हुए गोल में पहुंचाया। एमबाप्पे हालांकि भाग्यशाली रहे कि हैरिस बेलकेबला को 85वें मिनट में किक मारने के बावजूद उन्हें मुकाबले से बाहर नहीं किया गया। पीएसजी को 37वें मिनट में कार्लोस सोलेर ने बढ़त दिलाई जिसके बाद फ्रेंक होनोरेट ने 43वें मिनट में गोल दागकर स्कोर 1-1 कर दिया। पीएसजी की टीम 27 मैच में 66 अंक के साथ शीर्ष पर है। उसने दूसरे स्थान पर मौजूद मार्सेले पर 11 अंक की बढ़त बना रखी है जिसने उससे एक मैच कम खेला है।

# विराट शतक से भारत को 88 रन की बढ़त

### भारत की पारी 571 पर सिमटी



अहमदाबाद, 12 मार्च। दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली (186) अपने दोहरे शतक से चूक गये मगर अक्षर पटेल (79) के साथ उनकी विशाल साझेदारी ने भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट की पहली पारी में रविवार को 91 रन की बढ़त दिला दी।

कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में 40 महीने बाद सैकड़ा जड़ते हुए 364 गेंद पर 15 चौकों के साथ 186 रन बनाये। कोहली ने अपना पिछला टेस्ट शतक 22 नवंबर 2019 को बंगलादेश के खिलाफ कोलकाता में जमाया था। अक्षर ने कोहली का साथ देते हुए 113 गेंद पर पांच चौकों और चार छक्कों के साथ 79 रन बनाये, जबकि दोनों के बीच छठे विकेट के लिये 162 रन की बहुमूल्य साझेदारी हुई। जब अक्षर सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे तो भारत 87 रन से पिछड़ा हुआ था, लेकिन कोहली के साथ उनकी साझेदारी ने टीम को बढ़त की स्थिति में पहुंचा दिया। अक्षर के आउट होने के बाद हालांकि भारत के अंतिम तीन विकेट सिर्फ 16 रन के अंदर गिर गये और पूरी टीम 571 रन पर ऑलआउट हो गयी।

ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन का खेल खत्म होने तक बिना विकेट गंवाये तीन रन बना लिये हैं। ट्राविस हेड तीन रन बनाकर जबकि मैथ्यू कुह्नेमन शून्य रन के स्कोर पर नाबाद हैं। भारत के लिये 289/3 से दिन की शुरुआत करने उतरे विराट कोहली और रवींद्र जडेजा ने पहले आधे घंटे में कुछ अच्छे शॉट खेलकर तेजी से रन बटोरे, हालांकि जडेजा का विकेट गिरने के बाद कोहली को पारी की रफ्तार धीमी करनी पड़ी। जडेजा ने टॉड मर्फी की गेंद पर आउट होने से पहले 84 गेंद पर दो चौकों और एक छक्के के साथ 28 रन बनाये।

जडेजा के आउट होने के बाद कोहली को श्रीकर भरत का साथ मिला, हालांकि ऑस्ट्रेलिया की कसी हुई गेंदबाजी के कारण लंच तक भारत 362 रन तक ही पहुंच सका। मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर के चोटग्रस्त होने की वजह से कोहली और भरत पर लंबी साझेदारी करने की जिम्मेदारी थी। दोनों बल्लेबाजों ने संयम के साथ खेलते हुए पांचवें विकेट के लिये 84 रन जोड़े। भरत ने 88 गेंद की अपनी पारी में रक्षात्मक और आक्रामक शॉट्स का अच्छा मिश्रण करते हुए 44 रन बनाये। उन्होंने अपनी पारी में दो चौके और तीन छक्के जड़े, हालांकि नेथन लायन (151/3) ने उन्हें पीटर हैंड्सकॉम्ब के हाथों कैच आउट करवाकर पहले टेस्ट अद्धर्शतक से वंछित कर दिया। पारी में कुल 65 ओवर डालने वाले लायन इसी के साथ भारत में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले विदेशी गेंदबाज बन गये।

भरत का विकेट गिरने के फौरन बाद कोहली ने पारी की 241वीं गेंद पर एक रन लेकर अपना 75वां अंतरराष्ट्रीय और 28वां टेस्ट शतक पूरा किया। सैकड़े के पार पहुंचते ही कोहली ने मिचेल स्टार्क के ओवर में दो चौके जड़कर हाथ खोले। अक्षर ने भी दो गेंद बाद स्टार्क को चौका जड़कर पारी की रफ्तार बढ़ाई।

वामहस्त हरफनमौला अक्षर ने चाय के बाद 162वें ओवर में चौका जड़कर ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को समाप्त किया। भारत को चौथे दिन का खेल खत्म होने से पहले विशाल बढ़त हासिल करने की उम्मीद थी। कोहली ने बढ़त मिलते ही कैमरन ग्रीन को लगातार दो चौके जड़कर अपने 150 रन पूरे किये। अक्षर ने भी 95 गेंद पर अपना अद्धर्शतक पूरा करते ही पारी की रफ्तार बदली और मैथ्यू कुह्नेमन को तीन शानदार छक्के जड़े।

स्पिनरों को आसानी से खेलते हुए भारतीय बल्लेबाजों को परेशान करने के लिये कप्तान स्टीव स्मिथ ने मिचेल स्टार्क को गेंद सौंपी। स्टार्क ने अपने कप्तान की उम्मीदों पर खरे उतरते हुए अक्षर को बोल्ड करके पवेलियन भेज दिया। अक्षर के आउट होने के बाद भारत के अंतिम तीन विकेट सिर्फ 16 रन बटोर सके। रविचंद्रन अश्विन लायन की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में कुह्नेमन को कैच दे बैठे, जबकि उमेश यादव दो रन भागने की कोशिश में रनआउट हो गये। दसवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे मोहम्मद शमी भारत के आखिरी बल्लेबाज थे। ऐसे में कोहली रनगति बढ़ाने की कोशिश में अपने दोहरे शतक से सिर्फ 16 रन दूर रहकर आउट हो गये।

उस्मान ख्वाजा के चोटग्रस्त होने के कारण ऑस्ट्रेलियाई पारी की शुरुआत करने के लिये हेड के साथ कुह्नेमन उतरे। कुह्नेमन को स्टंप्स से एक ओवर पहले जीवनदान भी मिला जब अश्विन की गेंद पर विकेटकीपर भरत उनका कैच नहीं पकड़ सके। कुह्नेमन ने इसके बाद दो गेंदें और खेलीं, हालांकि वह दोनों गेंदों को सफलतापूर्वक डिफेंड करके नाबाद पवेलियन लौटे।

## विराट के बल्ले से 40 महीने बाद निकला टेस्ट शतक

लगभग 40 महीने के सूखे को समाप्त करते हुये भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने रविवार को अहमदाबाद में आस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक जमा कर अपने प्रशंसकों को मुस्कराने का मौका दिया। लंच के बाद के सत्र में सभी की निगाहें कोहली पर थीं, और उन्होंने अपने प्रशंसकों को निराश नहीं किया और अपना 28वां टेस्ट शतक जमाया। इससे पहले विराट ने अपना आखिरी टेस्ट शतक 22 नवंबर 2019 को ईडन गार्डन्स में बांग्लादेश के खिलाफ लगाया था। कोहली ने 28वां शतक पूरा करने के लिये 241 गेंदें खेलीं। विराट ने सबसे ज्यादा आठ शतक आस्ट्रेलिया के खिलाफ लगाये हैं जिनमें से छह शतक उन्होने कंगारूओं की धरती पर ही जमाये हैं। हालांकि अंतरराष्ट्रीय करियर में यह उनका 75वां शतक था।

## मुझे पता नहीं ता, कोहली बीमार है : अक्षर पटेल

ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध चौथे टेस्ट के चौथे दिन विराट कोहली के साथ 162 रन की साझेदारी करने वाले अक्षर पटेल ने रविवार को खुलासा किया कि उन्हें कोहली के बीमार होने की जानकारी नहीं थी। गौरतलब है कि कोहली ने मैच के चौथे दिन भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाने के लिये 364 गेंद पर 15 चौकों के साथ 186 रन की शतकीय पारी खेली। कोहली का शतक पूरा होते ही उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी डालकर सूचित किया कि कोहली "बुखार में इस अनुशासन के साथ खेल रहे हैं।" जब अक्षर से मैच के बाद इस संबंध में सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, "मुझे नहीं पता (कि कोहली की तबीयत कैसी थी)। वह जिस तरह भाग रहे थे उससे बिलकुल नहीं लगा कि वह बीमार थे।

## हरमनप्रीत ने मुंबई के अजेय रथ को आगे बढ़ाया

मुंबई, 12 मार्च। कप्तान हरमनप्रीत कौर (53 नाबाद) के विस्फोटक अद्धर्शतक और नैट सिवर-ब्रंट (45) के साथ उनकी शतकीय साझेदारी की बदौलत मुंबई इंडियन्स ने विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में रविवार को यूपी वॉरियर्स पर आठ विकेट की जीत दर्ज करके अपने अजेय रथ को आगे बढ़ाया। वॉरियर्स ने एलीसा हीली (58) और ताहलिया मैकग्रा (50) के अद्धर्शकों के दम पर मुंबई के सामने 160 रन का लक्ष्य रखा। मुंबई ने यह लक्ष्य दो विकेट गंवाकर 17.3 ओवर में हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज हीली ने 46 गेंद पर सात चौकों और एक छक्के के साथ 58 रन बनाये, जबकि मैकग्रा ने 37 गेंद पर नौ चौके जड़कर 50 रन की पारी खेली। हीली-मैकग्रा ने तीसरे विकेट के लिये 82 रन जोड़कर वॉरियर्स के लिये विशाल स्कोर तक पहुंचने का रास्ता तैयार किया लेकिन इन दोनों के जल्दी आउट होने के बाद टीम 159 रन तक ही पहुंच सकी।

मुंबई ने लक्ष्य का पीछा करते हुए दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट पावरप्ले के बाद गंवा दिये, जिसके बाद हरमनप्रीत और सिवर-ब्रंट ने 106 रन की अविजित साझेदारी करके टीम को लगातार चौथी जीत दिलाई।

हरमनप्रीत ने 33 गेंद पर नौ चौकों और एक छक्के के साथ ताबड़तोड़ 53 रन बनाये, जबकि सिवर-ब्रंट ने 31 गेंद पर छह चौके और एक छक्का लगाकर 45 रन की अविजित पारी खेली।

मुंबई अपने चारों मुकाबले जीतकर आठ अंक के साथ डब्ल्यूपीएल तालिका में शीर्ष पर है, जबकि वॉरियर्स चार अंक के साथ तीसरे स्थान पर मौजूद है।

वॉरियर्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए देविका वैद्या (छह) का विकेट जल्दी गंवा दिया। वैद्या को पारी के दूसरे ओवर में साइका इशाक ने पगबाधा आउट किया। पहला विकेट जल्दी गिरने के बावजूद हीली ने किरण नवगिरे के साथ पावरप्ले में 48 रन जोड़ लिये। नवगिरे (17) ने पावरप्ले के बाद एक छक्का और एक चौका जड़कर वॉरियर्स का अद्धर्शतक पूरा किया लेकिन इसी ओवर में अमेलिया कर ने उन्हें यास्तिका भाटिया के हाथों कैच आउट करवा दिया।

## ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज से बाहर हो सकते हैं श्रेयस अय्यर

अहमदाबाद, 12 मार्च। भारतीय मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पीठ की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध 17 मार्च से शुरू होने वाली एकदिवसीय शृंखला से बाहर रह सकते हैं। क्रिकबज़ ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों के हवाले से रविवार को यह जानकारी दी।

अय्यर को पीठ में परेशानी उठने के कारण शनिवार को जांच के लिये भेजा गया था। वह इस समस्या के कारण ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध यहां जारी चौथे टेस्ट की पहली पारी में बल्लेबाजी करने के लिये भी नहीं आ सके। क्रिकबज़ की रिपोर्ट के अनुसार, अय्यर की प्राथमिक जांच रिपोर्ट के नतीजे उत्साहजनक नहीं हैं। उन्हें विशेषज्ञ डॉक्टर से मिलकर और टेस्ट करवाने होंगे।

इसी महीने के अंत में शुरू होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग में अय्यर के खेलेंगे या



नहीं इस पर फैसला आगामी जांच रिपोर्ट के बाद ही लिया जायेगा। वर्तमान में अहमदाबाद में मौजूद राष्ट्रीय चयनकर्ताओं को अय्यर की स्थिति से अवगत करा दिया गया है। चयनकर्ता सोमवार को टेस्ट सीरीज समाप्त होने के बाद होने वाली बैठक में अय्यर के प्रतिस्थापन पर फैसला ले सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि अय्यर ने पीठ की समस्या के कारण जनवरी में न्यूजीलैंड के विरुद्ध हुई एकदिवसीय शृंखला से बाहर रहने का फैसला किया था। वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैब से गुजरे और इस कारण ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध नागपुर टेस्ट में भी हिस्सा नहीं ले सके थे।

एनसीए से मंजूरी मिलने के बाद अय्यर को दिल्ली टेस्ट के लिये टीम में शामिल किया गया जहां उन्होंने दो पारियों में क्रमशः चार और 12 रन बनाये। इंदौर में खेले गये तीसरे टेस्ट में वह शून्य और 26 रन के स्कोर बना सके थे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला की शुरुआत 17 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होगी।

## एमेच्योर एशिया पैसिफिक चैम्पियनशिप : अवनी संयुक्त 24वें और निश्ना संयुक्त 35वें स्थन पर

सिंगापुर, 12 मार्च। भारतीय गोल्फर अवनी प्रशांत और निश्ना पटेल ने रविवार को महिला एमेच्योर एशिया पैसिफिक चैम्पियनशिप के अंतिम दौर में तीन ओवर 75 के कार्ड खेले जिससे दोनों ने क्रमशः संयुक्त 24वां और संयुक्त 35वां स्थान हासिल किया। क्वीन सिरिकिट कप की व्यक्तिगत चैम्पियन अवनी ने 73-71-74-75 के कार्ड से कुल 5 ओवर 289 का स्कोर हासिल किया। वहीं तीसरी बार डब्ल्यूएएपी में हिस्सा ले रहीं निश्ना 71-72-77-75 के कार्ड से सात ओवर 291 का कुल स्कोर बनाने के बाद संयुक्त 35वें स्थान पर रहीं।

## वाणी व प्रणवी शीर्ष 20 में

केपटाउन, 12 मार्च। वाणी कपूर और प्रणवी उर्स 2023 इनवेस्टेक दक्षिण अफ्रीका वुमेन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में शीर्ष 20 में रहे। तीन दौर के बाद शीर्ष 10 में शामिल वाणी ने अंतिम दौर में एक अंडर 71 का स्कोर बनाया लेकिन वह कल रात के संयुक्त आठवें से संयुक्त 12वें स्थान पर खिसक गईं। उनका कुल स्कोर आठ अंडर रहा। प्रणवी ने हफ्ते का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए तीन अंडर 69 का स्कोर बनाया और सात अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त 16वें स्थान पर रहीं। एशलेग बुहाई ने अंतिम दौर में चार अंडर 68 के स्कोर से चार शॉट की बढ़त के साथ खिताब जीता। उन्होंने कुल 22 अंडर के स्कोर से चौथी बार यह खिताब अपने नाम किया।

## पृथ्वीराज, श्रेयसी दोहा विश्व कप की मिश्रित ट्रैप स्पर्धा में छठे स्थान पर रहे

दोहा, 12 मार्च। भारत के पृथ्वीराज टोंडाईमान और श्रेयसी सिंह की ट्रैप मिश्रित टीम रविवार को यहां छठे स्थान पर रही जिससे देश के निशानेबाजों ने आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में महज एक कांस्य पदक जीतकर अभियान खत्म किया। पृथ्वीराज और श्रेयसी ने मिलकर क्वालीफिकेशन में 150 में से 142 अंक जुटाये जो कांस्य पदक के क्वालीफाइंग स्कोर (143 ) से एक अंक कम था। शनिवार को पृथ्वीराज ने पुरूष ट्रैप स्पर्धा में व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता था। अमेरिका तीन स्वर्ण पदक जीतकर तालिका में शीर्ष पर रहा। आईएसएसएफ राइफल पिस्टल विश्व कप 20 मार्च से भोपाल में शुरू होगा।

## विराट ने हमें बिना कोई मौका दिये यह दिखाया की बड़ी पारियां कैसे खेली जाती है : एलेक्स कैरी

अहमदाबाद, 12 मार्च। ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर एलेक्स केरी ने रविवार को कहा कि विराट कोहली उनमें से नहीं हैं जो बल्लेबाजी के लिए अच्छी पिच पर 'बड़ा शतक' बनाने का मौका गंवाएंगे और चौथे टेस्ट मैच में उन्होंने दिखाया कि इस काम को कैसे करना है।

कोहली ने भारतीय टीम की पहली पारी में 571 में 186 रन बनाए। बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला की इस आखिरी टेस्ट को ड्रा करने के लिए ऑस्ट्रेलिया को सोमवार को दो सत्र तक अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी। कैरी ने चौथे दिन के खेल के बाद कहा, '' उनकी पारी देख कर कोई आश्चर्य नहीं हुआ। उन्हें बल्लेबाजी के लिए आसन पिच मिली और उन्होंने बड़ा स्कोर बनाया। उन्होंने वास्तव में दिखाया कि इस तरह की परिस्थितियों में कैसे खेलना है। उन्होंने हमें आउट करने का कोई मौका नहीं दिया।''

उन्होंने कहा, '' हमें पता था कि विराट को गेंदबाजी करना आसान नहीं होगा। हम जितना संभव था उतना उन्हें रन बनाने से रोकने की कोशिश कर रहे थे। कैरी ने हालांकि घुमा-फिराकर यह मान लिया कि इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के जीतने की संभावना लगभग ना के बराबर है। उन्होंने कहा,''निश्चित रूप से यह (जीत दर्ज करना) एक बड़ी चुनौती होने जा रही है, हम दिन के पहले घंटे पर काफी ध्यान देंगे और फिर देखेंगे कि यह संभावना बन रही है।''

## शीर्ष खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ राष्ट्रीय खेलों की 'ब्रांड वैल्यू' बढ़ाने पर आईओए का जोर : चौबे

नयी दिल्ली, 12 मार्च। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) चाहता है कि देश के शीर्ष एथलीट राष्ट्रीय खेलों में भाग लें ताकि इस बहु-खेल आयोजन की 'ब्रांड वैल्यू (महत्व)' बढ़ाकर प्रायोजकों से धन-राशि को आकर्षित किया जा सके। दो साल में आयोजित होने वाले इन खेलों की मेजबानी में लगातार विलंब हो रहा है।

केरल में 2015 में 35वें सत्र के आयोजन के बाद गोवा को इसकी मेजबानी सौंपी गयी थी लेकिन वह इसके आयोजन में अब तक विफल रहा और पिछले साल गुजरात में इन खेलों के 36 वें सत्र की मेजबानी की। इसमें नीरज चोपड़ा और पीवी सिंधू जैसे ओलंपिक पदक विजेता चोट या विदेश में अपने निर्धारित प्रशिक्षण के कारण भाग नहीं ले सके थे। गोवा को इस साल नवंबर ने इन खेलों के आगामी सत्र की मेजबानी की जिम्मेदारी दी गयी है।

आईओए के संयुक्त सचिव और कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कल्याण चौबे ने रविवार को कहा, राष्ट्रीय खेल आईओए की मुख्य संपत्ति है। अगर शीर्ष खिलाड़ी इसमें में भाग नहीं लेंगे तो इसके आयोजन का क्या फायदा। अगर वे (शीर्ष एथलीट) भाग लेते हैं, तो राष्ट्रीय खेलों से टेलीविजन का राजस्व बढ़ जाएगा, लोग प्रतिभावान खिलाड़ियों को देखेंगे।''

आईओए की शनिवार को हुई वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में गोवा को नवंबर में होने वाले इस खेलों के 37वें सत्र के मेजबानी की पुष्टि की गयी। आईओए अध्यक्ष पी टी उषा ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नवंबर में गोवा में खेलों का उद्घाटन करने का अनुरोध किया जाएगा। राज्य को 2016 में ही इन खेलों की मेजबानी करनी थी लेकिन इसमें कई बार देरी हुई। यह देरी मुख्य रूप से बुनियादी ढांचे से संबंधित समस्याओं के कारण हुई।

चौबे ने कहा, हम चाहते हैं कि एनएसएफ (राष्ट्रीय खेल महासंघ) अपने शीर्ष खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने के लिए भेजें। कई बार एनएसएफ अपने दूसरे या तीसरे स्तर के खिलाड़ियों को भेजते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि उनके शीर्ष खिलाड़ी सिर्फ एशियाई और ओलंपिक खेलों में हिस्सा लेगें। उन्होंने कहा, '' शीर्ष खिलाड़ी अगर राष्ट्रीय खेलों में खेलते हैं, तो इससे इन खेलों का महत्व बढ़ेगा। इससे दूसरे खिलाड़ियों को सीखने का मौका मिलेगा। वे बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होंगे, जो दूसरे स्तर के खिलाड़ियों को बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इसलिए, हम एनएसएफ के साथ इस पर चर्चा करना चाहते हैं और हम उनका सहयोग चाहते हैं।'' आईओए एजीएम ने शनिवार को 2019-20 और 2020-21 के लेखा बयान (ऑडिटेड स्टेटमेंट) को भी इस शर्त पर पारित किया कि इसमें किसी भी गलती या वित्तीय अनियमितताओं के लिए पिछला निकाय जिम्मेदार होगा।

उन्होंने कहा, '' अगर हम इसे पारित नहीं करते हैं तो आगे का काम प्रभावित होगा। हमने पिछले लेखा बयान को इस शर्त के साथ पारित किया है कि इसमें किसी भी वित्तीय अनियमितताओं के लिए वर्तमान निकाय जिम्मेदार नहीं होगा।''

## एशियाई खो-खो चैम्पियनशिप 20 मार्च से होगी आयोजित, 800 से अधिक खिलाड़ी लेंगे भाग

गुवाहाटी, 12 मार्च। पुरुष और महिला वर्ग की एशियाई खो-खो चैंपियनशिप के चौथे सत्र का आयोजन 20 से 23 मार्च तक असम में होगा। बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र (बीटीइआर) के तामुलपुर में आयोजित होने वाले चार दिवसीय कार्यक्रम में 12 देशों के 800 से अधिक खिलाड़ी और अधिकारी भाग लेंगे। बीटीइआर के प्रमुख एवं असम खो-खो संघ (एकेकेए) के अध्यक्ष प्रमोद बोरो ने रविवार को यहां संवाददाताओं को यह जानकारी दी। इसका आयोजन भारतीय खो-खो संघ (केकेएफआई) के द्वारा किया जा रहा है जबकि बीटीआर परिषद और असम राज्य सरकार के समर्थन से एकेकेए इसकी मेजबानी कर रहा है।



*जाएंट टॉरटिस की इवोल्यूश्नरी हिस्टरी की जांच के दौरान, पूर्व में अज्ञात, विलुप्त हो चुके एक कछुए के बारे में पता चला है। कम से कम एक हजार साल पहले मैडागास्कर में एक विशालकाय कछुआ विचरता था, भर-भर कर पौधे खाता था। नए शोध में सामने आया है कि, मैमथ की तरह ही कछुए की यह प्रजाति लुप्त हो गई है। मैडागास्कर व पश्चिमी हिंद महासागर के अन्य द्वीपों में रहने वाले जाएंट टॉरटिस की रहस्यमय वंशावली का अध्ययन करते समय वैज्ञानिकों को इस प्रजाति के बारे में पता चला। लुप्त कछुए की टांग की ''लोअर लैग बोन'' (सिंगल टिबिया) अचानक मिलने पर उन्होंने इसके न्यूक्लियस व माइटोकॉण्ड्रिअल डी.एन.ए. का विश्लेषण किया तथा निर्धारित किया कि यह एक नई प्रजाति है। उन्होंने फ्रांस के वैज्ञानिक रॉजर बोर के नाम पर इसे एस्ट्रोचेलिस रॉजर बोरी नाम दिया। यह शोध जर्नल साईन्स एडवांटेज में छपा है। यह स्पष्ट नहीं है कि, यह प्रजाति कब लुप्त हुई थी। लेकिन जिस हड्डी का अध्ययन हुआ है, वह 1000 साल पुरानी लगती है। सत्रहवीं सदी में जब वैज्ञानिकों ने जाएंट टॉरटिस के जीवाश्म एकत्रित करने शुरु किए तब तक मैडागास्कर के जाएंट टॉरटिस की आबादी काफी पहले ही लुप्त हो गई थी। संभवतया इसका कारण यह था कि, 1000 साल पहले यहाँ इंडो-मलय लोगों ने बसना शुरु कर दिया था। इसके अलावा यूरोपियन नाविक भी भोजन व टर्टल ऑइल के लिए इनका अंधाधुंध शिकार करते थे। अलडाबरा के अलावा सभी द्वीपों से कछुए 19 वीं सदी तक लुप्त हो गए थे। शोध के लिए सैमंड्स और उनके सहयोगियों ने कई टॉरटिस जीवाश्मों से माइटॉकॉण्डिअल जीनोम बनाए। इनके विश्लेषण से टीम यह बता पाई कि जाएंट टॉरटिस ने हिंद महासागर के विभिन्न द्वीपों में कैसे माइग्रेशन किया। उदाहरण के लिए, कछुओं की विलुप्त प्रजाति पैस्करीन सिलिनड्रैस्पिस संभवतः 33 मिलियन वर्षों से भी पहले अफ्रीका छोड़कर रीयूनियन वॉल्कैनिक हॉटस्पॉट पर बस गई थी। वर्तमान में यह स्थान इण्डियन ओशन में रीयूनियन द्वीप के नीचे पानी में डूबा हुआ है। यहाँ से यह प्रजाति स्थानीय द्वीपों पर फैली जिससे, पांच मैस्करीन प्रजातियाँ बनीं।*

# 'वीरांगनाओं को भाजपा नेताओं ने इकट्ठा किया, यह राजस्थान को बदनाम करने की कोशिश है'

## मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बोले-राजस्थान जैसा पैकेज देश में कहीं भी नहीं है

- **गहलोत ने केंद्र सरकार से मांग की कि, देश के हर नागरिक के लिए सोशल सिक्योरिटी एक्ट लाया जाये, सभी को जीवन यापन जितना पैसा तो मिलना ही चाहिए।**

जयपुर, 12 मार्च (का.प्र.)। राजस्थान में वीरांगनाओं के मुद्दे को लेकर चल रही राजनीति के बीच राजस्थान सरकार भी लगातार अपने बचाव में जुटी हुई है। इसी बचाव के तहत मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पुलवामा शहीदों की वीरांगनाओं को ओर से देवरों को नौकरी देने की मांग पर फिर सवाल उठाया है। मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री गहलोत ने बीजेपी नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि, वीरांगनाओं को भाजपा नेताओं ने इकट्ठा किया है। चुनावी साल में यह राजस्थान को बदनाम करने की कोशिश है, जबकि राजस्थान जैसा पैकेज कहीं नहीं है।

गहलोत ने कहा कि हमने शहीदों के आश्रितों को जो पैकेज दिए हैं, वह शायद देश के किसी राज्य में नहीं मिलता होगा। इंदिरा गांधी नगर परियोजना के पास सिंचित जमीन, पत्नी या पुत्र को नौकरी, हाउसिंग बोर्ड का शहर में मकान, पेट्रोल पंप, शहीद स्मारक, आर्थिक सहायता, तमाम पैकेज दिए हैं। यही नहीं अगर शहीद की पत्नी गर्भवती है, उसको जो बच्चा पैदा होगा। उसकी नौकरी भी गर्भ में रहते हुए भी आरक्षित कर दी गई है। शहीद का बच्चा पैदा होकर बड़ा होगा। तब तक उसकी नौकरी रिजर्व रहेगी। ऐसा फैसला हिंदुस्तान में कभी भी और कहीं भी हुआ है क्या?

मुख्यमंत्री ने बताया कि, मेरी जानकारी में आया है कि इन सभी वीरांगनाओं को बीजेपी नेताओं ने इकट्ठा किया है, क्योंकि अब चुनाव का वक्त है।

ये लोग अब चार साल बाद नौकरी क्यों मांग रहे हैं? इनसे कोई पूछे कि घटना 2019 में हुई उस वक्त मांग क्यों नहीं की? अब चार साल बाद आप मांग करके धरना दे रहे हो। पूरे राज्य और देश के लोगों को गुमराह कर रहे हो। ऐसा करके ये देश में राजस्थान की बदनामी करवा रहे हैं। ऐसी हरकतों के लिए जनता इनको आने वाले समय में जवाब देगी।

इसी के साथ मुख्यमंत्री ने ओल्ड पेंशन स्कीम के मुद्दे पर कहा कि, ओ.पी.एस. के संदर्भ में कई सीएम, वित्त मंत्री आलोचना कर हैं। मेरा मानना है, जब 65 साल तक देश में ओपीएस लागू थी। तब भी देश आधुनिक बनने की ओर आगे बढ़ रहा था। ये तब है, जब आजादी से पहले देश में एक सुई नहीं बनती थी। हम कहां तक पहुंच गए। कर्मचारियों को सिक्योरिटी देना सरकार की जिम्मेदारी है। इसे हम शेयर बाजार के भरोसे नहीं छोड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि, मैं केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि देश के हर नागरिक के लिए सोशल सिक्योरिटी एक्ट लेकर आओ। सभी को जीवन यापन जितना तो पैसा मिलना ही चाहिए। आज हम विश्व गुरु बनने की बात कर रहे हैं। पहले हम अपने देश में रह रहे परिवारों को तो सिक्योर कर ले।

### तेलंगाना के मु.मंत्री...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उपचार दिया जा रहा है। बुलेटिन में बताया गया है कि के.सी.आर. सामान्य रूप से रिकवर कर रहे हैं और उनकी तबियत सामान्य बनी हुई है।

# क्या प्रदर्शन के दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया की हत्या करने का षडयंत्र था?

## पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे गुट के सांसद किरोड़ीलाल मीणा के समर्थकों के हाथों में डंडे, सरिये और पत्थर थे?

- **किरोड़ीलाल मीणा के समर्थन में नारे लगाने वाले उपद्रवियों ने पुलिस की बसों के शीशे तोड़े, सतीश पूनिया के खिलाफ भी नारे लगाये।**
- **क्या उपद्रवी किसी बड़ी राजनीतिक साजिश के तहत सतीश पूनिया की हत्या करने के षडयंत्र से प्रदर्शन में शामिल होने आये थे?**
- **सतीश पूनिया की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं, जयपुर से से पहले कोटा में भी उन पर हमला हो चुका है।**

जयपुर, 12 मार्च (का.सं.)। राजधानी जयपुर में 11 मार्च को भाजपा के प्रदर्शन की चर्चा जयपुर से लेकर दिल्ली तक है, जो भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, सांसद घनश्याम तिवाड़ी, वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश माथुर, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी इत्यादि वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में किया गया। इस प्रदर्शन में सतीश पूनिया के खिलाफ सांसद किरोड़ीलाल मीणा समर्थकों द्वारा नारेबाजी की चर्चा जोरों पर है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया के खिलाफ नारेबाजी मामले पर प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने कहा कि, भाजपा के कार्यकर्ता ऐसे नहीं हो सकते, यह शरारती लोग हैं जिन्होंने नारे लगाए, इस घटना की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है, भाजपा इस मामले को गंभीरता से लेगी।

गौरतलब है कि, यह आंदोलन सांसद किरोड़ीलाल मीणा, सांसद रंजीता कोली के साथ पुलिस द्वारा किये गये अलोकतांत्रिक रवैये के खिलाफ गया, जिसमें राज्य सरकार से वीरांगनाओं की मांगों के समर्थन में भी आवाज उठाई गई। यह भाजपा की तरफ से घोषित आंदोलन नहीं था, लेकिन राजेन्द्र राठौड़ ने 10 मार्च को मीडिया से बातचीत में 11 मार्च को सुबह 11 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय पर आंदोलन करने की घोषणा कर दी। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया सहित पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेताओं, सांसदों व विधायकों को आमंत्रित किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे गुट के सांसद किरोड़ीलाल मीणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया के खिलाफ कई बार बयान दे चुके हैं और 11 मार्च को भाजपा प्रदेश कार्यालय के बाहर किये गये प्रदर्शन के दौरान किरोड़ीलाल मीणा के समर्थकों ने किरोड़ीलाल के समर्थन में नारेबाजी की और सतीश पूनिया के खिलाफ नारेबाजी की। जिसमें यह साफ नजर आ रहा था का प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे सतीश पूनिया के खिलाफ यह उपद्रवी चारों तरफ से घेरकर टारगेट कर हूटिंग, नारेबाजी कर रहे थे और इनमें से कईयों के हाथों में डंडे, सरिया थे और पुलिस की बसों पर पत्थरबाजी भी की।

इन उपद्रवियों की हरकतों से साफ झलक रहा था कि भाजपा के प्रदर्शन को बदनाम करने के षडयंत्र में लगे थे, लेकिन भाजपा के नेता और कार्यकर्ता पूरे अनुशासन में रहे, संयमित रहे, इन उपद्रवियों ने पुलिस की बसों पर सरियों, डंडों और पत्थरों से हमला किया तो लगभग तीन बसों के शीशे टूटे।आईपीएस कुंवर राष्ट्रदीप की मौजूदगी में प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तारी प्रक्रिया में जब पुलिस सतीश पूनिया, राजेन्द्र राठौड़ इत्यादि वरिष्ठ नेताओं को बसों से ले जा रही थी तो किरोड़ी मीणा समर्थकों ने कई घंटों तक बसों को जाने नहीं दिया, फिर पुलिस सतीश पूनिया को दूसरी गाड़ी से थाने ले जाने लगी तो उस गाड़ी से किरोड़ी समर्थक लटक गये, कई किलोमीटर तक गाड़ी का पीछा किया। इनके हाथों में सरिये, डंडे और जेबों में पत्थर तक मौजूद होने की जानकारी मिली है। इसमें से काफी घटनाक्रम किरोड़ी मीणा के फेसबुक पेज पर लाइव किया गया।

पूनिया के खिलाफ किरोड़ीलाल मीणा के समर्थकों द्वारा की गई नारेबाजी और षडयंत्र से प्रदेशभर का भाजपा कार्यकर्ता, किसान और युवा वर्ग आक्रोशित है, इस पूरे मामले पर केन्द्रीय नेतृत्व नजर बनाये हुये हैं। वही सियासी गलियारों में इस बात की चर्चा है कि पूनिया के नेतृत्व में प्रदेश स्तर के दर्जनों से अधिक आंदोलन किये गये, लेकिन किसी भी आंदोलन में कोई अशांति नहीं हुई, ना उपद्रव हुआ, लेकिन इस 11 मार्च के आंदोलन में ऐसी क्या वजह रही कि किरोड़ी मीणा के समर्थकों ने जो उपद्रव किया। उसमें सतीश पूनिया को टारगेट करके उनके खिलाफ नारेबाजी की गई। भाजपा के आंदोलन को बदनाम करने का षडयंत्र किया गया, लेकिन इतना उपद्रव होने के बाद भी प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने संयम व अनुशासन का परिचय दिया, जो भाजपा की संस्कृति है। राजनीतिक विश्लेषक कहते हैं कि किरोड़ी मीणा भाजपा से अलग हटकर सभी आंदोलन कर रहे हैं, खास बात यह है कि भाजपा ने तीन सालों में जितने भी आंदोलन किये हैं, उनमें वसुंधरा राजे, किरोड़ी मीणा और इनके समर्थक तीन चार विधायक सभी आंदोलन से दूर रहे। सियासी गलियारों में चर्चा है कि, संघ पृष्ठभूमि के सतीश पूनिया के नेतृत्व में जनहित के मुद्दों पर भाजपा द्वारा किये गये तमाम आंदोलन, पार्टी के कार्यक्रम, बूथ और पन्ना तक पार्टी की जमीनी मजबूती, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह सहित पार्टी के तमाम केन्द्रीय स्तर के नेताओं के राजस्थान के विभिन्न अंचलों में सफल ऐतिहासिक आयोजनों से वसुंधरा राजे गुट राजनीतिक तौर पर परेशान व बेचैन नजर आ रहा है। राजस्थान में भाजपा के कार्यकर्ताओं और किसान वर्ग में यह चर्चा है कि 11 मार्च को जयपुर में हुये प्रदर्शन में किरोड़ी मीणा के समर्थन में नारे लगाने वाले उपद्रवियों ने किसके कहने पर सतीश पूनिया के खिलाफ नारे लगाये? किसके कहने पर बसों के शीशे तोड़े और आखिर किस षडयंत्र के तहत वह हाथों में सरिये, डंडे और पत्थर लेकर आये थे? क्या यह उपद्रवी किसी बड़ी राजनीतिक साजिश के तरह किसी के कहने पर सतीश पूनिया की हत्या करने के षडयंत्र के तहत इस प्रदर्शन में आये थे? ऐसे तमाम सवाल हैं जिन पर पार्टी का केन्द्रीय नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व गंभीर।

गौरतलब है कि, इससे पहले पिछले वर्ष कोटा से बूंदी जाते समय सतीश पूनिया की गाड़ी पर सैकड़ों उपद्रवियों ने पत्थरों से हमला किया था, ऐसे में सतीश पूनिया की सुरक्षा को लेकर भी राज्य सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## बैक्टीरिया रोधी मॉलिक्यूल की खोज

हरिद्वार 12 मार्च (वार्ता)। उत्तराखंड के रुड़की स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.आई.टी.) के शोधकर्ताओं ने एक नए जीवाणुरोधी छोटे अणु (आई.आई.टी.आर. 00693) की खोज की है जो दवा प्रतिरोधी संक्रमणों से लड़ने में मदद कर सकता है। इस शोध का नेतृत्व प्रोफेसर रंजना पठानिया ने किया। उनके अलावा इस शोध में बायोसाइंसेस और बायोइंजीनियरिंग विभाग, आई.आई.टी. रुड़की ने महक सैनी, अमित गौरव, आशीष कोठारी, एम्स, ऋषिकेशय बलराम जी उमर, एम्स, ऋषिकेशय वर्षा गुप्ता, गवर्नमेंट मैडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, चंडीगढ़ अमिताभ भट्टाचार्य, असम विश्वविद्यालय ने भी अहम् योगदान किया।

कठोर स्क्रीनिंग प्रक्रिया के बाद खोजे गए अणु ने ग्राम-पॉजिटिव और ग्राम-नेगेटिव बैक्टीरिया की एक विस्तृत श्रृंखला के खिलाफ शक्तिशाली जीवाणुरोधी गतिविधि दिखाई है, जिसमें कुछ सबसे अधिक समस्याग्रस्त दवा-प्रतिरोधी उपभेद भी शामिल हैं।

# रतन टाटा के हैं 85 लाख सोशल मीडिया फोलोअर्स लेकिन वे सिर्फ एक को करते हैं फोलो

- **रतन टाटा जिस एकमात्र इंस्टाग्राम अकाउंट को फोलो करते हैं वह किसी का पर्सनल अकाउंट नहीं है।**
- **रतन टाटा सिर्फ टाटा ट्रस्ट इंस्टा अकाउंट को फॉलो करते हैं। टाटा ट्रस्ट की स्थापना 1919 में हुई थी। रतन टाटा फिलहाल टाटा ग्रुप की सभी जिम्मेदारियों से हट चुके हैं लेकिन वे टाटा ट्रस्ट के कामकाज को अभी भी देखते हैं और उससे जुड़े हुए हैं। रतन टाटा, टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन भी हैं।**
- **रतन टाटा के अकेले इंस्टाग्राम पर 85 लाख से ज्यादा फोलोअर्स हैं।**

नई दिल्ली, 12 मार्च। उद्योगपति रतन टाटा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का भी यूज करते हैं लेकिन, वे इस पर काफी कम एक्टिव रहते हैं। देश ही नहीं विदेशों में भी उनके चाहने वाले हैं। रतन टाटा को लोग कितना प्यार करते हैं उसका अंदाजा इस बात से ही लगा सकते हैं कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम में उनके 85 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं।

आज हम आपको रतन टाटा और उनके सोशल मीडिया अकाउंट से जुड़ी एक हैरान करने वाली बात बताने जा रहे हैं। रतन टाटा को इंस्टाग्राम पर तो लाखों लोग फॉलो करते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि खुद रतन टाटा किसे फॉलो करते हैं। वे सिर्फ और सिर्फ एक अकाउंट को फॉलो करते हैं।

बता दें कि रतन टाटा जिस इंस्टा अकाउंट को फॉलो करते हैं वह किसी व्यक्ति का पर्सनल अकाउंट नहीं है। रतन टाटा सिर्फ टाटा ट्रस्ट इंस्टा अकाउंट को फॉलो करते हैं। टाटा ट्रस्ट की स्थापना 1919 में हुई थी। रतन टाटा फिलहाल टाटा ग्रुप की सभी जिम्मेदारियों से हट चुके हैं लेकिन वे टाटा ट्रस्ट के कामकाज को अभी भी देखते हैं और उससे जुड़े हुए हैं। रतन टाटा टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन भी हैं।

आपको बता दें कि टाटा ट्रस्ट एजूकेशन, न्यूट्रिशन, हेल्थ, पर्यावरण जैसे कई क्षेत्रों में काम करता है। रतन टाटा इस ट्रस्ट के अलावा भी कई ट्रस्ट चलाते हैं। इन सभी ट्रस्ट का सिर्फ एक ही मकसद है कि समाज में बदलाव लाकर उसे और बेहतर बनाया जा सके।

### प्रधानमंत्री मोदी ने लंदन...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

का उद्घाटन करने वाले हैं। साथ ही कर्नाटक में लगभग 16,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।

मोदी करीब 4,130 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले चार लेन मैसूरु-कुशलनगर राजमार्ग की आधारशिला भी रखेंगे। इस परियोजना से गंतव्यों के बीच यात्रा के समय को पांच घंटे से घटाकर केवल 2.5 घंटे करने की उम्मीद है।

वह बाद में कर्नाटक के उत्तरी हिस्से का भी दौरा करेंगे और 850 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित आई.आई.टी. धारवाड़ का उद्घाटन करेंगे।

मोदी हुबली रेलवे स्टेशन पर सिद्धारूढ स्वामी मंच राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जिसे ग्रिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स में मान्यता दी गई है। मंच करीब 20 करोड़ रुपये की लागत से बना है। प्रधानमंत्री धारवाड़ बहु-ग्राम जल आपूर्ति योजना की आधारशिला भी रखेंगे, जिसे 1040 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया जाएगा।

### तेलंगाना...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नीति मामले में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बयान दर्ज करने के लिए शनिवार को पूछताछ नौ घंटे तक चली थी।

मामले के संबंध में बी.आर.एस. एम.एल.सी. को 16 मार्च को फिर से तलब किया गया है। फिलहाल पोस्टर युद्ध जारी रहने की ही उम्मीद है जो फिलहाल तेलंगाना तक सीमित है।

## बजट सत्र का दूसरा चरण आज से

नई दिल्ली, 12 मार्च (वार्ता)। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण की कार्यवाही सोमवार से शुरु होगी जिसमें लंबित पड़े विधेयकों को पारित कराया जाएगा।

सत्र का दूसरा चरण छह अप्रैल तक चलेगा और इस दौरान कुल 17 बैठकें होंगी। सूत्रों के मुताबिक इस दौरान 35 विधेयक पारित कराए जाने हैं जिनमें 26 राज्य सभा और नौ लोकसभा में लंबित हैं।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के साथ ही 31 जनवरी को बज़ट सत्र शुरू हुआ था। सत्र का पहला चरण 13 फरवरी तक चला और इस दौरान कुल 10 बैठकें आयोजित हुई।

### सांसद सुधांशु...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जाते हैं, जब से मोदी सरकार आयी है लोक कल्याणकारी योजनाओं के पैसे लाभार्थियों के बैंक खाते के माध्यम से शत प्रतिशत प्राप्त हो रहे हैं। भारत में यूपीए सरकार में बम्ब ब्लास्ट व आतंकवादी हमलें होते थे, 2014 के बाद दृढ इच्छा शक्ति के कारण न कोई बम ब्लास्ट और न आतंकी गतिविधियां हो रही है। भ्रष्टाचारी जेल जा रहे हैं और उनकी सम्पत्तियां ज़ब्त हो रही है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटायी गई और अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन रहा है।

### 'शासन की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पत्रकारों से बातचीत मे कहा कि पुलवामा शहीदो की वीरंगनाओं को सहायता देने के मामले मे कांग्रेस मुख्यमंत्री गहलोत का रवैया असंवेदनशील रहा जबकि उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों ने वीरांगनाओं से मिल कर घोषणा की थी। मुख्यमंत्री को दरियादिली दिखाकर पुलवामा शहीदो की वीरांगनाओं से भी मिलना चाहिए था। जबकि गहलोत जी शहीदों की वीरांगनाओं को गुटों मे बांटकर राजनीति कर रहे हैं, जो अशोभनीय है।

वीरांगनाओं की प्रमुख मांग मे शहीदों की प्रतिमा लगाने का कार्य,स्कूलों का शहीदो के नाम पर नामकरण, गांव मे सडक का नामकरण और परिजनों में से एक को नौकरी थी जिसको सरकार के ही मंत्रियों ने जाकर सहमति प्रदान की थी। सरकार को घोषणा की गई मांग को पूरी करनी चाहिए । सरकार के मंत्रियों को झूठी घोषणा नहीं करनी चाहिए थी। सिंह ने कहा कि शासन की अकर्मण्यता से जनप्रतिनिधियों पर हमले बढ़ रहे हैं जो लोकतंत्र मे चिंताजनक है। वही इसके साथ ही साक्षी विधायक वेद प्रकाश सोलंकी, विधायक लाखन सिंह, नमो नारायण मीणा डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा से मिलने अस्पताल पहुंचे और उनकी कुशलक्षेम जानी।

### समलैंगिक...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

देने के कारण किसी मौलिक अधिकार का उल्लंघन नहीं होता है।

### नागालैण्ड में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

से समझौता करना पड़ता है, तो हम महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना (शिंदे गुट) से कैसे लड़ सकते हैं?

एन.सी.पी. के फैसले के बाद कांग्रेस और शिवसेना (यू.बी.टी.) के सदस्यों के बीच सब कुछ ठीक नहीं है, लेकिन कांग्रेस और शिवसेना (यू.बी.टी.) के शीर्ष नेतृत्व ने अपने सदस्यों से इस समय सार्वजनिक रूप से शरद पवार के खिलाफ नहीं बोलने की अपील की है। हालांकि, नागालैण्ड में भाजपा के साथ शरद पवार का गठबंधन इस तरह का पहला उदाहरण नहीं है। 2014 में, एन.सी.पी. ने महाराष्ट्र में भाजपा को समर्थन देने का वादा किया।

राज्य विधान सभा की 288 सीटों में से 122 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी भाजपा 23 सीटों से बहुमत से कम हो रही थी। भाजपा तब संभावित सहयोगी की तलाश में थी। चूंकि भाजपा और तत्कालीन अविभाजित शिवसेना ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था, इसलिए भगवा दलों में कटुता थी। शरद पवार भाजपा को बिना शर्त समर्थन देने के लिए आगे आए।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया मिलकर खोजेंगे लिथियम और कोबाल्ट के भण्डार

- **भारत ने ऑस्ट्रेलिया के साथ पांच खनिजों के उत्खनन एवं खोज का एग्रीमैंट किया।**

नई दिल्ली, 12 मार्च (वार्ता)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच लिथियम और कोबाल्ट सहित सूक्ष्म रसायनों के उत्खनन की पांच परियोजनाओं में मिल कर निदेश की दिशा में काम करने पर सहमति बनी है। सरकार ने इसे दोनों देशों के बीच सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया है। खान मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी और ऑस्ट्रेलिया की खनिज मंत्री मेडेलीन किंग ने शुक्रवार को नई दिल्ली में द्विपक्षीय वार्ता में दोनों देशों के बीच साझेदारी के तहत पांच लक्षित परियोजनाओं की पहचान की है। इनमें दो लिथियम और तीन कोबाल्ट खनन की परियोजनाएं हैं। बयान में कहा गया है कि इन परियोजनाओं पर पर विस्तारपूर्वक तत्परता से आवश्यक कार्य किया जाएगा।दोनों देशों ने सहयोग बढ़ाने और सूक्ष्म भारत-ऑस्ट्रेलिया सूक्ष्म रसायन निवेश भागीदारी के लिए अपनी मौजूदा प्रतिबद्धताओं को बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की है। बयान में कहा गया है कि प्रस्तावित परियोजनाओं के माध्यम से ऑस्ट्रेलिया में संसाधित/प्रसंस्कृत सूक्ष्म खनिजों पर आधारित नई आपूर्ति श्रृंखलाएं कायम की जाएगी। इससे भारत के कार्बन उत्सर्जन कम करने और इलेक्ट्रिक वाहनों सहित वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने की योजनाओं में मदद मिलेगी। प्रह्लाद जोशी ने कहा, भारत के उपक्रम खनिज बिदेश इंडिया लि. और सी.एम.ओ. ऑस्ट्रेलिया ने, मार्च 2022 में परस्पर समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद एक वर्ष की छोटी अवधि में मील का पहला पत्थर तय कर लिया है।

# 'कश्मीर पर फैसला लेने का हक केवल भारत और पाकिस्तान को है'

## अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा, कश्मीर मुद्दा कोई अंतर्राष्ट्रीय नहीं बल्कि दोनों देशों का आपसी मसला है

- **अमेरिका ने कहा है कि, दोनों देशों को इस मसले का कूटनीतिक बातचीत के जरिये हल निकालना चाहिये।**
- **अमेरिका ने कहा है कि, कश्मीर के मुद्दे पर वार्ता की प्रकृति क्या हो, यह दोनों देशों को ही तय करना है।**

वॉशिंगटन/नई दिल्ली, 12 मार्च। पाकिस्तान ने कश्मीर के मुद्दे को हर बड़े अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर उठाया। लेकिन उसे मुंह की खानी पड़ी है। खुद पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने यह कहकर सनसनी फैला दी कि दुनिया के देश कश्मीर पर पाकिस्तान की बात नहीं सुनते हैं। इसी बीच अमेरिका ने कश्मीर को लेकर बड़ा बयान दिया है। अमेरिका ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान को कश्मीर के मुद्दे पर आपस में मिलकर रचनात्मकता के साथ बातचीत करना चाहिए। अमेरिका के प्रेसीडेंट जो बाइडन प्रशासन ने कहा कि अमेरिका, भारत और पाकिस्तान के बीच सार्थक और रचनात्मक कूटनीति हो, इसका समर्थन करता है। इस बारे में अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस से पूछा गया तो उन्होंने अपने जवाब में कहा कि कश्मीर के मुद्दे पर वार्ता की प्रकृति क्या हो, यह दोनों देशों को ही तय करना है। इस तरह अमेरिका ने यह साफ कर दिया है कि कश्मीर मुद्दा अन्तर्राष्ट्रीय नहीं बल्कि दोनों देशों का मुद्दा है, जिसे दोनों देश कूटनीतिक पहल के साथ सॉल्व कर सकते हैं।

हालांकि नेड प्राइस ने कहा कि, यदि दोनों देश चाहें तो अमेरिका भूमिका निभाने के लिए तैयार है। प्राइस ने हालांकि, भारत और पाकिस्तान के बीच वार्ता में अमेरिका के किसी भी तरह से मध्यस्थ की भूमिका निभाने की संभावनाओं से इंकार कर दिया।

नेड प्राइस ने मीडिया ब्रीफिंग में कहा, इस संबंध वे (भारत और पाकिस्तान) खुद ही फैसला कर सकते हैं। अगर वे चाहें, तो अमेरिका कोई विशेष भूमिका निभाने का तैयार है। प्राइस से पूछा गया, विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिका के पास दोनों भागीदारों के बीच मध्यस्थता करने की शक्ति व अधिकार है।

पाकिस्तान और भारत आपके साझेदार हैं, तो आप एक मध्यस्थ की भूमिका क्यों नहीं निभाते? इसके जवाब में उन्होंने कहा, अंततः अमेरिका उस प्रक्रिया को निर्धारित नहीं करता, जिसके तहत भारत और पाकिस्तान एक दूसरे से वार्ता करें। हम लंबे समय से चले आ रहे संघर्षों को हल करने के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच रचनात्मक बातचीत तथा सार्थक कूटनीति का समर्थन करते हैं।

एक अन्य सवाल के जवाब में प्राइस ने कहा कि भारत, अमेरिका का एक वैश्विक रणनीतिक साझेदार है।

'राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908